

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, मंगलवार 7 फरवरी 2023 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष -2 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-309 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 8 फरवरी 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### नोएडा में छग पुलिस पर अपहरण का केस दर्ज

**रायपुर,7 फरवरी।** छत्तीसगढ़ पुलिस पर उत्तर प्रदेश के नोएडा में अपहरण का केस दर्ज किया गया है। नोएडा के सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के एलेस्टोनियो अपार्टमेंट के फ्लैट से ऑनलाइन सट्टा लगवाने के आरोप में 9 लोगों को गिरफ्तार करने वाले छत्तीसगढ़ के पुलिसकर्मियों पर किडनैपिंग का केस दर्ज किया गया है। दरअसल छत्तीसगढ़ की दुर्ग पुलिस ने सूरजपुर कोतवाली पुलिस (नोएडा) को सूचना दिए बिना ही शनिवार को कार्रवाई की थी। सोमवार को पुलिस ने सोसाइटी के मेंटेनेंस मैनेजर की शिकायत पर केस दर्ज किया है। दुर्ग पुलिस ने 9 सटोरियों को वहां से गिरफ्तार किया था। ये सभी लोग उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में लायन बुक-15 नाम से 5 पैनल संचालित कर रहे थे। पुलिस की छापेमारी से पहले ही इनका मास्टर माइंड सोनू फरार हो गया था।

### भाजपा विधायक विद्यारतन भसीन की तबीयत बिगड़ी

**दुर्ग,7 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के भाजपा विधायक विद्यारतन भसीन की अचानक तबीयत बिगड़ गई है. भसीन कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं होने पर उन्हें रायपुर के निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया. इस दौरान सीएम भूपेश बघेल और पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह समेत तमाम नेताओं ने उनका हालचाल जाना है. भाजपा विधायक को यूरिन इंफेक्शन और न्यूरो सम्बंधित बीमारी की वजह से रामकृष्ण केयर अस्पताल रायपुर के आईसीयू में भर्ती कराया गया है. इसकी सूचना भाजपा कार्यकर्ताओं को मिलते ही अस्पताल पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया.

वहीं अब उनकी तबियत में सुधार न होने पर डॉक्टरों की सलाह पर एयर एंबुलेंस से गुड़गांव मेदांता हास्पिटल ले जाने की तैयारी की आज रही है, जिसके लिए परिजनों भी मंजूरी दी हैं.सीएम भूपेश बघेल ने भी परिजनों से चर्चा कर उनका कुशलक्षेम जाना है। पूर्व सीएम डॉक्टर रमन सिंह, एवं भाजपा विधायक भी परिजनों से सम्पर्क में हैं. डॉक्टरों के अनुसार 75 वर्षीय विधायक भसीन लोगों को पहचान नहीं पा रहें हैं. भाजपा जिला भिलाई अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया सहित कई नेताओं ने परिजनों से बात की है. भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया ने बताया कि विधायक वैशाली नगर की तबीयत ठीक नहीं है, भाजपा अध्यक्ष के अनुसार उन्हें बेहतर इलाज के लिए गुड़गांव के मेदांता अस्पताल ले जाने के संबंध में परिजन सहमत हैं.

### बीजेपी ने जम्मू-कश्मीर को अफगानिस्तान बना दिया : महबूबा

**श्रीनगर,7 फरवरी।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता महबूबा मुफ्ती ने कहा कि भाजपा ने चल रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत गरीबों के घरों को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल कर जम्मू-कश्मीर को अफगानिस्तान में बदल दिया है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम ने कहा कि बुलडोजरों की वजह से आज कश्मीर आपको अफगानिस्तान जैसा दिखेगा। मुफ्ती ने यह भी कहा कि भाजपा के शासन में जम्मू-कश्मीर की आर्थिक स्थिति खराब हुई है।

उन्होंने कहा, 'जम्मू-कश्मीर ही एक ऐसा राज्य या केंद्र शासित प्रदेश था, जहां लोग सड़क पर नहीं सोते थे, जहां लोग मुफ्त राशन के लिए लाइन में खड़े नहीं होते थे.

# भूपेश बघेल ने खोली केंद्र सरकार की पोल

## कहा-यूपीए सरकार ने समर्थन मूल्य में 134 प्रतिशत का किया था इजाफा

**रायपुर 7 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

किसानों को लेकर केंद्र सरकार कितनी गंभीर हैं, इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आकड़ो के साथ यूपीए और एनडीए सरकार की तुलना की हैं। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर बताया हैं कि केंद्र में यूपीए की सरकार ने हमेशा ही किसानों की बेहतरी की सोंचा और अपने 9 साल में धान के समर्थन मूल्य में 134 प्रतिशत का इजाफा किया गया। वही केंद्र में एनडीए की सरकार ने 9 वर्षो में धान के समर्थन मूल्य में महज 55 फीसदी ही इजाफा किया गया, जो कि किसानी विरोधी हैं। गौरतलब हैं कि केंद्र सरकार हमेशा से ही किसानों के नाम पर राजनीति करती आई हैं। इस वर्ष भी वित्त मंत्री ने बजट में कृषि क्षेत्र के विस्तार के लिए बजट दिया गया। लेकिन किसानों की आय में वृद्धि को लेकर कोई बड़ा फैसला नही लिया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज ट्वीट कर यूपीए और एनडीए की सरकार में किसानों के लिए किये गये कार्यो का आकड़ा पेश किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र में वर्ष 2004:05 से वर्ष 2013-14 तक 9 वर्षो में धान का समर्थन मूल्य 560 रूपये प्रति क्वींटल से बढ़ाकर 1310 रूपये प्रति क्वींटल किया गया। जो कि 134 प्रतिशत का इजाफा हैं। वही केंद्र में 2014-15 से 2022-23 तक एनडीए की सरकार ने 9 वर्षो में धान के समर्थन मूल्य पर 730 रूपये से बढ़ाकर 2040 रूपये प्रति क्वींटल किया गया, जो कि महज 55 प्रतिशत का इजाफा हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दोनों सरकार के कार्यकाल के आकड़ो से तुलना करते हुए एक बार फिर केंद्र सरकार की किसान हितैषी निति के दावों की पोल खोल दी हैं।



राजिम। यहां माघी पूर्णिमा से जारी मेला में मुख्य मंच पर प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

# 3000 मुर्गियों की मौत से हड़कंप

**बालोद,7 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

बालोद जिले में अचानक 3 हजार मुर्गियों की मौत से हड़कंप मच गया है. पोल्ट्री फार्म संचालक द्वारा मामले को दबाते हुए पशु विभाग और प्रशासन को बिना जानकारी दिए डिस्पोज किया जा रहा था. पत्रकारों द्वारा मामला उजागर करने से बौखलाए पोल्ट्री फार्म संचालक ने मीडिया कर्मी से बदतमीजी की. पशु विभाग की टीम ने मुर्गियों का पोस्टमार्टम कर जांच के लिए सैंपल भेजा है. दरअसल, पूरा मामला जिले के दल्ली राजहरा नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 16 का है. जहां तिवारी पोल्ट्री फार्म में 2 फरवरी से 1560 मुर्गियों के साथ मौत का सिलसिला जारी हुआ. जहां 6 फरवरी तक 3 हजार से अधिक मुर्गियों की मौत हो गई. मामले को लेकर पशु विभाग के उपसंचालक से फोन पर चर्चा कर जानकारी ली गई, तो उन्हें पोल्टी फॉर्म में मुर्गियों की मौत की कोई जानकारी नहीं थी, जिसके बाद पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंच मुर्गी का पोस्टमार्टम कर सैंपल जांच के लिए ले जाया गया, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद मौत का स्पष्ट कारण पता चल पाएगा. जिसे सम्बन्ध में मीडिया द्वारा पशु उपसंचालक से सवाल किए जाने पर संचालक के खिलाफ कार्रवाई होने का अंदेशा जता खानापूर्ति करते नजर आया.हैरान करने वाली बात तो यह है कि इतनी भारी तदाद में मुर्गियों की मौत के बाद भी पोल्टी फार्म संचालक ने पशु विभाग और प्रशासन को बिना कोई सूचना दिए डिस्पोज कर रहा था, जिसकी सूचना मीडिया कर्मी द्वारा पशु विभाग व प्रशासन को दे स्टोरी कवरेज करने गए. जहां मामला उजागर होने से बौखलाए पोल्ट्री फार्म संचालक ने मीडिया कर्मियों और पत्रकारों के साथ बदतमीजी कर दी, जिसकी सूचना पत्रकारों द्वारा पुलिस और प्रशासन को दिए जाने के बाद पुलिस पेट्रोलिंग की टीम मौके पर पहुंची.



# अंततः मौली माता को मिला स्थान

## 6 माह के भीतर बनेगा भव्य मंदिर : ढेबर



**रायपुर, 7 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

तेलीबांधा तालाब के किनारे स्थित ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व के पुत्रदायिनी मौली माता मंदिर फिर से अस्तित्व में आएगा। इस मंदिर को 12 वर्ष पूर्व भाजपा शासन के कार्यकाल में कलेक्टर ओपी चौधरी के नेतृत्व में तोड़ दिया गया था। मंदिर को तोड़कर इस स्थान को व्यवसायिक स्थल बना दिया गया था। अब यूको बैंक के सामने स्थित जमीन पर 6 माह के भीतर मौली माता मंदिर का निर्माण कर दिया जाएगा। यह जानकारी आज महापौर एजाज ढेबर ने पत्रकारों को दी। उन्होंने कहा कि इस मंदिर को तोड़ा नहीं जाना चाहिए था क्योंकि मौली माता से राजधानी की आस्था जुड़ी हुई है। मंदिर में रोज सैकड़ों लोगों की भीड़ जुटती थी। मंदिर को तोड़कर मौली माता की प्रतिमा को हटाकर लोगों की आस्था पर चोट पहुंचाई गई थी। मौली माता की नाराजगी का ही नतीजा था कि भाजपा सत्ता से बेदखल हो गई। ढेबर ने कहा कि मंदिर का निर्माण भव्य ढंग से किया जाएगा तथा सभी मूर्तियों को विधि-विधान से यहां स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भाजपा शासन में भी मौली माता के लिए स्थान आबंटित करने के लिए सभी लोगों ने लड़ाई लड़ी थी लेकिन उस समय की सरकार ने कुछ नहीं किया था। इस मंदिर के लिए पत्रकार संतोष साहू ने भी लंबी लड़ाई लड़ी थी तथा उस समय के मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से भी मुलाकात की थी। साहू ने वर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भी मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा था। बघेल ने उन्हें मंदिर बनवाने का भरोसा दिलाया था।

# राहुल बोले- योगी आदित्यनाथ ठग हैं

**नई दिल्ली,7 फरवरी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ठग कह दिया। राहुल ने सोमवार को दिल्ली सामाजिक संगठनों से बातचीत के दौरान यह बात कही। कॉन्सिट्यूशन क्लब में हो रही इस मीटिंग में स्वराज इंडिया के चीफ योगेंद्र यादव भी मौजूद थे। मीटिंग के दौरान राहुल गांधी से क्क की हालात पर सवाल किया गया। इस पर राहुल ने जवाब दिया कि कोई भी धर्म उत्तर प्रदेश में हिंसा को बढ़ावा नहीं दे रहा है। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी भाषा के चलते धार्मिक नेता नहीं कहे जा सकते। सिर्फ भगवा पहन लेने से कोई धार्मिक नेता नहीं हो जाता। माफी चाहूंगा, लेकिन आदित्यनाथ कोई धार्मिक नेता नहीं, बल्कि सामान्य से ठग हैं। भाजपा उत्तर प्रदेश में अधर्म फैला रही है।

भारत जोड़ो यात्रा खत्म होने के बाद 31 जनवरी को राहुल बहन प्रियंका के साथ जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में बने खीर भवानी मंदिर में पूजा करने भी गए थे। राहुल से सवाल हुआ कि क्क में जो धर्म की आंधी चल रही है, उस पर क्या कहेंगे। उन्होंने जवाब दिया- उत्तर प्रदेश में धर्म की आंधी नहीं है। मैंने इस्लाम पढ़ा, ईसाई धर्म पढ़ा, बौद्ध धर्म पढ़ा, हिंदू धर्म जानता हूं। कोई भी धर्म नफरत फैलाने को नहीं कहता है। जैसे ही कोई तपस्या करना बंद कर देता है, वह भ्रम की स्थिति में चला जाता है। कांग्रेस तपस्वियों की पार्टी है, भाजपा और संघ इसके उलट चलती हैं। भारत जोड़ो यात्रा पहला और छोटा कदम है। आगे हम ऐसी और भी कोशिशें करेंगे। योगी आदित्यनाथ ने कुछ दिन पहले कई टीवी चैनल को इंटरव्यू दिया था। इसमें योगी आदित्यनाथ ने कहा था, ÷विपक्ष में राहुल गांधी जैसे नेता भाजपा का काम आसान बना रहे हैं। वो वाकई भाजपा के लिए अनुकूल माहौल तैयार कर रहे हैं। कांग्रेस 1947 से देश को जाति-धर्म के नाम पर बांट रही है। जब योगी से पूछा गया कि क्या भारत जोड़ो यात्रा से राहुल के व्यक्तित्व को कोई फायदा होगा?

# छग का बजट होगा धमाकेदार

**रायपुर,7 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

खाद्य मंत्री अमरजीत ने छत्तीसगढ़ सरकार के आगामी बजट को लेकर कहा कि इस बार का बजट धमाकेदार होने वाला है. 107 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई. 25 हजार करोड़ रुपए किसानों के पॉकेट में गया है. बजट का आकार भी वैसा ही होगा. कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने मोहन भागवत व शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के बयान पर कबीर का दोहा 'ऐसी वाणी बोलिए, मन का आपा खोये. औरन को शीतल करे, आपहुं शीतल होए.' उद्धृत करते हुए कहा कि हमेशा दूसरे भावना का ख्याल रखना चाहिए, सम्मान करना चाहिए. उन्होंने कहा कि सब की भावना का ध्यान रखेंगे तो हिंदुस्तान मजबूत होगा, समूह विशेष को लेकर चलेंगे तो कड़वाहट आएगी. सूरजपुर में टीएस बाबा के बयान को लेकर भगत ने कहा कि जन सेवा ही जनार्दन सेवा है. जब हमे निर्देश और जिम्मेदारी मिलती है तो अंतिम में वोटर्स के पास ही जाते हैं. वोटर्स ही अवसर और आशीर्वाद देने का काम करते हैं. छोटी-मोटी बात को किनारा करते हुए हमको इस बात को सार्वजनिक नहीं करना चाहिए. अगर ऐसी कुछ बात है तो पार्टी प्लेटफार्म के अंदर होनी चाहिए. घर की बात को बाहर करना सही नहीं. आपस में कुछ बात है तो बैठ कर बात कर लेंगे.



देश के 11 राज्यों में 20 फीसदी इथेनाल मिक्स वाले पेट्रोल की बिक्री शुरू होने पर मंत्री भगत ने कहा कि इसकी शुरुआत छत्तीसगढ़ से हुई थी. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पीएम, पेट्रोलियम मंत्री ,कृषि मंत्री को पत्र लिखकर इसकी अनुमति मांगी थी, लेकिन केंद्र ने अनुमति नहीं दी. अब इसकी शुरुआत हुई तो अच्छी बात है, इससे ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, लोगों को लाभ मिलेगा.

केंद्रीय योजनाओं को लेकर आम लोगों से भाजपा की चर्चा को लेकर खाद्य मंत्री ने कहा कि रेल बंद करने को लेकर कंपटीशन हो रहा है. आप देश को किस दिशा में ले जा रहे हैं? पाकिस्तान और चाइना के मुद्दे के समाधान के लिए इनके कोई कारगर उपाय नहीं. केवल हिंदू-मुस्लिम कहकर लोगों की आंखों में धूल झोंकने का काम कर रहे हैं. मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य की योजनाओं को पीएम ने सराहा है. आप मीटिंग कर लीजिए, सम्मेलन कर लीजिए, इससे कुछ होना वाला नहीं है. जब प्यासे को पानी पिलाया नहीं बाद अमृत पिलाने से क्या फायदा. बीजेपी ने 15 साल खूब मौज किए. खाड़ी से डीजल मिलेगा ये सोचकर बीजेपी ने लोगों को ठग लिया. सपना दिखाया कि जमीन में सड़क नहीं स्काईवॉक बनेगा लोग ऊपर से चलेंगे.

### डॉ. रमन एसटी-एससी,ओबीसी व ईडब्लूएस विरोधी: सीएम

**रायपुर,7 फरवरी।** आरक्षण मामले में रमन सिंह के ट्वीट पर सीएम भूपेश बघेल ने पलटवार किया है. सीएम बघेल ने कहा, डॉ रमन सिंह को स्मृति लोप हो गया है. पहले 56% नहीं 58%आरक्षण का प्रावधान था. वर्तमान में 82 नहीं 76% आरक्षण का प्रावधान है. विधानसभा में चर्चा हुई तो डॉ. रमन सिंह ने विरोध क्यों नहीं किया. डॉ. रमन सिंह एससी-एसटी, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस के विरोधी हैं. डॉ. रमन सिंह सोच रहे मैं काना हो जाऊं तो सभी काना हो जाएं. वहीं सीएम बघेल ने मोहन भागवत के जातिवाद वाले बयान को लेकर तंज कसा है. सीएम बघेल ने कहा, एक तरफ मोहन भगावत कहते हैं जातिवाद पंडितों ने बनाई. वहीं प्रधानमंत्री कहते हैं हिंदू कोई धर्म नहीं. बहुत लोग एफआईआर कराते थे, मेरे पिताजी के खिलाफ एफआईआर भी हुई. हमने तो उन्हें जेल भी भेजा. अब वो तथाकथित संगठन चुप क्यों हैं.

# धान खरीदी पर अजय का सरकार से सवाल

**रायपुर,7 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**



पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने धान खरीदी के मुद्दे पर कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि 107 क्विंटल धान खरीदी का आज बड़ा-बड़ा विज्ञापन दिया गया है. छत्तीसगढ़ के आर्थिक सर्वे में 40 लाख किसान है. 25 लाख किसानों का धान खरीदा गया है, बाकियों के धान क्यों नहीं खरीदे गए. पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने मंत्री अमरजीत भगत के बयान पर कहा कि हमारे पास मुद्दे है कि नहीं, इसकी चिंता कांग्रेस को नहीं करना चाहिए. 23 साल के इतिहास में सबसे छोटा बजट सत्र बुलाया गया है. हिम्मत है तो विधानसभा का सामना करें भाग क्यों रहे हैं? लोकतंत्र में आंदोलन को लिमिटेड किया जाना चाहिए क्या?

स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव देव के बयान पर अजय चंद्राकर ने कहा कि पूरे विषय में दो बातें हैं - कांग्रेस वाले सही काम करते नहीं या सही काम आता नहीं. जो काम कांग्रेस को आता है, उस पर जन सुनवाई हो रही है. रेती चोरी, लेवी वसूली, गांजा तस्करी, नशा, तस्करी अच्छे से चल रही है. ऑनलाइन सट्टा भी ठीक चल रहा है. अवैध वसूली भी ठीक चल रही है. और कितनी सुनवाई होगी.

पुरखौती मुक्तांगन में कांग्रेस के महाधिवेशन की सभा पर पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने आपत्ति जताते हुए कहा कि दुनिया के किसी भी संग्रहालय में राजनीतिक अधिवेशन नहीं होता. इसका पूर्ण विरोध होना चाहिए. वहां पर गंदगी और तोड़फोड़ होगी. पुरखौती मुक्तांगन को देश के सबसे बड़े मानव संग्रहालय बनाने की कल्पना की थी. पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस की एकमात्र एटीएम छत्तीसगढ़ सरकार है. अवैध कमाई से अधिवेशन का परिणाम अच्छा नहीं होगा. कांग्रेस के प्रभारी महासचिव केसी वेणुगोपाल के गेम चेंज वाले बयान पर उन्होंने कहा कि भीड़ जुटाने से कौन सा गेम चेंज होता है. जितने कांग्रेसी आ रहे हैं, उनकी अपने राज्य में स्थिति दिख गई है. उनके आने से गेम चेंज हो जाएगा! पहले अपने राज्य का गेम चेंज कर ले फिर यहां गेम चेंज करेंगे.

## डेविस कप- 2023, विश्व चैंपियनशिप जिसे हर कोई चाहता है जीतना

# नई पीढ़ी की शुरुआत रही निराशाजनक

**जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

इस प्रतियोगिता के आयोजन में बड़ा बदलाव किया गया है। अब यह जिस वर्ष आयोजित उसी वर्ष इसका समापन होगा। 1900 से आरंभ यह चैंपियनशिप टेनिस की सबसे प्रतिष्ठित मुकाबला है। यह पुरुष टीम स्पर्धा है जिसमें विभिन्न देशों की टीम भाग लेती है। डेविस कप स्पर्धा के लिए 2019 तय की गई नई पद्धति में पिछले वर्ष 2022 की फायनल में भिड़ने वाली दो टीम कनाडा व आस्ट्रेलिया को सीधे तथा वाइल्ड कार्ड द्वारा इटली व स्पेन दो टीम को 2023 की स्पर्धा के लिए सीधे प्रवेश दिया गया है। इनके अलावा फरवरी 2023 में 24 टीम के बीच भिड़ंत हुई। 3 फरवरी से 26 नवम्बर 2023 के मध्य 2023 के डेविस कप विजेता बनने की जोर आजमाईश जारी रहेगी। इस चैंपियनशिप के प्रारूप में 2019 में लाये गये बदलाव के अनुसार 18 सर्वश्रेष्ठ देशों की टीम को विश्व समूह में रखा जाता है। पूरी दुनिया को टेनिस के लिए तीन क्षेत्र अमेरिकास, एशिया/ओसिआनिया तथा यूरोप/अफ्रीका में बांटा गया है। अब डेविस कप में पांच मुकाबलों अर्थात् चार एकल एक युगल के आधार पर 3-0 की अजेय बढ़त लेने वाली टीम अगले दौर में प्रवेश दिया जाता है। विगत 03 से 04 फरवरी को प्ले आफ राउंड में डेनमार्क के रायल स्टेज हीलरॉड में भारतीय डेविस कप टीम की भिड़ंत डेनमार्क से हुई इसमें डेनमार्क की टीम हने भारत को 3-2 से पराजित कर दिया। हमारे देश की तरफ से टीम में प्रजनेश गुणेश्वरन, रामकुमार



रामानाथन, सुमित नागल, यूकी भांबरी, रोहन बोपन्ना थे जबकि टीम के कप्तान रोहित राजमाल थे। पहले मैच में यूकी भांबरी डेनमार्क के होल्गर रुने से 6-2, 6-2 से हारे। दूसरे मैच में सुमित नागल अगस्त होलम्ग्रेन से 4-6, 6-3, 6-4 से पराजित किया। तीसरे मैच में युकी भांबरी, रोहन बोपन्ना की जोड़ी जोहंस इनगिलडेशन, होल्गर रुने से सीधे सेट में 6-2, 6-4 से पराजित हुए। चौथे मैच में समित नागल 5-7, 3-6 से होल्गर रुने से जबकि पांचवे मैच में प्रजनेश गुनेश्वरन अपने प्रतिद्वंद्वी एल्मर मोईल्लर से 4-6, 6-7 से मात खा गये। इस तरह हमारे खिलाड़ी अभी युवा हैं लेकिन अनुभव की कमी है। अभी और मेहनत की जरूरत है। बड़े टूर्नामेंट में प्रतिभागी पर जीत का दबाव होता है लेकिन डेनमार्क जैसी टीम के आगे हमारी टीम पूरी तरह बिखर गई। यूकी भांबरी, रोहन बोपन्ना को छोड़ दे तो बाकी खिलाड़ी भारत की ओर से लंबे समय तक टेनिस खेल सकते हैं। भारत की इस तरह की शिकस्त ने भारतीय टेनिस के भविष्य के लिए कई प्रश्न छोड़े हैं। डेविस कप में भारत का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा है। 1966, 1974, 1987 में तीन बार हमारी टीम उपविजेता थी। लिएंडर पेस, रामानाथन कृष्णनन, महेश भूपति, विजय अमृतराज, महान टेनिस खिलाड़ी रहे हैं। फिलहाल भारत को 7 मार्च 2022 के अनुसार 25वीं विश्व वरीयता प्राप्त है। भारत ने 1921 में पहली बार डेविस कप स्पर्धा में भाग लिया था। लिएंडर पेस ने भारत की तरफ से 30 वर्षों तक डेविस कप खेला है। इस तरह भारत की आने वाली पीढ़ी के लिए डेनमार्क के हाथों पराजय से सबक लेने का समय है। कड़ी मेहनत, लगातार अभ्यास से सफलता अवश्य मिलेगी लेकिन अभी इंतजार करना होगा।

# 108 एम्बुलेंस में स्टाफ ने कराया सफल प्रसव

**फरसगांव,7 फरवरी।** ग्रामीण अंदरुनी क्षेत्र में गर्भवती की अस्पताल पहुंचने से पहले ही सुरक्षित डिलेवरी हुई । जिले के केशकाल विकासखंड के ग्राम सवाला निवासी गर्भवती दिनेश्वरी यादव उम्र 30 वर्ष पति गणेश यादव को प्रसव पीड़ा हो रही थीं। गर्भवती को 108 एम्बुलेंस से सुबह करीबन 9 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव लेकर आ रही थी, लेकिन गर्भवती की अस्पताल पहुंचे ही एंबुलेस में डिलेवरी हो गई, 108 के ईएमटी सुल्की कश्यप ने सुरक्षित प्रसव करवाया । गर्भवती महिला प्रसव पीड़ा से तड़प रही थी और हॉस्पिटल पहुंचने में देरी हो रही थी। महिला और बच्चे की जान बचाने के लिए 108 एंबुलेंस स्टाफ ईएमटी सुल्की कश्यप एवं पायलट सिरिल मसीह ने अस्पताल के सामने ही एंबुलेश वाहन में ही सुरक्षित प्रसव कराया। जच्चा-बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है। मरीजों के साथ आ रहे परिजन भी कुछ समय के लिए चौंक गए थे कि अब क्या होगा ! लेकिन 108 एम्बुलेंस स्टाफ ने सही समय पर मानवता का परिचय दिया और डिलेवरी नार्मल तरीके से हो गई। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव में जच्चा-बच्चा को भर्ती कराया गया महिला के परिजनों द्वारा 108 एंबुलेंस स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए उनकी की सराहना की।



## एक नजर

### काव्य गोष्ठी में साहित्यकारों ने किया अपनी रचना का पाठ



**भिलाई, 7 फरवरी।** अभिभाषक साहित्य संसद दुर्ग द्वारा वसंतोत्सव काव्य गोष्ठी का आयोजन विगत दिनों सेक्टर-8 गार्डन में क्या गया। जहाँ सरस्वती वंदना पश्चात साहित्यकारों ने रचना-पाठ किया। उक्त गोष्ठी में अभिभाषक साहित्य संसद के सदस्यों के अतिरिक्त अंचल के सुप्रसिद्ध साहित्यकारगण भी उपस्थित थे। गोष्ठी की अध्यक्षता अभिभाषक साहित्य संसद के अध्यक्ष आरएस यादव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में के एल तिवारी ने अपनी उपस्थिति दी तथा विशेष अतिथि के रूप में टीएल चौधरी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव श्रीमती कंचनबाला एवं उपाध्यक्ष योगेश पांडेय द्वारा किया गया। सुप्रसिद्ध कहानीकार शिवनाथ शुक्ल ने अभिभाषक साहित्य संसद की साहित्यिक गतिविधियों को स्तुत्य बताते हुए न्याय व्यवस्था के आलोक में समकालीन साहित्य पर प्रकाश डाला। समस्त साहित्यकारों ने बसंत ऋतु पर काव्य-पाठ कर वातावरण को वासंती बना दिया। इसके अतिरिक्त ग़ज़ल गीत मुक्तक व छंदों की विधा पर भी काव्य-पाठ किया गया। सचिव श्रीमती कंचनबाला ने वसंत ऋतु पर आलेख पाठ किया। संगोष्ठी में हाजी रियाज खान गौहर, डॉ. नौशाद सिद्दीक़ी, ओमवीर करन, टीआर कोसरिया, राजेश महाडिक, सुधीर तिवारी, प्रशांत जोशी, गुलाम नबी, श्रीमती विजय गुप्ता, श्रीमती वर्षा जैन, सोनिया सोनी, अनुराधा बक्शी, मोहम्मद अबू तारीक, रविशंकर सिंह, पुष्पलता साहू, लक्ष्मण ललखेर, श्रीमती योगिता ललखेर, श्रीमती रमा श्रीवास्तव, सीमा साहू, समीर त्रिपाठी, अरुणा जैन, श्रीमती कमल वर्मा आदि ने अपनी रचनाओं का पाठ कर कार्यक्रम को सफल बने। संस्था की सचिव श्रीमती कंचनबाला ने आभार प्रदर्शन किया।

### नव पदोन्नत मुख्य महाप्रबंधकों को पदोन्नति आदेश वितरित



**भिलाई, 7 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने 6 फरवरी को मुख्य महाप्रबंधक के पद पर पदोन्नत होने वाले अधिकारियों को पदोन्नति आदेश वितरित करने हेतु निदेशक प्रभारी के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नव पदोन्नत मुख्य महाप्रबंधकों को पदोन्नति आदेश वितरित करने हेतु आयोजित इस कार्यक्रम में संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एम एम गद्रे, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक डॉ ए के पंडा, कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त सेफी चेयरमेन एवं ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एन के बंछोर विशेष रूप से उपस्थित थे। नव पदोन्नत मुख्य महाप्रबंधकों में शामिल हैं ए के जोशी, ए शंकर, डी के बंदोपाध्याय, जी पी सिंह, एच के पाठक, जितेन्द्र कुमार, के सी मिश्रा, मुनीश कुमार गोयल, पी एच शर्मा, पंकज पुरी, प्रदीप कुमार मिश्रा, प्रणय कुमार, आर बी गहरवार, आर. जी. दलाल, राकेश जोशी, सुधीर कुमार, सुश्री सुष्मिता डे, तथा मेडिकल विभाग से डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर, डॉ. राजीव पाल एवं डॉ. विनिता द्विवेदी। जिसमें से 6 मुख्य महाप्रबंधक सेल की दूसरे इकाइयों में स्थानान्तरित किये गए हैं।

### बाइक फिसलने से घायल युवक की मौत



**भिलाई, 7 फरवरी।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र ग्राम अरसनारा से अपने गांव बासीन जाते समय एक बाइक सवार युवक फिसल कर गिर गया हादसे में सवार युवक के सिर पर गंभीर चोट लगी उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई नंदिनी पुलिस ने प्राथमिकी कर जांच शुरू की है नंदिनी टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि ग्राम बासीन निवासी रामदेव सोनवानी (18) अपनी बाइक से अरसनारा से वापस अपने गांव लौट रहा था रास्ते में उसकी बाइक पुलिया के पास अनियंत्रित होकर गिर गई उसके सिर पर चोट लगी उसे पावर हाउस स्थित एसबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां कुछ ही घंटे में उसकी मौत हो गई

# मेले में परिवार से बिछड़े बच्चों को पुलिस ने कुछ देर में ही ढूंढ कर परिवार को सौंपा

■ पुलिस टीम की इस तत्परता के लिए परिजनों ने की प्रशंसा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,7 फरवरी।** कबीरधाम जिले के ग्राम डोंगरिया और झिरना के माघी पुन्नी मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीण, बच्चे व महिलाएं पहुंचे। ग्राम डोंगरिया और झिरना के माघी पुन्नी मेले के अवसर पर श्रद्धालुओं की संख्या और भी अधिक रही। इसी दौरान 12 बच्चे अपने परिवार से भीड़ में बिछड़ गए। इसके बाद कबीरधाम पुलिस की टीम ने तत्परता दिखाते हुए कुछ ही देर में बच्चों को ढूंढ कर परिजनों को सकुशल सौंपा। पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे के मार्गदर्शन में मेला स्थल में पुलिस कंट्रोल रूम बनाया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे ने बताया कि ग्राम डोंगरिया और झिरना के मेला में अत्याधिक भीड़ थी, इसी दौरान ये 12 बच्चे अलग-अलग समय में अपने परिवार के सदस्यों से बिछड़ गए। जिसमे 1 बच्चा महज 1 साल 6 माह का था। इसकी सूचना तत्काल परिजनों ने मेला स्थल में बने पुलिस कंट्रोल रुम को दी। इसके बाद कबीरधाम पुलिस की टीम ने बिछड़े बच्चों को ढूंढने के लिए पतासाजी व पेट्रोलिंग शुरू की। पुलिस की टीम ने कुछ ही देर में सभी बच्चों को ढूंढ कर उनके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस टीम की इस तत्परता से परिजनों ने प्रशंसा भी की। एएसपी श्रीमती मनीषा ठाकुर ने बताया कि इस आयोजन से गुड फैक्ट्री लगभग बंद रहता है। उन्होंने बताया कि गुड फैक्ट्री के मजदूर भी मेला घूमने आए थे। इस दौरान एमपी, यूपी से आए मजदूरों के बच्चे जो मेला घूमने आए थे, जो अपने साथियों से बिछड़ गए थे। बिछड़े हुवे बच्चो एवं लोगो को कबीरधाम पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग गाड़ी से गंतव्य स्थान तक छोड़ा गया।

**मेला स्थल में चलाया जन जागरूकता अभियान**

पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे के मार्गदर्शन में मेला स्थल में कबीरधाम पुलिस द्वारा महिला, बच्चों संबंधी अपराध, नशा-मुक्ति, सायबर संबंधी अपराध, यातायात नियमों का पालन करने संबंधी विषय पर जागरूकता अभियान भी चलाया। पुलिस जवानों ने मेला स्थल में बच्चों संबंधी अपराध, नशा-मुक्ति, सायबर संबंधी अपराध, यातायात नियमों को मेला घूमने आए बच्चों, महिलाओं और ग्रामीणों को विस्तार से समझाया।

# मजदूरी करने आई नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने वाले को पुलिस ने 4 घंटे में गिरफ्तार कर भेजा जेल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 7 फरवरी।** दिनांक 6 फर्वरीब ,2023 को प्रार्थीया चौकी पोड़ी हाजीर आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज करायी की दिनांक 5, फरवरी 2023 को दोपहर 3-30 बजे पीड़िता जुग्गी में अकेले सो रही थी उसी समय उसी गुड़ फैक्ट्री में काम करने वाला राजू हरिजन नामक व्यक्ति जुग्गी अंदर घुस कर नाबालिक जानते हुए पीड़िता के हाथ बांह को पकड़कर छेड़खानी करने की नियत से चलो साथ बोलकर हाथ को खींच रहा था विरोध करने पर हाथ झापड़ से बाएं गाल को मारपीट करना और उसके चुनरी को खींच कर नीचे फेंक देना और बीच बचाओ करने आये उसे भी धक्का-मुक्की करना तथा उसकी छोटी बहन को भी मारपीट करना बताने की रिपोर्ट पर चौकी पोड़ी थाना बोड़ला में अपराध क्रमांक 33 / 23 धारा 354, 452, 323 भादवी 8 पास्को एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया । *मामला महिला संबंधी अपराध होने से श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ लाल उमेद सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे द्वारा आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने आदेश मिलने पर श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला श्री जगदीश उईके थाना प्रभारी बोड़ला श्री व्यासनारायण चुरेन्द्र के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी पोड़ी उप निरीक्षक नवरत्न कश्यप द्वारा आरोपी राजू कुमार हरिजन पिता नरेंद्र कुमार उम्र 25 साल निवासी कुलशठ थाना देवबंद जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश से पूछताछ किया गया आरोपी द्वारा धारा सदर का अपराध घटित करना स्वीकार करने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गयाइस कार्यवाही में उपनिरीक्षक नवरत्न कश्यप, भुवनेश्वरी साहू ,सउनि राजकुमार चंद्रवंशी, प्रआ लवकेश खरे, आरक्षक रामझूल , अनिल साहू महिला आरक्षक मंजू निर्मलकर का सराहनीय योगदान रहा।

### एसएमएस-3, आरएमपी-3 तथा कोक ओवन बैटरी-11 के बीपीटीजी ने बनाया नया रिकॉर्ड

**भिलाई, 7 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के उत्पादन व आर्थिकी तकनीकी क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान रचने का क्रम जारी है। रिकॉर्ड बनाने के इस क्रम में बीएसपी की मॉडेक्स इकाई स्टील मेल्टिंग शॉप-3 तथा आरएमपी-3 और कोक ओवन बैटरी-11 के बीपीटीजी ने विभिन्न क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित किए है। एसएमएस-3 के कास्टर-2 ने अपने उत्पादन के सीक्वेंस की निरंतरता बनाए रखते हुए एक और नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कास्टर-2 ने 5 फरवरी 2023 तक 155 हीट्स के निरन्तर उत्पादन का नया रिकॉर्ड बनाने में कामयाबी हासिल की, जो कि 4 मार्च, 2022 को बनाये गये 150 हीट्स के निरन्तर उत्पादन के पुराने कीर्तिमान को पीछे छोड़ते हुए बनाया गया। मॉडेक्स इकाई, आरएमपी-3 ने 05 फरवरी, 2023 को 1915 टन उत्पादन कर नया दैनिक कीर्तिमान रचते हुए 22 नवम्बर, 2022 को दर्ज किए अपने सर्वश्रेष्ठ निष्पादन रिकॉर्ड 1860 टन को पीछे छोड़ा। आरएमपी-3 बिरादरी संयंत्र के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस्पात निर्माण में अपनी भागीदारी को सुनिष्चित कर रहा है। कोक ओवन बैटरी-11 के बीपीटीजी (बैक प्रेशर टर्बो जनरेटर) ने भी बिजली उत्पादन में दैनिक कीर्तिमान स्थापित करने में सफलता हासिल की।

# प्रधानपाठक ने वार्षिकोत्सव में प्रतिभावान छात्रों को किया पुरस्कृत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,7 फरवरी।** मचान्दुर - शा.उ.मा.विद्यालय मचान्दुर के वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह2023 के शुभ अवसर पर सत्र 2021-22में उत्तीर्णकक्षा में प्रथम, द्वितीय स्थान रखने वाले छात्र छात्रों को . कुणाल चन्द्राकर.- प्रथम (8वीं). सौम्या.- प्रथम (10वीं) याचना साहू.- प्रथम (12वीं) प्रत्येक छात्र को 1000रू.एवं खुशबू सेन-. द्वितीय (8वीं) रागिनी साहू.,-द्वितीय (10वीं).अमन मधुकर.- द्वितीय (12वीं) प्रत्येक छात्र को 700रू.का प्रोत्साहन राशि तथा स्मृति पत्र के साथ स्वर्गीय इंजीनियर महेश कुमार साहू के स्मृति में पिता साहित्यकारश्री युवराजसिंह साहू (प्र.पा.) द्वारा प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कृत किया गया। बच्चों के स्तर में सुधार लाने,छुपी प्रतिभा को निखारने, उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने पढ़लिख कर भविष्य में अच्छे पोस्टतक पहुंच सकने जैसे अपेक्षा के साथ उज्जवल भविष्य की कामना करते तथा सर्वांगीण विकास को गति देने की भावना रखना एक वांक्षित कदम है। स्वयं एक शिक्षक होने के नाते शिक्षा के महत्व को समझते हुए विशेष रूचि एवं लगाव होने पर गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी आपके द्वारा प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इतना ही नहीं बल्कि गांव में भी विभिन्न समितियों के उत्थान एवं उत्साह को बनाए रखने हेतु आर्थिक, मानसिक एवं शारीरिक योगदान में भी महती भूमिका रही है। आप के द्वारा कवित्त रचनाएं लगभग बारह वर्षो से जि.सा.संघ दुर्ग के परिचायिका में सामाजिक संदेश के रूप में छपती रही है। आप ने अपने स्वयं के व्यय से लगभग 50000रू.खर्च कर ÷ पद्यावली÷नामक पुस्तक का प्रकाशन किया जिसका विमोचन पूर्व विधायक स्व.घनाराम साहू जी के कर कमलों द्वारा किया गया। जिसका1000प्रति पुस्तक छपाई कर नि÷शुल्क छ.ग.साहू समाज को समर्पित कर दिया गया। जिसके चलते ग्रामीण, परिक्षेत्र,तह.,जि.साहूसंघ एवं मान.पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमनसींग जी के कर कमलों से उत्कृष्ट लेखन हेतु प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मान प्राप्त हुआ है । लगातार पांच वर्षो से अंतरराष्ट्रीय योग् दिवस पर विकास खण्ड गुण्डरदेही में मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य किया जिसके प्रतिफल विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्रसस्ति पत्र से सम्मानित हुआ। शिक्षा के क्षेत्र मेंस्वस्वशिक्षा के चलते दस दिवसीय एक्स्पोज़र दौरा चेन्नई के माडल स्कूलों में रिपोर्टीग कार्य हेतु संलग्न रहे हैं। साथ ही कोर ग्रुप के सदस्य भी रहे है। खेल के क्षेत्र में बच्चों को जिला स्तर के प्रतिभागी बनाने में भी सहभागिता रही है। ऐसे सराहनीय कार्य करने वाले साहित्यकार श्री युवराज सिंह साहू (प्र.पा.) स्वयं प्रतिभा के धनी हैं। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मान.श्री ताम्रध्वज साहू जी(गृहमंत्री छ.ग.शासन) अध्यक्षता - श्रीमती शालिनी रिवेन्द्र जी अध्यक्ष जि.प.दुर्ग विशेष अतिथि -श्री नंद कुमार सेन, केशव बंटी हरमुख, जितेन्द्र साहू, योगिता चंद्राकर, देवेंद्र देशमुख,झमित गायकवाड़,लेखन साहू, दिलीप साहू, गजेन्द्र साहू, चांद खां, प्राचार्य चौधरी जी, समस्त शिक्षक गण एवं समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जोन क्षेत्रों में आयोजित हो रहे जनसमस्या निवारण शिविर

**भिलाई, 7 फरवरी।** महापौर नीरज पाल एवं भिलाई निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर भिलाई निगम के सभी जोन क्षेत्रों में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जन समस्या निवारण शिविर फरवरी माह तक आयोजित होगा। जोन आयुक्त व निगम अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में आयोजित शिविर स्थल पर प्राप्त हो रहे आवेदन के निराकरण को लेकर शिविर स्थल में उपस्थित हो रहे है। शिविर को लेकर शिविर का शेड्यूल भिलाई निगम ने जारी कर दिया है।



**इन स्थानों पर लगेंगे जन समस्या निवारण शिविर**-दिनांक 08.02.2023 - वार्ड क्रं. 07 राधिका नगर सियान सदन, वार्ड क्रं. 36 श्याम नगर संत रविदास भवन चटाई क्वाटर, वार्ड क्रं. 50 शास्त्री नगर गणेश मैदान, वार्ड क्रं. 64 सिविक सेंटर सेक्टर 10 सड़क 11 व 12 के बीच। 9 फरवरी - वार्ड क्रं. 08 कृष्णा नगर पुराना वार्ड कार्यालय, वार्ड क्रं. 37 संत रविदास भवन चटाई क्वाटर, वार्ड क्रं. 51 वीर शिवाजी नगर जोन-04 कार्यालय, वार्ड क्रं. 65 सेक्टर 10 गुंडिचा मंच। 10 फरवरी वार्ड क्रं 09 राजीव नगर सांस्कृतिक मंच सुपेला, वार्ड क्र. 52 शिव मंदिर सेक्टर 03, वार्ड क्रं. 66 सेक्टर 07 पार्षद कार्यालय के पास। 13 फरवरी -वार्ड क्र. 10 लक्ष्मी नगर भीम नगर पुराना वार्ड कार्यालय, वार्ड क्रं. 53 सेक्टर 01 मानव आश्रम, वार्ड क्रं. 67 सेक्टर 07 रेलवे स्टेशन बस्ती। 14 फरवरी - वार्ड क्रं. 11 फरीद नगर टाटा नगर सियान सदन, वार्ड क्रं. 54 सेक्टर 01 मानव आश्रम, वार्ड क्रं. 68 सेक्टर 08 शिवं मंदिर सड़क 12। 15 फरवरी वार्ड क्र. 12 अवंती बाई कोहका बजरंग चैंक कर्मा भवन के पास, वार्ड क्रं. 55 व 56 सेक्टर 02 सड़क 06 डोम सेट, वार्ड क्रं. 69 सेक्टर 09 हास्पिटल सेक्टर वरिष्ठ नागरिक मंच। दिनांक 16 फरवरी - वार्ड क्र. 13 पुरानी बस्ती कोहका मंगल बाजार सामुदायिक भवन, वार्ड क्रं. 70 शहीद कौशल यादव वार्ड सियान सदन हुड़को। दिनांक 17 फरवरी वार्ड क्र. 17 नेहरू भवन 20 फरवरी - वार्ड क्र. 18 आमोद भवन कांट्रेक्टर कालोनी।

# विधायक व महापौर ने रखी खुर्सीपार क्षेत्र में विकास कार्यों की आधारशिला

**भिलाई, 7 फरवरी।** खुर्सीपार क्षेत्र में विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल के प्रयासों से लगातार विकास के कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में एक और विकास कार्य की सौगात क्षेत्रवासियों को मिली है। दो करोड़ की लागत से केनाल रोड व एमपीआर रोड में विकास और सौंदर्यीकरण के काम होंगे तथा एक करोड़ की लागत से खुर्सीपार क्षेत्र के अंदरूनी सड़कों का डामरीकरण किया जाएगा। इसके लिए आज विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल ने मोहल्ले वासियों के साथ मिलकर भूमि पूजन कर कार्य की शुरुआत की। भूमिपूजन के अवसर पर विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि इस सड़क की मांग काफी समय से की जा रही थी, जो आज पूरी हो रही है। मेट्रो सिटी की तर्ज पर भिलाई के



खुर्सीपार में सड़क डामरीकरण के साथ ही सड़कों के विकास और सौंदर्यीकरण के भी काम होंगे। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि ऐसे और भी विकास कार्य होते रहेंगे, जिससे क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा। महापौर नीरज पाल ने कहा कि सड़क सौंदर्यीकरण और डामरीकरण को लेकर निगम प्रशासन गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है, लोगों की सुविधाओं को देखते हुए कई क्षेत्रों की सड़कें दुरुस्त हो रही है। खुर्सीपार क्षेत्र की सड़कें भी धूल मुक्त हो जाएगी। निगमायुक्त रोहित व्यास ने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण तथा शीघ्रता के साथ सड़कों की दिशा में काम करने के निर्देश दिए है। भिलाई के खुर्सीपार क्षेत्र में इस सड़क में होंगे विकास एवं सौंदर्यीकरण के काम, जो राहगीरों को लुभाएगा, होगा देखने लायक और मनमोहक, क्योंकि यहां होगा सब कुछ भिलाई के खुर्सीपार क्षेत्र के केनाल रोड और एमपीआर रोड में विकास और सौंदर्यीकरण को लेकर कई ऐसे कार्य किए जाएंगे जिससे इस सड़क की रौनकता बढ़ जाएगी। इतना ही नहीं तमाम ऐसे चीजें जो इस सड़क को अच्छा बनाएगी शामिल किया गया है। इसके तहत ट्यूबलर पोल लगाए जाएंगे जो आकर्षक रोशनी के साथ रात्रि में अंधेरे को दूर करेगी और लोगों को आवाजाही में आसानी होगी। सड़कों पर कैट आई लगाए जाएंगे, ओपन जिम आईटीआई ग्राउंड के समीप लगाया जाएगा, चौराहा भी विकसित किया जाएगा तथा ट्रेफिक साइन बोर्ड भी लगाए जाएंगे, आकर्षक कलाकृति उभारी जाएगी, एलइडी के ग्लो साइन बोर्ड लगाए जाएंगे, एमपीआर का यह सड़क सीसीटीवी कैमरे से लैस होगा, साउंड सिस्टम लगाए जाएंगे, स्ट्रीट बोर्ड भी होंगे, डेकोरेटिव फ्लावर्स एवं गमले लगाए जाएंगे, सड़क किनारे बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था होगी, पांच अलग-अलग स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट तैयार किए जाएंगे जहां पर लोग आसानी से सुंदरता को कैप्चर कर पाएंगे, भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण किया जाएगा, एक स्थान पर एयर कंडीशनर बस स्टॉप और 4 स्थानों पर बने हुए बस स्टॉप को

### खैरबना कला नवधा भक्ति रामायण कार्यक्रम में शामिल हुए मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू



**कवर्धा, 7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** कृषि मंडी कवर्धा क्षेत्र बोड़ला ब्लाक अंतर्गत ग्राम खैरबना कला में आज 5 दिवसीय अखण्ड नवधा रामायण कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमे मुख्य अतिथि कृषि उपज मंडी अध्यक्ष श्री नीलकंठ साहु जी ने अपने संबोधन ग्रामवासी के लिए प्रभु श्रीराम जी से मंगल कामना की मांग की एवम सभी को सुख शांति प्राप्ति के लिए पूजा अर्चना किए इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष सनत जायसवाल , कृष्णा साहू जिला महामंत्री, बिहारी साहू अध्यक्ष नवधा समिति ओमकार साहू संरक्षक, हरी साहू रामकल्यान, जाना राम शत्रुहान शर्मा चंद्रप्रताप शर्मा व ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

### मंत्री अकबर सहित कलेक्टर, पत्रकारों ने राकेश यादव के निधन पर दुःख प्रकट किया

**कवर्धा, 7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर , कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे , पत्रकारों ने कवर्धा में मीडिया के क्षेत्र में दो दशकों से सक्रिय रूप से भागीदारी निभाने वाले श्री राकेश यादव के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया है। उन्होने इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए दिवगंत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। श्री राकेश यादव लम्बे उपचार के बाद से अस्वस्थ थे। रायपुर के एक निजी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। उल्लेखनीय है कि राकेश यादव मीडिया क्षेत्र से जुड़े हुए थे ।



### पोंड़ी में हनुमान गार्डन का होगा सौंदर्यीकरण:विजय

**कवर्धा, 7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने ग्राम पंचायत पोड़ी के हनुमान गार्डन के सौंदर्यीकरण और उन्नयन के लिए 6 लाख 88 हजार रुपए की स्वीकृति दी है। जनपद सदस्य व सभापति श्री विजय सिंह क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने ग्राम पोंड़ी के तिराहा में स्थित हनुमान गार्डन के उन्नयन के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग मंत्री व क्षेत्रीय विधायक श्री मोहम्मद अकबर से की थी। इसके बाद मंत्री ने पर्यावरण विभाग से 6 लाख 88 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इससे ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है। जनपद सदस्य श्री विजय सिंह ने बताया कि उक्त राशि से हनुमान जी की प्रतिमा का रंगरोगन, गार्डन परिसर में मरम्मत कार्य व प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले के एकमात्र दार्शनिक व आकर्षण के केंद्र के नाम से पहचान रखने वाले हनुमान गार्डन में प्रकाश व्यवस्था के लिए सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी। प्रतिमा का रंगरोगन करते हुए परिसर का मरम्मत कार्य किया जाएगा और भव्य सौंदर्यीकरण किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री मोहम्मद श्री अकबर के मार्गदर्शन में अनेक विकास कार्य हो रहे हैं। इसी तारतम्य में क्षेत्र के लोगों के मंशानुरूप जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए मंत्री श्री अकबर ने हनुमान गार्डन का भव्य सौंदर्यीकरण करने के लिए त्वरित छह लाख अठ्ठासी हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। जनपद सदस्य विजय सिंह सहित क्षेत्रवासियों ने मंत्री का आभार व्यक्त किया है।



### नेशनल वर्क स्किल प्रतियोगिता में बीएसपी कार्मिकों ने जीते 7 पुरस्कार



**भिलाई, 7 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के 7 कार्मिकों ने सीआईआई द्वारा दिल्ली में आयोजित नेशनल वर्क स्किल प्रतियोगिता 2023 में प्रतिभागिता की। जिसमें भाग लेने वाले सातों कार्मिकों ने राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार जीतने में सफल रहे। पुरस्कार जीतने वाले शामिल हैं - कारपेंटरी ट्रेड में प्रथम पुरस्कार फाउन्ड्री एंड पैटर्न शॉप के वेंकट रमन मढ़ारिया तथा द्वितीय पुरस्कार राजहरा माइन्स के रामेष्वर सिंह गजेन्द्र ने जीता। इसी प्रकार इंडस्ट्रीयल हाइड्रोलिक्स ट्रेड में प्रथम पुरस्कार ऑटो रिपेयर शॉप के दीपक कुमार पंडित तथा द्वितीय पुरस्कार एसएमएस-2 के गोपी किषन ने जीता। इसके साथ ही टर्नर ट्रेड में प्रथम पुरस्कार बीआरएम के मंझा हंसदा तथा फिटर ट्रेड में एसएमएस-3 के सेवकराम एवं मशीनिस्ट ट्रेड में ब्लास्ट फर्नेस के गोपाल राम ने द्वितीय पुरस्कार जीतने में सफलता प्राप्त की। मुख्य महाप्रबंधक संजय धर ने इन विजेता प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। इस प्रतियोगिता का समन्वय वरिष्ठ प्रबंधक सुभाष पटेल ने किया।

### सेल-बीएसपी के कशीदाकारी प्रशिक्षण का शुभारंभ



**भिलाई, 7 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा नारी सशक्तिकरण के मद्देनजर वार्ड 47, स्लम बस्ती-रायपुर नाका दुर्ग में कशीदाकारी (एम्ब्रायडरी) का प्रशिक्षण 4 फरवरी 3 मई 2023 के मध्य 3 महीनों तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में वार्ड 47, स्लम बस्ती-रायपुर नाका दुर्ग की कुल 25 महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के साथ ही प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को 3000 रुपये प्रतिमाह प्रशिक्षण भत्ता भी प्रदान किया जायेगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक श्रीमती बोन्या मुखर्जी उपस्थित रही। श्रीमती बोन्या मुखर्जी ने इस प्रषिक्षण का उद्घाटन करते हुए कहा कि आज कशीदाकारी की हस्तकला ने कपड़ों के डिजाइन एवं सौंदर्य को बढ़ाया है। इस तरह से बनाए गए परिधानों की मांग पूरे देश निरंतर बढ़ने के साथ ही सभी की पसंदीदा बन गई है। इस प्रशिक्षण के बाद घरों में रहकर कार्य करने वाली महिलाएं आत्मनिर्भरता के साथ अच्छी आय अर्जित कर सकती है। इस तरह के प्रशिक्षण महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अहम भूमिका के साथ ही अपने पैरों में खड़ा होने के लिए मददगार साबित होगी। भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े ने उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को बताया कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं के कार्य में गुणवत्ता लाने, घर पर ही रोजगार का सृजन कर एक अतिरिक्त आय अर्जित करने हेतु कारगर होते है।

# ग्रामीण उद्योग नीति बनाने की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ की जाए: सीएम

## गोधन न्याय योजना के तहत ग्रामीणों, पशुपालकों और महिला स्व-सहायता समूहों को 8.23 करोड़ की राशि ऑनलाइन अंतरित

**रायपुर, 7 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों में वृद्धि के लिए नई उद्योग नीति की तर्ज पर जल्द ही ग्रामीण उद्योग नीति बनाने की प्रक्रिया शुरू की जाए। श्री बघेल आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पशुपालक ग्रामीणों, गौठानों से जुड़ी महिला समूहों और गौठान समितियों को गोबर क्रय तथा लाभांश राशि के ऑनलाईन वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रय में 8 करोड़ 23 लाख रूपए की राशि ऑनलाइन जारी की।



मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कार्यक्रय को संबोधित करते हुए कहा कि गौठान से जुड़े रूरल इंडस्ट्रियल पार्क अधिकतर जगहों पर क्रियाशील हो रहे हैं। अब यह पूर्णरूप से कार्य करें उसके पहले हमें ग्रामीण उद्योग नीति बनाने की दिशा में कार्य करना होगा इसके लिए संबंधित विभाग जल्द प्रक्रिया पूर्ण करें। जिससे कि जब पूर्ण रूप से रूरल इंडस्ट्रियल पार्क कार्य करना प्रारंभ करेंगे तो इनसे जुड़े हितग्राहियों को बैंक से ऋण लेना तथा अन्य व्यवसाय शुरू करने में मदद मिल सके।

मुख्यमंत्री ने पशुपालकों सहित गौठान से जुड़े महिला समूहों को बधाई देते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि वे लगातार रिकॉर्ड बना रहे हैं। 8.23 करोड़ के भुगतान के बाद यह आंकड़ा 403 करोड़ 58 लाख रूपए हो जाएगा। इसी प्रकार गोबर विक्रेताओं को 4.76 करोड़ रूपए के भुगतान के बाद यह आंकड़ा 206 करोड़ 49 लाख रूपए हो जाएगा। उन्होंने गोबर से बिजली उत्पादन के लिए शुरू की गई बिजली यूनिट पर खुशी जाहिर करते हुए, इन यूनिटों से उत्पादित बिजली को पॉवर ग्रिड से जोड़ने और बिजली की कीमत तय करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि यह गर्व की बात है कि राज्य में अब तक 4927 गौठान स्वावलंबी हो चुके हैं, जो स्वयं की जमा पूंजी से गोबर क्रय करने लगे हैं। अभी तक जो गौठान समूह जो दीया, वर्मी कम्पोस्ट इत्यादि बना रहे थे अब वे बिजली उत्पादन कर रहे हैं।

## एक नजर

### शहर में स्मार्ट बाजार की कवायद हुई तेज



**रायपुर 7 फरवरी।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज दिनांक 6 फरवरी 2023 को चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधि मंडल एवं नगर पालिक निगम, रायपुर के महापौर माननीय एजाज ढेबर जी एवं कमिश्नर श्री मयंक चतुर्वेदी जी द्वारा स्मार्ट बाजार बनाने शहर के मुख्य बाजारों का पैदल मार्च कर निरीक्षण किया गया। चेम्बर अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय श्री भूपेश बघेल जी ने शहर के बाजारों को स्मार्ट बाजार में बदलने की घोषणा की थी जिसके परिपेक्ष्य में आज माननीय महापौर एजाज ढेबर जी और उनकी टीम तथा चेम्बर प्रतिनिधि मंडल ने शहर के व्यस्ततम प्रमुख पारंपरिक बाजारों को चिन्हांकित कर स्मार्ट बाजार के रूप में विकसित करने हेतु निरीक्षण किया। श्री पारवानी ने बाजारों का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रशासन एवं चेम्बर टीम ने पैदल भ्रमण करते हुए सदर बाजार, मालवीय रोड, बंजारी रोड, अमरदीप टॉकीज रोड होते हुए रवि भवन, शारदा चैक, एम जी रोड से गुरुनानक चैक पहुँच निरीक्षण किया कि किस तरह योजना बनाई जाए जिससे इन क्षेत्रों और बाजारों को कम से कम समय में स्मार्ट बाजार के रूप विकसित कर सकें।

### संस्कृति सलाहकार गौरव द्विवेदी ने देखी फिल्म ले चलहूं अपन दूवारी



**रायपुर 7 फरवरी।** छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति सलाहकार गौरव विद्वेदी छत्तीसगढ़ी फ़िल्म 'ले चलहुं अपन दुवारी' देखने पी वीआर मैग्नेटो मॉल पहुंचे। फ़िल्म देखने के बाद गौरव व्दिवेदी ने कहा कि 'ले चलहुं अपन दुवारी' मन को छू जाने वाली फ़िल्म है। रोमांटिक होने के साथ इसमें देश भक्ति का संदेश है। हीरो शील वर्मा एवं एक्ट्रेस पूजा शर्मा समेत सभी कलाकारों ने बेहतरीन काम किया है। एक बहुत ही बड़ी बात है कि इस फ़िल्म के लिए कैमरा आरुषि बागेश्वर जैसी कम उम्र की एक बेटी ने चलाया है। इससे यह साबित होता है कि छत्तीसगढ़ी सिनेमा के हर क्षेत्र में महिलाओं का दखल बढ़ा है। यह फ़िल्म छोटे-बड़े सभी को देखनी चाहिए। पीवीआर मैग्नेटो मॉल में पहुंचे गौरव द्विवेदी का स्वागत फिल्म के डायरेक्टर मृत्युंजय सिंह, राइटर कॉस्टिंन साहू, डीओपी आरुषि बागेश्वर, मैनेजमेंट कंट्रोलर वाहिद खान ,सहित छत्तीसगढ़ लोक हिंदी रंगमंच फिल्म जगत के जाने-माने अभिनेता विजय मिश्रा 'अमित' तथा मिनी अटल विकास शर्मा ने किया। इस अवसर पर छग फिल्म जगत के वरिष्ठ समीक्षक अनिरुद्ध दुबे ने कहा कि ले चलहूं अपन दूवारी जैसी फिल्म नव आशा का संचार करती हैं।बालीउड के अक्षय वर्मा, साहेब दास मानिकपुरी के साथ ही छत्तीसगढ़ के नए कलाकारों की प्रतिभा को बेहतर अवसर और दर्शकों को स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करती है ।

### पांच कुण्डीय मारुती महायज्ञ आज से



**अंवरी 7 फरवरी।** भगवान मारुती नंदन की असीम कृपा से नव ज्योति नाट्य कला मंडल के तत्वाधान में एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से पांच दिवसीय पांच कुण्डलीय मारूती महायज्ञ का आयोजन जोरातराई(अं) में 7 फरवरी से 11 फरवरी तक रखा गया हैं। जिसमें 07 फरवरी को कलश यात्रा एवं स्थापना दोप. 1 बजे से, 08 फ़रवरी दिन बुधवार देवपूजन 07 से 09 बजे तक, 09 फ़रवरी दिन गुरुवार यज्ञहवन 07 बजे से 12 बजे तक, 10 फ़रवरी दिन शुक्रवार यज्ञहवन 07 बजे से 12 बजे तक, 11 फ़रवरी दिन शनिवार यज्ञहवन 07 बजे से 12 बजे तक होगा 7 साथ ही रात्रिकालिन कार्यक्रम 07 फ़रवरी से 11 फ़रवरी तक जय शितला छ.ग. संस्कृति पण्डवानी समिति राजपुर (छुरा) खेमिन निषाद द्वारा एवं दिनांक 08 फ़रवरी से 10 फ़रवरी तक दोपहर 02 बजे से जय गुरूदेव किर्तन मण्डली हरदी छुरा नारद शरण जी महा आरती शाम 06 बजे होगा 7 इसकी तैयारी में नव ज्योति नाट्य कला मंडली स्कूल चौक एवं समस्त ग्रामवासी जोरातराई (अं) लगे हुए है ।

### निधन

### राकेश यादव

**राजनांदगांव।** जिले के वरिष्ट पत्रकार व प्रिय मित्र भाई राकेश यादव अब हमारे बीच नहीं रहे. वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे..! वे दो दशक से ज्यादा पत्रकारिता में सक्रिय थे.अमृत संदेश, नई दुनिया,नवभारत जैसे अखबारों में उन्होंने अपनी सेवाएं दी। भगवान से विनती है कि उनको गो-लोक में स्थान दे व परिवार को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करे।



## भागवताचार्य का सम्मान



**रायपुर 7 फरवरी।** विकास विहार कॉलोनी रायपुरा में आयोजित व्यास नारायण उपाध्याय स्मृति भागवत महापुराण परायण व प्रवचन में रुक्मणी विवाह व सुदामा चरित्र अवसर पर कथा का विवेचन हुआ। उक्त अवसर पर भगवताचार्य पं हरनारायण तिवारी का सर्व ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा , महादेवघाट परिक्षेत्र अध्यक्ष रत्ना शर्मा , उपाध्यक्ष सुधा शर्मा , विणा तिवारी , शारदा मिश्रा, पुष्पा तिवारी, धनेश्वरी दुबे , सरिता दुबे ने शाल श्रीफल तथा अभिनंदन पत्र भेंट कर धर्म शक्ति सम्मान से सम्मानित किया। उक्त अवसर पर परीक्षित के रूप में तुषार तथा ममता शर्मा थे ।

# कांग्रेस कार्यकताओं ने एसबीआई बैंक एवं एलआईसी के सामने किया धरना प्रदर्शन

■ राज्यपाल के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी/मगरलोड 7 फरवरी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर सिहावा विधानसभा के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने नगरी और मगरलोड मुख्यालय में एसबीआई के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर हल्ला बोला, इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष भरत नाहर ने बताया की पूरा देश खासकर मध्यमवर्ग चिंतित है मोदी सरकार द्वारा अडानी समूह में एस बी आई एवं एल आई सी जैसी सरकारी संस्थाओं के बेहद जोखिम भरे लेनदेन और निवेश ने भारत के निवेसिकों एल आई सी के 29 करोड़ पॉलिसी धारकों एवं एसबीआई के 45 करोड़ धाराकों पर प्रतिकूल प्रभाव डालने का आरोप लगाया इस समूह के खिलाफ कांग्रेसियों ने बताया की घोर पूंजीवाद तथा चुनिंदा अरबपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए मोदी सरकार द्वारा नियम बदलने के खिलाफ कांग्रेसी सड़क की लड़ाई लड़ने तैयार हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डीहू राम साहू ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश या संयुक्त संसदीय समिति से निष्पक्ष जांच कराने के साथ एलआईसी एवं एसबीआई व अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों के द्वारा किए गये निवेश पर संसद में चर्चा किए जाने की मांग कर कांग्रेसियों ने महामहिम राज्यपाल के नाम पर तहसीलदार मगरलोड को ज्ञापन सौंपकर केंद्र सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ जांच करने की मांग की है इस धरना प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डीहू राम साहू जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष भरत नाहर, जिला पंचायत सदस्य कुसुमलता साहू ,कांति कवर,जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, गोविंद साहू,तोशन साहू,फुलजी सिन्हा, बिशहत साहू , दानीपाल,राजा खान, मोहन चक्रधारी, सोहील साहू, पुरुषोत्तम सिन्हा, चंद्रहाश साहू, महमूद खान, नारद साहू, भूवन गायकवाड, डाकूवर साहू, गिरीश साहू, पप्पू देवांगन,राजू साहू, गीतेश साहू, पोखन कंवर विधायक प्रतिनिधि सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अर्बन क्रूजर हाइराइडर के सीएनजी संस्करण की कीमतों की घोषणा की

**रायपुर 7 फरवरी।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अर्बन क्रूजर हाइराइडर के सीएनजी संस्करण की कीमतों की घोषणा की। इससे पहले नवंबर 2022 में ही टीकेएम ने टोयोटा ग्लैंजा औरअर्बन क्रूजर हाइराइडर के लॉन्च के साथ सीएनजी सेगमेंट में अपने प्रवेश की घोषणा दी थी। कीमतें निम्न तालिका में सूचीबद्ध हैं। इस पर टिप्पणी करते हुए श्री अतुल सूद, उपाध्यक्ष, बिक्री और रणनीतिक विपणन,ने कहा, स्थायी परिवहन समाधानों को आगे बढ़ाने के टोयोटा के मिशन को ध्यान में रखते हुए, हमारे लिए अर्बन क्रूजर हाइराइडर की शुरुआत हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर रही है। हमें आज अपने ग्राहकों के लिए सीएनजी संस्करण की कीमत की घोषणा करते हुए अत्यंत खुशी हो रही है, जिन्होंने इसके लॉन्च के बाद से ही इस उत्पाद में अत्यधिक रुचि दिखाई है। हम टोयोटा में, 'कार्बन न्यूट्रल सोसाइटी' को साकार करने के लक्ष्य के साथ, न्यून-कार्बन ऊर्जा स्रोतों की ओर बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

# प्रधानपाठक शिक्षा की रोशनी से अशिक्षा के अंधेरे को दूर करते हैं : भावना बहन

■ ब्रह्माकुमारी के द्वारा प्रधान पाठकों को मोटिवेशनल स्पीच दिया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 7 फरवरी।** डाइट में नवनियुक्त प्रधान पाठक के प्रशिक्षण के दौरान ब्रह्माकुमारी बहनों के द्वारा मोटिवेशनल स्पीच दिया गया उक्त अवसर पर डाइट के प्राचार्य तथा स्टाफ सहित 170 नवनियुक्त प्रधान पाठक उपस्थित रहे ब्रम्हाकुमारीज नगरी की राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन ने प्रधान पाठकों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधान पाठक विद्यालय का केंद्र बिंदु होता है विद्यालय की सभी क्रियाएं उसके चारों ओर घूमती है प्रधान पाठक विद्यालय के विभिन्न अंगों को एकीकरण के सूत्र में बांधकर रखने वाला साधन है जो संस्था भर में संतुलन बनाए रखता है और साथ ही इस बात की चेष्टा करता है ताकि उसका शांतिपूर्वक सर्वांगीण विकास होता रहे वह विद्यालय की गति का निर्धारक होता है तथा एक निश्चित रूप देने वाली मुख्य शक्ति होती है उन्होंने आगे कहा - एक प्रधान पाठक में नेतृत्व करने की भावना, सहानुभूति की भावना, उच्च चरित्र, आत्म नियंत्रण, कुशल संगठन, कुशल प्रशासक, न्याय प्रियता, निष्ठावान तथा विद्वता का गुण होना चाहिए यह सभी गुण हमें तब प्राप्त हो सकते हैं जब हम उस परमसत्ता से जुड़ सकें जो इस जगत के मुखिया हैं एक अच्छे प्रबंधक के लिए नित्य योगाभ्यास करना चाहिए जिससे हम मानसिक व शारीरिक रूप से सशक्त रहे तभी हम एक अच्छे मुखिया के दायित्वों का निर्वहन कर पाएंगे तत्पश्चात ब्रम्हाकुमारी साधना बहन ने सभी को मेडिटेशन की अनुभूति कराते हुए कहा कि प्रधान पाठक विद्यालय का प्रधान शक्ति होता है शिक्षक व छात्र दोनों उससे प्रेरणा ग्रहण करते हैं किसी भी विद्यालय की उन्नति अवनति प्रधानाचार्य के ऊपर ही निर्भर है उसे छात्रों शिक्षकों अभिभावकों आदि के संबंधों को संतुलित एवं निरीक्षित करना पड़ता है विद्यालय का संपूर्ण कार्य सरलता व सुगमता से चलता रहे इसके लिए उसे उन आदेशों और शैक्षिक स्तरों को भी प्रस्तुत करना होता है जिसको पूर्ण करने के लिए संपूर्ण विद्यालय सक्रिय रहता है उसे अपने सहयोगी शिक्षकों से मित्र जैसा व्यवहार करना होता है आवश्यकता अनुसार उन्हें सलाह लेना तथा विद्यालय योजना बनाते समय उचित परामर्श लेना चाहिए तथा छात्रों एवं अभिभावकों से सतत संपर्क बनाए रखना चाहिए।

# कांग्रेंस पदाधिकारीयो ने किया एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन

**राजनांदगांव 7 फरवरी।** छूरिया प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी श्री अरुण सिसोदिया जी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री पदम सिंह कोठारी जी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया के नेतृत्व में आज मोदी सरकार के द्वारा अडानी समूह में एसबीआई और एलआईसी जैसी सरकारी संस्थाओं के जोखिम भरे लेनदेन और निवेश के निष्पक्ष जांच हेतु आज नगर पंचायत छुरिया में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन के पश्चात तहसीलदार महोदय अनुरिमा टोप्पो को महामहिम राष्ट्रपति के नाम से एक ज्ञापन भी सौंपा गया। धरना प्रदर्शन में खुज्जी विधानसभा के पूर्व विधायक भोलाराम साहू जी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रितेश जैन, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री चुम्मन साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा, जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री विपिन यादव, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश शर्मा, पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण के सदस्य मनोज सिन्हा, महिला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती चंद्रिका वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष भीखम देवांगन, ब्लाक कांग्रेस सचिव अमित अग्रवाल ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता राहुल तिवारी ने किया और आभार प्रदर्शन जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव राजकुमार सिन्हा ने किया। उक्त कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि एकनाथ सिन्हा, जिला एस टी सेल के अध्यक्ष लादूराम तुमरेकी, जनपद सदस्य कन्हैया कोले, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महामंत्री संजीव गुप्ता, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव पूरन नेताम, महिला जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव पुष्पा सिन्हा, धीरेंद्र तिवारी, पार्षद सुनील लारोकर, एल्डरमैन शकील कुरैशी, महानंद खोबरागडे, भोलाराम उईके, हेमंत सिन्हा, लेखचंद वर्मा, रामगुलाम धावड़े, युवक कांग्रेस नेता आरिफ खान, प्रदीप पटेल, रामजी साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## मोहड में निर्मित सामुदायिक भवन का महापौर ने किया लोकार्पण

**राजनांदगांव 7 फरवरी।** नगर निगम द्वारा मोहड़ वार्ड नं. 49 स्थित शीतला माता मंदिर के पास महापौर निधि अंतर्गत 5.00 लाख एवं पार्षद निधि अंतर्गत 2.00 रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। जिसका आज महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने एक संक्षिप्त एवं गरिमामय आयोजन में फीता काटकर पट्टीका का अनावरण कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री विनय झा, श्रीमती दुलारी बाई साहू, श्री भागचंद साहू, वार्ड पार्षद श्री संजय रजक, वरिष्ठ सभापति श्री समद खान, पूर्व पार्षद श्री अवधेष प्रजापति विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के पूर्व वार्ड के जितेन्द्र साहू, नीलकंठ साहू, जागृत साहू, खेमलाल ठाकुर, गिरधारी साहू, गणेश साहू, यादवराम चंद्राकर, ओमप्रकाश साहू, स्वतंत्रदास साहू, हितेश साहू व कार्तिकराम साहू द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों ने मॉ काली की पूजा अर्चनाकर सामुदायिक भवन का विधिवत लोकापर्ण किया। लोकार्पण कार्यक्रम में अपने संबोधन में महापौर श्रीमती देशमुख ने वार्डवासियों को बधाई देते हुए कहा कि, वार्डवासियें की मांग पर महापौर निधि व पार्षद निधि से सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। भवन निर्माण होने से अब वार्ड के लोगों को सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य आयोजनों के लिये वार्ड में ही एक उचित स्थान मिल गया। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा नगर विकास के लिये दिये गये राशि से नगर निगम द्वारा मूलभूत सुविधा रोड नाली निर्माण सहित राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत सामुदायिक भवन,मुक्तिधाम उन्नयन, तालाब सौदर्यीकरण, उद्यान निर्माण कार्य वार्डो में कराये जा रहे है। वार्ड में अन्य कार्य कराये जाने की मांग पर अतिशीघ्र कार्यवाही की जावेगी। इस अवसर पर उप अभियंता श्री तिलक राज ध्रुव सहित वार्डवासी उपस्थित थे।



# पेंशन निर्धारण सेवा की गणना का एलबी संवर्ग के शिक्षक के लिए स्पष्ट आदेश नहीं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 7 फरवरी।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा और मोहला मानपुर अ.चौकी के जिलाध्यक्ष श्रीहरी ने कहा है कि शासन ने 24 फरवरी तक समय दिया है फिर भी अनेक वेतन आहरण अधिकारी 6 फरवरी, 8 फरवरी, 10 फरवरी तक शपथ पत्र प्रस्तुत करने समय देकर क्यों जल्दबाजी कर रहे है, उन्हें भी एल बी संवर्ग के शिक्षको का सहयोग करना चाहिए।संजय शर्मा ने पुरानी पेंशन हेतु संविलियन हुए शिक्षक एल बी संवर्ग के लिए पेंशन निर्धारण सेवा की गणना को स्पष्ट करने के पश्चात विकल्प पत्र प्रस्तुत करने मार्च अंत तक का समय प्रदान करने की मांग की है, उन्होंने कहा है कि 1.60 लाख एल बी संवर्ग के शिक्षक के बीच पेंशन संबंधी वित्त विभाग के आदेश को लेकर भ्रम फैला है, जिसके स्पष्ट होने के बाद ही शिक्षक संवर्ग विकल्प पत्र देने की स्थिति में होंगे7 छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष,संभागप्रभारी विनोद गुप्ता,बाबूलाल लाडे,ललिता कन्नौजे,रमेश सोनी,भेषराम रावटे,राममणि द्विवेदी,रूपेंद्र नन्दे,सुधन सिंह कोरेटि,चेतन भुवार्य,रविंद्र रामटेके,हिमेश्वरी देवांगन,किशोर देवांगन,संजय देवांगन,दिवाकर बोरकर,कांता बंसोड़,सरोज साहू,दिलीप धनकर,जीवन नेताम,अंगद सलामे,अ.चौकी और मानपुर के ब्लॉक अध्यक्ष राहुलदेव रामटेके,देवशंकर तारम ने कहा है कि छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग द्वारा दिनांक 20.01.2023 को जारी पत्र में एनपीएस व ओपीएस किसी एक का चयन करने का विकल्प दिया गया है, छत्तीसगढ़ में 1/11/2004 से पुरानी पेंशन बहाली का उल्लेख है, राज्य में कार्यरत एल बी संवर्ग के शिक्षक 1998 व 2005 के बाद से निरन्तर परिवीक्षा अवधि पूर्ण कर नियमित सेवारत है, संविलियन हुए एल बी संवर्ग के शिक्षको को पेंशन योग्य स्थापना में मानते हुए एनपीएस कटौती अप्रैल 2012 से किया जा रहा है, जबकि शिक्षा कर्मी (शिक्षक पंचायत संवर्ग) पेंशन भोगी पदों के रिक्त पद के विरुद्ध नियुक्त हुए है, अतः उन्हें प्रथम नियुक्ति से संविलियन के पूर्व सेवा तिथि से पेंशन की पात्रता का स्पष्ट आदेश जारी किया जावे।

वहीं 2018, 2019 व 2020 में संविलियन किया गया है, छत्तीसगढ़ में ओपीएस की कटौती 01/04/2022 से प्रारंभ की गई है। एनपीएस कटौती 1 अप्रैल 2012 से जबकि संविलियन 2018 से प्रारम्भ हुआ है, अतः शासकीय सेवक पारिभाषिक स्वरूप के आधार पर स्थिति स्पष्ट हो।

## मुख्यमंत्री ने पंडित मोतीलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

**रायपुर,7 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज यहाँ अपने निवास कार्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा स्वराज्य पार्टी के संस्थापक पंडित मोतीलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया । इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे और खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत भी उपस्थित थे । मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि पंडित मोतीलाल नेहरू भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेताओं में से थे। गांधी जी के आव्हान पर उन्होंने वकालत छोड़ दी। आधुनिक जीवन शैली त्याग कर खादी पहनना शुरू किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वाधीनता के लिए पंडित मोतीलाल नेहरू का योगदान हमेशा याद किया जाएगा।

## एलआईसी कार्यालय के सामने उत्तर ब्लाक कांग्रेस ने दिया धरना

**राजनांदगांव 7 फरवरी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम जी व प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री,शहर जिला कांग्रेस कमेटी प्रभारी अरुण सिंह सिसोदिया जी के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा के मार्गदर्शन में, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख जी,अन्तव्यवसायी निगम के अध्यक्ष धनेश पटिला जी,श्री किशन खंडेलवाल जी, विवेक वासनिक जी,रमेश डाकलिया जी,शारदा तिवारी जी,कमलजीत सिंह पिंटू की उपस्थिति में शहर उत्तर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आसिफ अली के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन के अंतर्गत एक दिवसीय धरना प्रदर्शन रुढ़.ष्ट ऑफिस के सामने धरना देकर ब्लाक अध्यक्ष आसिफ अली ने संबोधन में कहा केंद्र में बैठी मोदी सरकार की गलत नीतियों को उजागर कर जनता के पैसों को चंद पूंजीपतियों को देने का काम मोदी सरकार कर रही और सरकारी सम्पतियों को बेचकर उधोगपति के हाथ मे सौप रही ऐसी सरकार को 2024 के चुनाव में उखाड़ फेखने जनता से अपील की जिसमें मुख्य रुप से अशोक फड़नवीस,अमित चंद्रवंशी,झम्मन देवांगन,नरेश शर्मा,राजू खान,मेहुल मारू,पार्षद गण सतीश मसीह,भागचंद साहू,विनय झा,दुलारी साहू,सिद्धार्थ डोंगरे,पुर्णिमा नागदेवे,समद खान,महेश साहू,मनीष साहू,अरविंद वर्मा,अजय छेदय्या,मामराज अग्रवाल,नारायण यादव,बबलू कसार,अतुल शर्मा,योगेन्द्र प्रताप सिंह,सचिन टूरहाटे,राजेश सेवता, नरेश साहू,अब्बास खान,भोजू भाई,गेमु कुंजाम, इब्राहिम खान,अमित जंघेल,हितेश गोन्नाडे,राहुल देवांगन,शैलेश रामटेके, राजीव कुरिया कोष,आशीष रामटेके,राहुल गजभिए,इब्राहिम खान,जितेंद्र वाजपेयी,प्रियेन्स मेश्राम,शाहरूख खान,पायल बारमाटे,आनंद कुमार रामटेके,विपिन मडामें,सुनीता सिन्हा,देवेंद्र कलिहारी, चंदन साहूखिलावन साहू शेख रिजवान सहित ब्लाक के पदाधिकारीगण उपस्थित थे । संचालन उत्तर ब्लाक के पार्षद महेश साहू ने किया और आभार प्रकट शहर उत्तर ब्लाक अध्यक्ष आसिफ अली ने किया।



## आरोपियों से भारी मात्रा में अवैध कबाड़ का समान जब्त

# कबाड़ियों के विरुध्द सिटी कोतवाली पुलिस ने की ताबडतोड़ कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 7 फरवरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अभिषेक मीणा (भा0पु0से0) के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले के मार्गदर्शन मे तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल राजनादगांव के नेतृत्व मे थाना प्रभारी कोतवाली श्री नरेश कुमार पटेल द्वारा थाना कोतवाली के अधिकारियों कर्मचारियों की अलग अलग टीम गठित कर राजनांदगांव शहर के विभिन्न कबाड़ी दूकानो में छापामार कार्यवाही की गई, जिसके तहत कुल 07 कबाडियों पर कार्यवाही की गई है। जिसमें (01). इस्त0क्र0 03/23 धारा 41 (1+4) जा0फौ0, 379 भा0द0वि0 के तहत कार्यवाही करते हुये आरोपी इलमुद्दीन उर्फ मुन्ना पिता रज्जाक खान उम्र 54 साल साकिन भरका पारा राजनांदगांव थाना केतवाली के कब्जे से लोहे /एलुमिनियम कीमती 6,700/- रू0 को जप्त किया गया।



(02.) इस्त0क्र0 04/23 धारा 41 (1+4) जा0फौ0, 379 भा0द0वि0 के तहत कार्यवाही करते हुये आरोपी मोहम्मद रफिक खान पिता मोहम्मद फारूख खान उम्र 43 साल साकिन स्टेशन पारा राजनांदगांव ओ0पी0 चिखली के कब्जे से लोहे का समान 03 क्विंटल कीमती 7000/- रू0 को जप्त किया गया।

(03.) इस्त0क्र0 05/23 धारा 41 (1+4) जा0फौ0, 379 भा0द0वि0 के तहत कार्यवाही करते हुये आरोपी हसन भाई पिता स्व0 तार मोहम्मद उम्र 57 साल साकिन गंज लाईन मामा भांजा मजार के पास राजनांदगांव थाना केतवाली के कब्जे से लोहे का समान 07 क्विंटल कीमती 72,200/- रू0 को जप्त किया गया।

(04.) इस्त0क्र0 06/23 धारा 41 (1+4) जा0फौ0, 379 भा0द0वि0 के तहत कार्यवाही करते हुये आरोपी अनीष खान पिता सलीम खान उम्र 28 साल साकिन कंचन बाग लखोली राजनांदगांव थाना केतवाली के कब्जे से लोहे का समान कीमती 10,000/- रू0 को जप्त किया गया।

(05.) इस्त0क्र0 07/23 धारा 41 (1+4) जा0फौ0, 379 भा0द0वि0 के तहत कार्यवाही करते हुये आरोपी मोहम्मद गनी पिता रफीक भाई उम्र 48 साल साकिन कैलाश नगर राजनांदगांव थाना केतवाली के कब्जे से लोहे का समान 05 क्विंटल कीमती 12000/- रू0 को जप्त किया गया।

(06.) इस्त0क्र0 08/23 धारा 41 (1+4) जा0फौ0, 379 भा0द0वि0 के तहत कार्यवाही करते हुये आरोपी अरूण मुंदडा पिता गोपाल मुंदडा उम्र 45 साल साकिन केसर नगर लखोली राजनांदगांव थाना केतवाली के कब्जे से लोहे का समान 50 किलो कीमती 2,500/- रू0 को जप्त किया गया।

(07.) इस्त0क्र0 09/23 धारा 41 (1+4) जा0फौ0, 379 भा0द0वि0 के तहत कार्यवाही करते हुये आरोपी इमाम हबीब पिता इसराईल उम्र 35 साल साकिन गुरू घासीदास वार्ड नंदई चौक थाना बंसतपुर के कब्जे से लोहे का समान 01 क्विंटल कीमती 5000/- रू0 को जप्त किया गया।

इस प्रकार सभी सातो प्रकरण में उपरोक्त 07 आरोपियों के कब्जे कुल लगभग 29 क्विंटल लोहा जुमला कीमती करीबन 1,08,300/- रू0 को जप्त कर धारा 41 (1+4) जा0फौ0/ 379 भा0द0वि0 के तहत वैधानिक कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

## संपादकीय

# बाल विवाह क्यों नहीं रुकते हैं

कितने शर्म की बात है कि इस देश को आजाद हुए 70 साल से ज्यादा हो गए हैं और अब भी राज्यों में बालविवाह होते हैं। राज्यों में बालविवाह हो रहे हैं तो इसका मतलब यह है कि कानून होने के बाद भी राज्य सरकार सख्ती से कार्रवाई नहीं करती है। राज्य सरकारें बालविवाह को रोकने के लिए क्या करती हैं, वह कहीं बालविवाह की शिकायत मिलने पर वहां अधिकारियों को भेजती है,वह जिसके घर बालविवाह हो रहा होता है, वहां जाते हैं, दोनों पक्षों को समझाते हैं और विवाह की उम्र होने पर ही घर के युवक युवतियों का विवाह कराने की समझाइश देते हैं। 70 साल से ज्यादा हो गए हैं लोगों को समझाते कि बाल विवाह अपराध है। बाल विवाह बच्चों की सेहत के लिए ठीक नहीं है। उनके सुखी जीवन के लिए अभिशाप है, इससे देश की जनसंख्या बढ़ती है। कम उम्र में शादी करने से बच्चे ज्यादा पैदा होते है, इससे बच्चो क लालन पालन भी ठीक से नहीं हो पाता है। यह देश की 80 प्रतिशत से ज्यादा आबादा जानती है। इसके बाद भी कई राज्यों में बड़ी संख्या बालविवाह होते हैं तो उसे रोकने के लिए अब सख्ती जरूरी है। लोकतंत्र में सख्ती न होने के कारण जनसंख्या कम नहीं होती है। चीन में जनसंख्या पर जिस तरह नियंत्रण पाया गया है, उसी तरह भारत में भी पाया जा सकता है, भारत में भी कई नियम राज्यों ने बनाए हैं, लेकिन उसके बाद भी जनसंख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। जस समझाइश से काम नहीं चलता है तो सख्ती जरूरी हो जाती है। देश में कानून बनाया किसलिए गया है, जो भी अपराध करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। राज्य के किसी मुख्यमंत्री को कडाई कर मिसाल पेश करनी थी। बालविवाह रोकने के लिए असम के सीएम हेमंत विश्व सर्मा ने यह पहल की है और मिसाल पेश की है। अभी सख्ती के लिए जरूर उनकी आलोचना कुछ लोग कर रहे हैं लेकिन उनकी सख्ती की तारीफ करनेवाले भी कम नहीं है। वह कोई गलत काम नहीं कर रहे हैं। वह देश के कानून के अनुसार कार्रवाई कर रहे हैं। जिसने भी बालविवाह किया है या करवाया है, उनके खिलाफ वह बिना भेदभाव किए कार्रवाई कर रहे हैं। कोई भी अच्छा काम होता है तो इस देश में उसका विरोध शूर हो जाता है। यह सीधी सी बात लोगों को समझ नहीं आती है कि जो अपराध करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी तथा उसे सजा भी भुगतनी भी होगी। यह तो उन परिवारों की गलती है जिन्होंने यह जानते हुए भी उनके बच्चो की शादी उम्र नहीं हुई है और शादी की है, उन्होंने तो जानबूझकर अपराध किया है। वह बच्चों की शादी करते वक्त क्या यह नहीं जानते थे कि कम उम में बच्चों की शाती करना अपराध है। वह नहीं जानथे थे यह उस समाज की गलती भी है, कि उसने अपने लोगों को जागरूक नहीं किया। ऐसो तो हो नहीं सकता कि राज्य सरकार ने इस बात का प्रचार न किया हो कि बाल विवाह अपराध है। असम में पुलिस बाल विवाह मामले में कार्रवाई की जा रही है तो अब कुछ लोग विक्टिम कार्ड खेल रहे हैं कि अब उस बच्ची का क्यों होगा, उसके बच्चे का क्या होगा। जब शादी करते वक्त परिवार व समाज ने नहीं सोचा तो अब यह परविार व समाज को भुगतना होगा। कानून तो कानून है, किसी ने हत्या की है और पकड़ में नहीं आया और उसने शादी कर ली उसके बच्चे हो गए और पुलिस उसे पकड़ती है तो उसे सजा देती है तो क्या यह पुलिस के सोचने का विषय है कि उसकी पत्नी व बच्चों का क्या होगा। यह तो उस हत्या करने वाले के सोचने का विषय है. जब वह शादी कर रहा था तो उसने क्यों नहीं सोचा कि जब वह पकड़ा जाएग तो उसके बीबी व बच्चे का क्या होगा। बालविवाह समस्या होने के साथ ही अपराध भी है तथा उसे रोकने के लिए कानूनी कार्रवाई जरूरी है। बीबी व बच्चों को दुख को देख कर कानूनी कार्रवाई तो रोकी नहीं जा सकती। बाल विवाह रोकने कडी कार्रवआी जरूरी है, ऐसी कार्रवाई तो नियमित होनी चाहिए। कुछ लोग का तर्क है कि कानूनी कार्रवाई इस समस्या का समाधान नहीं हैं, लोगों को जागरूक करना इसका समाधान है। जो लोग सत्तर साल तक जागरूक करने के बाद जागरूर नहीं हुए हैं तो और कितने साल जागरूक करने पर जागरूर होंगे। अब समस्या का समाधान यही है कि लोगों को कार्रवाई कर बताने की जरूरत है कि आपर अपराध करोगे तो इसकी सजा भुगतनी पड़ेगी।

## आज का राशिफल

**आज का राशिफल**

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**

आज के दिन गृहक्लेश के कारण वातावरण कलुषित होगा। भाई-बंधू वैरभाव रखेंगे परिवार के अन्य सदस्य भी आपका पक्ष लेने से बचेंगे। जमीन जायदाद सम्बंधित कार्य जल्दबाजी अथवा भावुकता में ना करें अन्यथा बाद में पश्चाताप होगा। कार्य क्षेत्र पर व्यवसाय में सुधार आने से थोड़ी राहत मिलेगी। नौकरी पेशा वर्ग आज पर्यटन के मूड में रहेंगे। स्वास्थ्य सम्बंधित शिकायते भी रहने से शिथिलता आयेगी। अधिकारी वर्ग से किसी कारण बहस हो सकती है। आस-पड़ोसियों से सम्बन्ध मधुर बनेंगे। यथा सम्भव लंबी यात्रा टालें।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)**

आज का दिन आपको पुराने परिश्रम का फल देगा। व्यवहारिकता से बनाये सम्बन्धों से लाभ की संभावनाएं बनेगी। व्यवसाय से भी मध्यान तक प्रचुर मात्रा में लाभ अर्जित कर पाएंगे। परन्तु आज नए कार्यो में निवेश ना करें अन्यथा रुकावट आ सकती है। घरेलु कार्यो में व्यस्तता रहेगी सुखोपभोग की वस्तुओ पर खर्च करना पड़ेगा। रिश्तेदारी में जाना पड़ सकता है। सामाजिक क्षेत्र पर पारिवारिक स्थिति और ज्यादा बेहतर बनेगी। वाणी एवं व्यवहार की मधुरता किसी को भी आसानी से प्रभावित करेगी। धार्मिक क्षेत्र की यात्रा होगी दान पुण्य के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**

आज के दिन का पूर्वार्ध कुछ ख़ास नहीं रहेगा दैनिक कार्य सामान्य गति से चलते रहेंगे। कार्य क्षेत्र पर विलम्ब के कारण व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। अधूरे कार्य आज भी लटके रहने की संभावना है। मध्यान के बाद का समय कार्यो से मन भटकायेंगा। आज आप स्वयं को छोड़ इधर-उधर की बातों में ज्यादा रूचि लेंगे लेकिन किसी को बिना मांगे सलाह ना दे अन्यथा सम्मान में कमी आ सकती है दो पक्षो में सुलह कराने में भी आपकी महत्त्वपूर्ण भागीदारी रह सकती है। विरोधी शांत रहेंगे। धन लाभ आज चाह कर भी आशा के अनुकूल नहीं रहेगा। आनंद के अवसर मिलेंगे।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**

आपका आज का दिन साधारण रहेगा फिर भी मानसिक रूप से प्रसन्न रहने के वातावरण बनते रहेंगे। सेहत में थोड़ी खराबी रह सकती है गले अथवा छाती सम्बंधित रोग से कष्ट होगा। धार्मिक स्थल के कार्यक्रमो में रूचि से हिस्सा लेंगे घर में भी पूजा पाठ का आयोजन करा सकते है। कल की अपेक्षा आज अधिकांश समय मौन रहना पसंद करेंगे जिससे आस पास संवादहीनता का वातावरण बनेगा। परिवार में आपकी आवश्यकता बढ़ेगी। कीमती सामान संभाल कर रखे चोरी अथवा नष्ट होने की संभावना है। स्त्री वर्ग के प्रति नीरसता रहेगी।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**

आज के दिन भी अधिकांश समय परिस्तिथियां आपकी आशाओं के विपरीत रहेंगी। पारिवारिक उलझनों के चलते अपने आपको बंधन में अनुभव करेंगे। प्रियजनों के विषय में आप के विचार बदल जाएंगे। सामाजिक क्षेत्र पर भी स्वयं को अकेला पाएंगे जिससे सहायता मांगेंगे वही टालमटोल करेगा। सेहत दोपहर के समय नरम रहेगी इसके बाद धीरे धीरे स्थिति में परिवर्तन होने लगेगा। घर के बड़े सदस्य सहायता के लिए आगे आयएंगे परन्तु स्त्री से अनबन लगी रहेगी। सन्तानो का व्यवहार भी अनापेक्षित रहने से पीड़ा होगी। संध्या तक जोड़ तोड़ करके निर्वाह के साधन बना लेंगे।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**

आज के दिन आप प्रत्येक कार्यो में आलस्य-प्रमाद के कारण लाभ के अवसर हाथ से गवां सकते है। परिवार अथवा सहकर्मियो पर नाजायज अधिकार चलाने के कारण उग्र वातावरण बनेगा। वाणी में भी कड़वाहट रहने से लोग दूरी बनाएंगे। व्यवसाय में मन से परिश्रम करने के बाद भी किसी मामूली गलती के कारण लाभ आगे के लिये टल सकता है प्रतिस्पर्धा कम् रहने का उचित लाभ नहीं उठा पाएंगे। ससुराल पक्ष से सम्बन्ध असामान्य रहेंगे। माता-पिता की सेहत के कारण चिंता रहेगी। स्त्री का सहयोग मिलेगा। सन्तानो के ऊपर आज अधिक स्नेह रहेगा।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**

आज के दिन आपको घर अथवा व्यावसायिक क्षेत्र पर कुछ विशेष कार्य सौंपे जा सकते है इन्हें यथा शीघ्र पूर्ण कर लेंगे। वरिष्ठ लोग आपकी परीक्षा विभिन्न तरीकों से लेंगे इसमें सफलता निश्चित मिलेगी फिर भी हित शत्रु व्यवधान डालेंगे। चुनातियों का सामना करने में सक्षम रहेंगे लेकिन मध्यान के बाद आलस्य बढ़ने से स्थिति डांवाडोल हो सकती है। व्यापारियों को धन लाभ बीच बीच में होते रहने से संतोष रहेगा। पारिवारिक वातावरण में सुधार आएगा परिजन आज आपकी भावनाओं की कद्र करेंगे। परन्तु किसी कामना की पूर्ति ना होने पर रूठना मनाना लगा रहेगा।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**

आज दिन का पहला भाग सुख-शांति से व्यतीत करेंगे आलस्य के कारण घरेलु कार्यो को अनदेखा करेंगे जिससे मामूली नोकझोंक हो सकती है। सेहत लगभग सामान्य ही रहेगी परन्तु घर में किसी सदस्य के स्वास्थ्य पर खर्च करना पड़ेगा। कार्य क्षेत्र पर आरम्भ में स्थिति लाभदायक रहेगी आशा के अनुसार व्यवसाय होगा परन्तु धन लाभ नियोजित नहीं होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य अधूरे रह सकते है। कार्य क्षेत्र पर बदलाव करने के विचार भी बनेंगे। मध्यान के बाद से परिस्थिति बदलेगी कार्यो में अड़चने आने लगेगी फिर भी मनोरंजन के अवसर मिलते रहेंगे।

# छत्तीसगढ़ के पत्थर शिल्प और आदिवासी संस्कृति

**कला संस्कृति**

**पुखराज प्राज,छत्तीसगढ़**

भारत में पत्थर पर नक्काशी की परंपरा दुनिया की सबसे समृद्ध परंपराओं में से एक है। 7 वीं शताब्दी ईसा पूर्व से राजमिस्त्री और पत्थर पर नक्काशी करने वालों के संघ यहां मौजूद हैं। कौशल को पिता से पुत्र तक पारिवारिक विद्या के रूप में सौंप दिया गया था, यह प्रथा आज भी देश के कुछ हिस्सों में प्रचलित है। पत्थर की नक्काशी की शास्त्रीय परंपरा वास्तुकला से घनिष्ठ रूप से जुड़ी हुई थी। भारत के सभी प्रमुख मंदिर-चाहे वह पुरी, कोणार्क, खजुराहो, कैलाश मंदिर, या महाबलीपुरम में शोर मंदिर हों- भारतीय पत्थर की नक्काशी की समृद्ध परंपरा को दर्शाते हैं। ग्रेनाइट, मार्बल, क्वार्टजाइट, स्लेट और अन्य मेटामॉर्फिक चट्टानों जैसी विभिन्न प्रकार की कठोर चट्टानों से समृद्ध राजस्थान की भूगर्भीय रूप से पुरानी भूमि पत्थर-नक्काशी का स्वर्ग रही है। मध्यकाल से ही, उच्च गुणवत्ता वाले पत्थर की उपलब्धता (ईंट का उपयोग लगभग अज्ञात था) ने राजस्थानी निर्माता के लिए मजबूत और सुंदर किलों, महलों और मंदिरों का निर्माण करना आसान बना दिया। भरतपुर, बरौली, रामगढ़, नागदा, अजमेर, चित्तौड़, मंडोर, जैसलमेर, बीकानेर और उदयपुर के प्राचीन और मध्यकालीन मंदिरों में पाई जाने वाली मूर्तियां राजस्थानी पत्थर तराशने वालों के कलात्मक कौशल की बहुत प्रशंसा करती हैं। मंदिर की नक्काशी के अलावा, राजस्थान के पत्थर पर नक्काशी करने वाले अपनी जाली (जाली के काम) की नक्काशी के लिए जाने जाते हैं। राजस्थान की अधिकांश प्राचीन महलनुमा इमारतों के दरवाजों और खिड़कियों पर जाली लगी है। बलुआ पत्थर और संगमरमर दोनों से तराशी गई जाली स्क्रीन का उपयोग अक्सर जनाना (महिलाओं के क्वार्टर) की खिड़कियों में किया जाता था, जिससे पर्दा में महिलाएं बिना देखे ही अदालतों की घटनाओं को देख पाती थीं। जटिल ज्यामितीय पैटर्न के माध्यम से ताजी हवा के पारित होने की अनुमति देते हुए स्क्रीन ने तत्वों से सुरक्षा की पेशकश की।

राजस्थान देश में पत्थर की नक्काशी के प्रमुख केंद्रों में से एक बना हुआ है। राजधानी शहर जयपुर राजस्थान में संगमरमर की नक्काशी का केंद्र है। यहां कोई भी कारीगर देवताओं की संगमरमर की छवियों के साथ-साथ घरेलू बर्तन जैसे मसाले पीसने और आटा गूंथने के लिए कटोरे बनाते हुए देख सकता है। अजमेर, उदयपुर, जोधपुर और बीकानेर में, शाही महलों के स्क्रीन और पैनलों पर किए गए जटिल जाली काम के कुछ बहुत अच्छे उदाहरण देखने को मिलते हैं।

राज्य में कई खदानों से निकाले गए संगमरमर और बलुआ पत्थर की उत्तम गुणवत्ता ने राजमिस्त्री और मूर्तिकारों की परंपरा को जन्म दिया। मकराना की खदानें काफी प्रसिद्ध हैं, क्योंकि इन्हीं खदानों से ताजमहल में इस्तेमाल किए गए संगमरमर का खनन किया गया था। मकराना खानों से संगमरमर का उपयोग करके माउंट आबू में उत्तम दिलवाड़ा जैन मंदिर भी बनाए गए थे। रूपबास (आगरा के पास) और करौली अभी भी लाल बलुआ पत्थर का उत्पादन करते हैं जिसका उपयोग मुगलों ने आगरा, दिल्ली और फतेहपुर सीकरी में अपने किलों और महलों के निर्माण के लिए किया था। पूर्वी राजस्थान में, कोटा फर्श बनाने के लिए ग्रे पत्थर का उत्पादन करता है, बाड़मेर नाजुक नक्काशी के लिए पीले संगमरमर का उत्पादन करता है और अजमेर ग्रेनाइट का उत्पादन करता है। डूंगरपुर की खदानों से खनन किए गए नरम रंगीन पत्थर का उपयोग राज्य के पत्थर तराशने वालों द्वारा देवी-देवताओं की छवियों को तराशने के लिए किया जाता है। तेल लगाने पर पत्थर काला हो जाता है। जैसा कि इन छवियों की विषय वस्तु दिव्य है, मूर्तिकारों को शिल्प शास्त्र, मूर्तिकला और वास्तुकला पर एक प्राचीन हिंदू ग्रंथ में निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार काम करना आवश्यक है। पूरे राज्य में धार्मिक विषयों को पत्थरों पर उकेरा गया है। पूरे राज्य में पत्थर की विभिन्न किस्मों में सजीव प्रतिमाओं को कुशलता से उकेरा जाता हुआ देखा जा सकता है। जयपुर में, सफेद संगमरमर का उपयोग देवी-देवताओं की मूर्तियों के साथ-साथ जानवरों और मानव आकृतियों को उकेरने के लिए किया जाता है।

छत्तीसगढ़ के पत्थर शिल्प आदिवासी संस्कृति और स्थानीय कारीगरों की कलात्मकता का एक समामेलन है। जनजातियों द्वारा बनाए गए पत्थर के लेख रचनात्मक उत्साह के उदाहरण हैं। छत्तीसगढ़ के ये शिल्प यहां के मूल निवासियों की सादगी और प्रखरता को भी दर्शाते हैं।अच्छी गुणवत्ता वाले पत्थरों की पर्याप्त उपलब्धता के कारण छत्तीसगढ़ के पत्थर शिल्प ने बहुत ऊंचाइयां प्राप्त की हैं, जिन्हें आसानी से तराशा जा सकता है और वे नाजुक नहीं हैं। छत्तीसगढ़ में पत्थर शिल्प की परंपरा को यहां के आदिवासी कारीगरों ने संजोए रखा है। बस्तर अंचल में गुलाबी और सफेद रंग के सुदापाल पत्थर नामक पत्थर की उपलब्धता, पत्थर की नक्काशी के लिए अत्यधिक उपयोग की जाती है क्योंकि वे नरम और आसानी से सुलभ होते हैं। कारीगर पत्थर की नक्काशी के लिए बसुला (पत्थर काटने वाला), छेनी जिसे पटासिस कहते हैं आदि जैसे विभिन्न टोलों का उपयोग करते हैं और नक्काशी पूरी होने के बाद कारीगर वस्तुओं को एक प्राकृतिक चमक देने के लिए सैंडपेपर से वस्तुओं को पॉलिश करते हैं। पॉलिशिंग भी पत्थरों से की जाती है जिन्हें बट्टा कहा जाता है। कारीगर घुमावदार रूपांकनों के साथ जटिल डिजाइन बनाते हैं। कारीगरों को माप की भावना का अच्छा ज्ञान होता है और आंकड़ों को सही अनुपात देने के लिए, कारीगर माप के यंत्र जैसे सरल कम्पास का उपयोग करते हैं जिसे गुनिया कहा जाता है। छत्तीसगढ़ के पत्थर शिल्प में पत्थर की वस्तुओं को पूर्ण रूप से बनाने में महिलाओं और बच्चों की भागीदारी शामिल है। मुख्य रूप से पुरुष नक्काशी करते हैं और महिलाएं और बच्चे वस्तुओं को चमकाने में लगे रहते हैं। मूर्तियों की पहचान अलग-अलग नामों से की जाती है जैसे टटिया साज और अक्षंग मूर्तियां। जहां टटिया साज की मूर्तियां एक मोटी चट्टान पर द्वि-आयामी राहत कार्य के रूप में उकेरी गई हैं, वहीं अक्षंग मूर्तियां त्रि-आयामी हैं। कारीगर अपनी कलात्मकता और अनुभव के साथ इन मूर्तियों को बिना किसी निर्धारित माप के जटिल नक्काशी के साथ बनाते हैं। शिल्पकार हनुमान, गणेश, शिव, पार्वती की मूर्तियों का निर्माण करते हैं और कभी-कभी मानव और जानवरों की आकृतियाँ भी बनाई जाती हैं जो छत्तीसगढ़ की पत्थर की नक्काशी के लिए विशिष्ट हैं। श्योपुर एक ऐसा स्थान है जहां पत्थर शिल्प के पारंपरिक रूप का अभ्यास किया जाता है। यह शिल्प मुख्य रूप से क्षेत्र के आदिवासी लोगों द्वारा किया जाता है। आदिवासी कारीगर जटिल लता डिजाइनों के साथ दरवाजे के फ्रेम को भी सजाते हैं और विभिन्न मूर्तियां भी बनाते हैं। छत्तीसगढ़ के पाषाण शिल्प मास्टर वर्क हैं जो कला प्रेमियों और पर्यटकों को भी आकर्षित करते हैं। दुनिया के विभिन्न देशों में कलाकृतियों का निर्यात होने के कारण विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न क्षेत्रों में पत्थर शिल्प का विस्तार हो रहा है।

# रामचरित मानस पर विवाद, राजनीतिक फसाद

**चर्चित मुद्दा**

**डॉ सत्यवान सौरभ**

जब रामायण में प्रभु श्री राम के बारे में पढ़ते हैं और जो वर्तमान समाज में राम को जातीय, राजनीति के आधार पर बांटते है तो दोनों में जमीन आसमान का फर्क है। राम जैसा कोई नहीं वह सबका हित चाहते थे। भरत के लिए आदर्श भाई, हनुमान के लिए स्वामी, प्रजा के लिए नीति-कुशल व न्यायप्रिय राजा, सुग्रीव व केवट के परम मित्र और सेना को साथ लेकर चलने वाले व्यक्तित्व के रूप में भगवान राम को पहचाना जाता है। उनके इन्हीं गुणों के कारण उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम राम के नाम से पूजा जाता है। आज यदि हम अपने अंदर झांक कर देखे कि क्या हमारे अंदर उनके जैसा एक गुण भी मौजूद है नहीं, तो फिर हम उन्हें सिर्फ राजनीतिक मनसा को पूरा करने के लिए उनके नाम पर राजनीति क्यों करें राम त्याग के प्रतिमूर्ति है क्या कोई अपना सर्व निछावर कर के दूसरो के हित चाहेगा दुनिया मे ऐसा कोई इंसान नही जो उनकी जगह ले सके। राम तो राम है और राम से बड़ा उनका नाम है। इसलिये घिनौनी मनसा लेकर राजनीति करना बंद करें।। राम किसी विशेष जाति के लिए नहीं बने जो उन्हें निर्मल मन से भजता है, राम को वही प्रिय है। रामचरितमानस पर चल रहे विवाद के संदर्भ में सोचे तो क्या सैंकड़ों साल पहले लिखे गए इस महाकाव्य में क्या किसी ब्राह्मणवादी या किसी पुरुषवादी ने छेड़छाड़ नहीं की होगी जो महाकवि अपने काव्य में कई उदात्त चरित्रों को गढ़ता है उसके मन में क्षुद्र विचार कैसे आ सकते हैं जो अपने नायक को भीलों को गले लगाना,शबरी के जूठे बेर खाना ही नहीं तिरस्कृत स्त्री अहिल्या को सम्मान दिलाने जैसे प्रसंग लिखता है, वह शूद्रों और स्त्री के विरोधी शब्दों को कैसे लिख सकता है जिसने खुद तत्कालीन ब्राह्मण समाज का बहिष्कार किया और भाषाई स्तर पर विद्रोह किया। वह ब्राह्मणों का ऐसा समर्थक कैसे हो सकता है कि पूजिए विप्र ज्ञान गुण हीना लिख दे हो सकता है कि ढोल, गंवार, शूद्र पशु, नारी की जगह तुलसीदास जी ने ढोल, गंवार, क्षुब्ध पशु, रारी लिखा हो और किसी कुढ़मगज ने उसे अपने चिंतन के अनुरूप कर लिया हो हमें रामचरितमानस का फिर से गहन संपादन करना होगा और इस तरह कि कवि की प्रवृत्ति के विपरीत दोहे और चौपाइयों को समझकर और सुधार के प्रस्तुत करना होगा। यह इसलिए भी बहुत जरूरी है क्योंकि रामचरितमानस केवल एक महाकाव्य ही नहीं भारतीय समाज के द्वारा सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला ग्रंथ भी है और आप किसी अनपढ़ व्यक्ति के मुंह से भी मानस की चौपाइयां सुन सकते हैं।कहने का तात्पर्य यह कि भारतीय जनमानस से रामचरितमानस को निकाला नहीं जा सकता। हां, इसका संशोधित संस्करण जरूर प्रचलित किया जा सकता है।

घर में उनकी उपस्थिति मात्र से शुभ संयोग बने रहते हैं। हर आस्तिक और नास्तिक सनातनी के घर में रामचरितमानस और श्रीमद् भागवत गीता होनी चाहिए। आस्था के लिए पढ़ें या ज्ञान ग्रहण करने के लिए। अपने अपने उपयोग हो सकते हैं। व्यवहार कुशलता, प्रबंधन, रणनीति, आपत्तिकाल में सूझबूझ से काम लेना, सामाजिक आचरण, धन प्रबंधन आदि बहुत कुछ सीखा जा सकता है। रही बात इन पवित्र ग्रंथों को लेकर मुख से मल विसर्जन करने वालों की तो उन्हें बिल्कुल महत्व मत दीजिए। ये अपने माता पिता की पूजनीयता पर भी प्रश्न उठा सकते हैं।ऐसे लोग कुतर्क कर सकते हैं कि माता पिता ने तो अपने वैवाहिक संबंध का निर्वाह किया,उन्हें पूजना क्यों और चरण स्पर्श क्यों जिस कालखंड में ग्रंथ रचे गए तब कैसे शब्द, भाषा शैली, जाति व्यवस्था प्रचलित थी इसका ज्ञान है क्या किसी को हम तो वो लोग हैं जो रावण से भी ज्ञान ग्रहण करने में हिचकते नहीं। रामचरितमानस भारत की परंपराओं का निचोड़ है। मानस स्वयं मे भारत है। और केवल मानस ही भारत है। केवल मानस ही सनातन है। भारत में जो कुछ भी वंदनीय है, अनुकरणीय है। बचाने योग्य है। वह सब केवल मानस में है। यह देश, आज मानस को नहीं समझ पा रहा है। शबरी, भील, केवट, अहिल्या, को नहीं समझ पा रहा है। नहीं समझ पा रहा है,कि जिन्हें हम वानरों और रीछों की सेना कहते हैं, वो इस देश की आदिवासी परंपरा रही है। जिन्हें हम वंचित मान बैठे हैं, वो ही तो राम जी की लड़ाई के असली योद्धा, असली नायक रहे हैं। मानस स्वयं में सार है। हर दोहा, और छंद, और चौपाई, इस राष्ट्र की अनुपम, अतुल्य, सर्व समाहित जीवंत परंपरा का द्योतक है। मानस का अपमान स्वयं मे भारत का अपमान है। इससे बड़ा राष्ट्रद्रोह हो ही नहीं सकता है। सकल हिन्दू समाज, सरकार, जन-जन को उठना होगा। अपनी कापुरुषा, अपनी नपुंसकता छोड़, छुद्र राजनीतिक स्वार्थ, नफा नुकसान त्याग, आग की तरह धधकना होगा। मानस की लाज न रख पाने वाला समाज, धर्म, सरकार और हम,कल अपनी मां, अपनी बहन, अपनी बेटी, अपनी आत्मा का भी सम्मान खो देंगे।दरअसल आजकल लोग जातिवाद के चलते चौपाई और श्लोकों के गलत अर्थ निकालने लगे हैं। उसके संदर्भ को काटकर वे उसके भाव को नहीं पकड़ते हैं। प्राचीन काल के गुरुकुल में हर जाति और संप्रदाय का व्यक्ति पढ़कर उच्च बनता था। वेदों को लिखने वाले ब्राह्मण नहीं थे। वाल्मीकि रामायण किसी ब्राह्मण ने नहीं लिखी। महाभारत और पुराण लिखने वाले वेद व्यास जी निषाद कन्या सत्यवती के पुत्र थे। रामचरितमानस हिंदुओं के लिए सिर्फ धार्मिक ग्रंथ ही नहीं बल्कि जीवनदर्शन है और संस्कारों से जुड़ा हुआ है। मानस कोई पुस्तक नहीं बल्कि मनुष्य के चरित्र निर्माण का विश्वविद्यालय है और लोगों के कार्य, व्यवहार में इसे स्पष्ट से देखा जा सकता है।

# अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर छत्तीसगढ़ का सिरपुर ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्ता के कारण है आकर्षण का केंद्र

सिरपुर छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में महानदी के तट स्थित एक पुरातात्विक स्थल है। इस स्थान का प्राचीन नाम श्रीपुर है यह एक विशाल नगर हुआ करता था तथा यह दक्षिण कोशल की राजधानी थी। सोमवंशी नरेशों ने यहाँ पर राम मंदिर और लक्ष्मण मंदिर का निर्माण करवाया था। ईंटों से बना हुआ प्राचीन लक्ष्मण मंदिर आज भी यहाँ का दर्शनीय स्थान है। उत्खनन में यहाँ पर प्राचीन बौद्ध मठ भी पाये गये हैं। अंतराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर सिरपुर अपनी ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्ता के कारण आकर्षण का केंद्र हैं। यह पांचवी से आठवीं शताब्दी के मध्य दक्षिण कोसल की राजधानी थी। सिरपुर में सांस्कृतिक एंव वास्तुकौशल की कला का अनुपम संग्रह हैं। भारतीय इतिहास में सिरपुर अपने धार्मिक मान्यताओ और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के कारण आकर्षण का केन्द्र था और वर्तमान में भी ये देश विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। सिरपुर के एतिहासिक महत्व को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन की तरफ से प्रत्येक वर्ष यहां पर सिरपुर महोत्सव का आयोजन किया जाता है। छत्तीसगढ़ के विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल सिरपुर में माघ पूर्णिमा के अवसर पर होने वाले तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव का हर किसी को इंतजार रहता है। रविवार को खाद्य एवं संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत ने तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव का शुभारंभ करते हुए सभी प्रदेश वासियों को माघी पूर्णिमा सिरपुर महोत्सव की शुभकामनाएं दी हैं।

गंधेश्वर महादेव का मंदिर

सिरपुर का एक अन्य मंदिर गंधेश्वर महादेव का है। यह महानदी के तट पर स्थित है। इसके दो स्तम्भों पर अभिलेख उत्कीर्ण हैं। कहा जाता है कि चिमणाजी भौंसले ने इस मन्दिर का जीर्णोद्धार करवाया था। सिरपुर से बौद्धकालीन अनेक मूर्तियाँ भी मिली हैं। जिनमें तारा की मूर्ति सर्वाधिक सुन्दर है। सिरपुर का तीवरदेव के राजिम-ताम्रपट्ट लेख में उल्लेख है। 14वीं शती के प्रारम्भ में, यह नगर वारंगल के ककातीय नरेशों के राज्य की सीमा पर स्थित था। 310 ई. में अलाउद्दीन खलिजी के सेनापति मलिक काफूर ने वारंगल की ओर कूच करते समय सिरपुर पर भी धावा किया था, जिसका वृत्तान्त अमीर खुसरो ने लिखा है। सिरपुर महोत्सव आधुनिकता के दौर में भी अपनी प्राचीन संस्कृति और भव्यता को बनाये हुए है। युवा पीढ़ी को यहाँ की बौद्ध विरासत तथा लोककला एवं संस्कृति को जानने का अवसर मिलता है। सिरपुर लोगों की आस्था और श्रद्धा का केन्द्र है जिसे देखने और महसूस करने के लिए देश विदेश से लोग यहां पहुंचते हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य में हर तरफ विकास के काम हो रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राज्य के लोक कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए योजना बनायी है जिससे स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहन मिल रहा है।





## सेहत

# बहती नाक से पीड़ित हैं तो अपनाएं ये 5 घरेलू नुस्खे, जल्द मिलेगा आराम



इस बदलते मौसम में तापमान और नमी में बदलाव के कारण लोग सर्दी, खांसी और बहती नाक जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। ये समस्याएं भले ही आम हों, लेकिन इनके कारण आपको सिर में दर्द, अच्छा महसूस न होना और सांस लेने में मुश्किल जैसी कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आइए आज हम आपको पांच ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जिनसे बहती नाक को जल्दी ठीक किया जा सकता है।

### गरम तरल पदार्थ पीएं

बहती नाक से पीड़ित होने पर गरम तरल पदार्थ पीने से आपकी नाक और गले को आराम मिलता है। यह आपके शरीर को हाइड्रेट भी करता है और वायरल संक्रमण को दूर रखने में भी मदद करता है। बहती नाक के लक्षणों से राहत पाने के लिए आप अदरक की चाय, फल और प्याज की चाय, लहसुन की चाय या दालचीनी की चाय भी पी सकते हैं। आप एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर हल्दी का दूध भी पी सकते हैं।

### हर्बल भाप लेने से मिलेगा आराम

भाप लेने से बलगम ढीला हो जाता है, जिसके बाद आप इसे आसानी से बाहर निकाल सकते हैं। इससे आपको बहती नाक के लक्षणों को दूर करने में मदद मिलेगी। आप मयानी नामक जड़ी-बूटी का उपयोग करके हर्बल भाप ले सकते हैं, जो अपने कई गुणों के लिए जानी जाती है। इसके लिए मयानी के पत्तों को पानी के साथ उबालकर उसकी भाप लें। इससे आपको तुरंत आराम मिलेगा। आप नीलगिरी के तेल का भी उपयोग कर सकते हैं।

### सिकाई करने से मिलेगी राहत

सिकाई करने से आपके साइनस क्षेत्र में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ जाता है, जिससे आपको बहती नाक से राहत मिल सकती है। इसके लिए एक सूती कपड़े को गरम पानी में भिगोकर 15 से 20 मिनट के लिए उसे अपने माथे और नाक पर रखें। आप जिस हवा में सांस लेते हैं, उसमें मौजूद नमी से राहत पाने के लिए आप रोजाना कई बार सिकाई कर सकते हैं। इससे आपको कोई भी नुकसान नहीं होगा।

### नेति पॉट का भी कर सकते हैं इस्तेमाल

बहती नाक जैसी साइनस की समस्या और बेचैनी के इलाज के लिए नेति पॉट एक प्रभावी उपाय है। यह एक ऐसा उपकरण है, जो नाक और साइनस को बाहर निकालने के लिए उपयोग किया जाता है। दिखने में यह छोटी चायदानी जैसा लगता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए पॉट में नमक और गुनगुने पानी का घोल डालें और फिर इस घोल को एक नाक में डालकर दूसरी नाक से निकाल दें।

### पर्याप्त नींद लेने का रूटीन बनाएं

बहती नाक की परेशानी रात में ज्यादा खराब हो सकती है क्योंकि जब आप लेटते हैं तो गुरुत्वाकर्षण के कारण बलगम निकलने के बजाय सिर में जमा हो जाता है। इससे बचाव के लिए आप अपने सिर के नीचे एक अतिरिक्त तकिया रख सकते हैं और अपने बिस्तर के किनारे एक कूल-मिस्ट वेपोराइजर रख सकते हैं। इससे बलगम पतला होगा और आपको सांस लेने में आसानी होगी। आप चाहें तो नेजल ब्रीदिंग स्ट्रिप भी पहन सकते हैं।

# नगर पालिका के 72 प्लेसमेंट कर्मचारी हड़ताल पर

## जल, नगर सफाई व स्ट्रीट लाइट आपूर्ति ठप, पूरी रात अंधेरे के आगोश में रही धर्म नगरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 7 फरवरी।** प्लेसमेंट प्रथा के खिलाफ व नियमितिकरण की मांग को लेकर प्रदेश भर के नगरीय निकायों के करीब 10 हजार कर्मचारी हड़ताल पर हैं जिससे शहरों में साफ सफाई, नल, जल, बिजली समेत तमाम प्रकार की मूलभूत सुविधाओं पर संकट छा गया है। दंतेवाड़ा नगर पालिका के अधिकांश कर्मचारी हड़ताल का समर्थन करने राजधानी रायपुर कूच कर गए हैं जिसके चलते बीती रात नगर की तमाम स्ट्रीट लाइटें बंद रही। सबसे बड़ी समस्या लोगों के घरों में जल आपर्ति नहीं होने से हो रही है। नगरवासी इस बात से खासे नाराज हैं कि नगर प्रशासन ने ऐसे वक्त के लिए वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं किया है? टैक्स देने वाली जनता को आखिर उनके हाल पर क्यों छोड़ दिया गया है? प्रशासन व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि क्यों जनता की सुध नहीं ले रहे? ये ज्वलंत प्रश्न आज नगर क्षेत्र की जनता उन तमाम जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन में बैठे आला अफसरान से कर रही है।





गौरतलब है कि वर्ष 2023 चुनावी वर्ष है। जैसे जैसे चुनाव का महिना व समय नजदीक आ रहा है अलग अलग संघ संगठन, अपनी अपनी मांगों को लेकर हडताल पर जाने की चेतावनी सरकार को दे रहे हैं। इसी कड़ी में नगरीय निकायों में कार्यरत प्रदेश भर के प्लेसमेंट कर्मचारी नियमितिकरण एवं प्लेसमेंट प्रथा को खत्म करने की मांग को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं। मंगलवार को राजधानी रायपुर में एक दिवसीय महाधरना प्रदर्शन का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें दंतेवाड़ा नगर पालिका के भी करीब 72 प्लेसमेंट कर्मचारी हड़ताल का समर्थन करने रायपुर गए हुए हैं। प्लेसमेंट कर्मचारियों के एकाएक हड़ताल पर चले जाने से अचानक नगर की साफ सफाई, स्ट्रीट लाईटें, जल आपूर्ति पूरी तरह से ठप पड़ गई है। बीती रात नगर के मुख्य मार्ग समेत वार्डो के स्ट्रीट लाईट बंद रही जिससे नगर में पूरी तरह अंधेरा छा गया था। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो व्लैक आउट हो गया है। सफाई कर्मियों के हड़ताल पर जाने से नगर की नाली एवं सड़कों की सफाई भी नहीं हो पा रही है जिससे नगर में चहुंओर गंदगी पसर गया है। कल शाम से घरों में नगर पालिका की जल आपूर्ति भी पूरी तरह बंद पड़ी है जिससे लोग पानी की समस्या से भी खासे जूझ रहे हैं। सार्वजनिक नलों की टोटी भी सूखी पड़ी है। हालांकि पालिका के स्थाई कर्मचारी एवं अधिकारी यह दावा कर रहे हैं कि उनकी तरफ से हर संभव कोशिश की जा रही है कि नगर में सफाई एवं जल आपर्ति की व्यवस्था में कोई बांधा नहीं आने दिया जाएगा लेकिन फिलहाल तो वार्डवासियों को परेशानियों का सामना ही करना पड़ रहा है। सवाल यह कि जब पहले से नगर प्रशासन को यह मालुम था कि प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल होने वाली है और उनके हड़ताल पर जाने से बिजली, सफाई एवं पानी की समस्या खड़ी हो सकती है तो ऐसे में पूर्व से ही इसकी तैयारी क्यों नहीं किया गया था? वार्डवासियों को अंधेरे में क्यों रखा गया? पानी जैसी अति आवश्यक आपर्ति को बंद क्यों होने दिया गया? वार्डवासियों की सुध न तो स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने लिया न प्रशासन ने कोई राहत दी जिससे लोगों में घोर नाराजगी व्याप्त है चुनावी वर्ष होने से कहीं ना कहीं इसका असर आगामी चुनाव में भी पड़ सकता है।

## एक नजर

### सराधुनवागांव गौठान में गोबर वाल पुट्टी निर्माण इकाई एवं बोरी सिलाई मशीन का शुभारंभ

**उत्तर बस्तर कांकेर 7 फरवरी।** जिले के चारामा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सराधुनवागांव गौठान में गोबर वाल पुट्टी निर्माण इकाई एवं बोरी सिलाई मशीन स्थापित किया गया है, जिसका शुभारंभ भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी के द्वारा आज किया गया। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत चारामा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीएस बढ़ाई के प्रयासो तथा चारामा के बिहान टीम द्वारा हैण्ड होल्डिंग सपोर्ट से सराधुनवागांव के गौठान में गोबर वाल पुट्टी निर्माण इकाई एवं बोरी सिलाई मशीन स्थापित किया गया है, जिसका शुभारंभ विधायक श्रीमती मण्डावी द्वारा किया गया। शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती श्रीमती सावित्री मनोज मण्डावी ने पुट्टी निर्माण इकाई व खाद बोरी सिलाई मशीन में शामिल स्व-सहायता समूह को अधिक से अधिक पुट्टी निर्माण एवं बोरी सिलाई कर आर्थिक रूप से सशक्त होने के लिए प्रेरित किया तथा जिला प्रशासन व बिहान टीम की प्रशंसा की। उन्होंने गौठान में चल रहे गतिविधियां जैसे-गोबर पेंट इकाई, अण्डा उत्पादन, वर्मी खाद उत्पादन एवं सब्जी उत्पादन की सराहना की साथ ही शासकीय कन्या महाविद्यालय से गौठान एक्सपोजर में आये छात्राओं को अच्छे से सीख कर अपने जीवन में उतारने को कहा। कलस्टर अध्यक्ष जागेश्वरी भास्कर के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि सराधुनवागांव के गौठान में गोबर पेंट इकाई का शुभारंभ 22 दिसम्बर 2022 को हुआ था तथा अब तक 16 लाख रुपये का उत्पादन किया गया, जिसमे से 09 लाख रुपये का विक्रय भी हो चुका है।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मेला का अयोजन 13 फरवरी को

**बीजापुर 7 फरवरी।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई) बीजापुर में राष्ट्रीय अप्रेन्टिशिप मेला का आयोजन 13 फरवरी को प्रातः 9 बजे से किया जाऐगा। इस मेले में आई.टी.आई. के समस्त व्यवसायों के उर्त्तीण प्रशिक्षणार्थियो औद्योगिक प्रतिष्ठान एवं संस्थानों से ऑनलाईन पंजीयन तथा राष्ट्रीय अप्रेन्टिशिप से संबंधित जानकारी दी जायेगी। इसमें आई.टी.आई उर्त्तीण प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार का अवसर मिल सकेगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिये प्रशिक्षणार्थी, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बीजापुर में कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर सकते है।

### ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के लिए अनुमति आवश्यक

**उत्तर बस्तर कांकेर 7 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा जिले में हायर सेकेण्डरी, हाईस्कूल, शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के लिए प्राधिकृत अधिकारियों से अनुमति आवश्यक किया गया है। छत्तीसगढ़ कोलाहल प्रदूशण नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा-4 एवं धारा-6 के अंतर्गत तीव्र संगीत, हार्नटाइप, ध्वनि विस्तारक का उपयोग अनुज्ञा के बिना तत्काल प्रभाव से सम्पूर्ण जिला कांकेर में राजस्व सीमा के अन्दर प्रतिशेध किया गया है। अधिनियम की धारा-7 के अंतर्गत ध्वनि विस्तारक चलाये जाने के लिए अनुमति हेतु कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिसमें तहसील कांकेर के लिए प्राधिकृत अधिकारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी कांकेर होंगे। तहसील चारामा के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी चारामा, तहसील नरहरपुर के लिए तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी नरहरपुर, तहसील सरोना के लिए तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरोना, तहसील भानुप्रतापपुर के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी भानुप्रतापपुर, तहसील दुर्गूकोंदल के लिए तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी दुर्गूकोंदल, तहसील अंतागढ़ के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी अंतागढ़ तथा तहसील पखांजूर हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी पखांजूर को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा प्राधिकृत अधिकारियों को परीक्षा के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्र चलाये जाने की अनुमति हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की पंजी रखने तथा प्रत्येक प्राप्त आवेदन पत्रों की तिथि एवं समय दर्ज करने के निर्देश दिए गये हैं।

### सीताराम को मिल रही है सौर ऊर्जा से मछलीपालन एवं सब्जी की खेती में सुविधा

**उत्तर बस्तर कांकेर 7 फरवरी।** जिले के पहुंचविहीन एवं अविद्युतीकृत क्षेत्रों में सौर सुजला योजना के माध्यम से सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सैकड़ों किसान अपने खेतों में सौर ऊर्जा से सोलर पंप लगाकर खेंतों की सिंचाई कर रहे है। सौर ऊर्जा से पंप चनले से किसानों को विद्युत विभाग के चक्कर लगाने तथा लो वोल्टेज की समस्या से राहत मिल रही है और बार-बार बिजली गुल जैसी समस्या तथा भारी भरकम बिजली बिलों से छुटकारा मिल रहा है। दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के ग्राम सुरूंगदोह के किसान सीताराम ने बताया कि उनकी खेत पहाड़ी क्षेत्र में होने के कारण विद्युत लाईन पहुंच पाना असंभव था, जिस पर वह सिंचाई सुविधा के अभाव में सिर्फ वर्शा आधारित खेती करते थे। जब उन्हे सौर सुजला योजना के बारे में जानकारी मिली तो अपने जमीन पर तीन हार्स पावर के सोलर पंप स्थापित कर लिया।

# मिलन समारोह में शामिल हुए कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली/किरंदुल 7 फरवरी।** लौहनगरी किरंदुल में बैलाडीला कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया इस स्नेह मिलन समारोह में मुख्य अतिथि एनएमडीसी मुख्य महाप्रबंधक विनय कुमार ,एसडीएम अरुण कुमार सोम, एडिशनल एसपी आर के बर्मन, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी , महाप्रबंधक आरसीएल मित्तल राघवेलू ,वन परीक्षेत्र अधिकारी आशुतोष मांडवा, एनएमडीसी महाप्रबंधक उत्पादन एस बी सिंह, विभागाध्यक्ष उप महाप्रबंधक सिविल लखबीर सिंह एनएमडीसी उप महाप्रबंधक सिविल हेड श्रीनिवास रामनाथ, महाप्रबंधक एस पी थ्री भान सिंह यादव , इंटक सचिव ए के सिंह, एस के एम एस सचिव राजेश सिंधु उपस्थित हुए सभी अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात सभी मुख्य अतिथियों का बेच और गुलदस्ता के साथ स्वागत किया गया स्वागत कार्यक्रम के पश्चात कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के




अध्यक्ष अतुल सिंह द्वारा स्वागत भाषण दिया गया मंच का संचालन बैलाडीला कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव विप्लव मल्लिक ने शेरो शायरी के साथ मंच का संचालन कर सभी अतिथियों का मनोरंजन कर शमा बांधे रखा एनएमडीसी उप महाप्रबंधक सिविल विभागाध्यक्ष लखबीर सिंह के डोनामलाई स्थानांतरण , उप महाप्रबंधक सिविल एसआरके राव के हैदराबाद स्थानांतरण होने पर दोनो अधिकारी को एसोसिएशन द्वारा साल श्रीफल और मोमेंटो देकर विदाई दी गई उनके कार्यकाल में मिले अच्छे सहयोग के लिए एसोसिएशन ने उनका धन्यवाद दिया तत्पश्चात सभी अतिथियों द्वारा भाषण दिया गया अतिथियों के भाषण पश्चात अतिथियों को साल श्रीफल और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया सभी अतिथियों ने भोजन करते हुए भी कार्यक्रम का पूरा लुफ्त उठाया कार्यक्रम के बीच में जनरल नॉलेज की छोटी-छोटी सवाले पूछी जा रही थी जिन अतिथियों द्वारा जवाब दिया जा रहा था उन्हें एसोसिएशन की तरफ से उपहार प्रदान किया जा रहा था जिससे यहां कार्यक्रम और भी रोचक हो गया कार्यक्रम में आए सभी अतिथि सवाल के जवाब देने के लिए अपने हाथ ऊंचा करते दिखाई दिए सभी अतिथियों ने कार्यक्रम का खूब आनंद उठाया और कांट्रेक्टर एसोसिएशन के सफल कार्यक्रम की बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की बैलाडीला कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा प्रथम बार भव्य स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया था सभी अतिथियों ने इस कार्यक्रम की भरपूर सराहना की इस कार्यक्रम में कांट्रेक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष अतुल सिंह ,सचिव विप्लव मल्लिक, उपाध्यक्ष हरिशंकर मुखर्जी, शशि भूषण तिवारी, कोषाध्यक्ष बाबूराव ,सह सचिव अमन , विजय सोढी, ऑफिस सेक्रेटरी माधवराव ,अमृत सिंह सुरेंद्र नायक बबलू सिद्दीकी संजय सोनी राजेश्वर प्रसाद शरद मिश्रा लक्ष्मी देवी राजेंद्र सक्सेना निशू त्रिवेदी आशीष मिश्रा विपुलराय नवीन राय सुरेश मनीष गुरु नवीन राय आजाद सक्सेना आरसी प्रसाद मनोज सिंह पंकज सोनी दुर्जन सिंह ए एन तिवारी अमृत टंडन ,वारले,अनेक कांटेक्टर उपस्थित थे।

## भाजपा नेता नीलकंठ ककेम को नम आंखो से दी गई अंतिम विदाई



**बीजापुर 7 फरवरी।** सोमवार को भाजपा नेता नीलकंठ ककेम का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव पैंकरम में संपन्न हुआ। अंतिम संस्कार में भाजपा के कद्दावर नेता और उनके समर्थक भारी संख्या में मौजूद थे। गौरतलब है की रविवार को नक्सलियो ने भाजपा के उसूर मंडल अध्यक्ष नीलकंठ ककेम की धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। सोमवार को नीलकंठ ककेम के शव को उनके गृहग्राम में उनकी पुत्री अंजली द्वारा मुखाग्नि दी गई। उनके अंतिम यात्रा में पूर्व वनमंत्री महेश गागडा,वरिष्ट भाजपा नेता जी वेंक्ट, युवा कांग्रेस नेता और जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, विधायक प्रतिनिधि मनोज अवलम, भाजपा नेता बलदेव उरसा, जिलाराम राना, लव रायडु सहित अन्य नेता शामिल हुए। स्वर्गीय नीलकंठ ककेम के परिवार में पत्नी ललिता के अलावा चार छोटे बच्चे है। मुखाग्नि के दौरान उनकी पुत्री अंजली ,भतीजा अशोक ने मुखाग्नि दी जिनका सहयोग उनके बड़े भाई नारायण ककेम ने दिया। उनके गृह ग्राम पैकरम में अंतिम दर्शन के दौरान काफी संख्या में उनके समर्थक और परिजन शामिल हुए थे।

## अल्पसंख्यक समुदाय की समस्याएं हल करने छत्तीसगढ़ शासन तत्पर:लखमा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 7 फरवरी।** अल्पसंख्यक आयोग द्वारा समुदाय की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक विकास के लिए सम्मेलन का आयोजन सोमवार 5 फरवरी को किया गया। कुम्हरावंड स्थित शहीद गुण्डाधूर कृषि महाविद्यालय परिसर स्थित सभागार में आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री कवासी लखमा ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन अल्पसंख्यक समुदाय की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर है। मंत्री श्री लखमा ने अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े विवादों को तत्परतापूर्वक सुलझाने के लिए अल्पसंख्यक आयोग के भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही अल्पसंख्यक समुदाय तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के लिए यहां सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसके लिए आयोग के अध्यक्ष श्री महेन्द्र छाबड़ा स्वयं पिछले दो दिनों से बस्तर में डेरा डाले हुए हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन सभी वर्गों और समुदायों को साथ लेकर चलने में विश्वास करती है तथा अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने जगदलपुर में अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास संचालित करने की मांग मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के समक्ष करने की बात भी कही। इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष श्री महेन्द्र छाबड़ा ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय की समस्याओं और उनकी आकांक्षाओं को जानने के लिए यहां संवाद स्थापित करते हुए सार्थक चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों के हितों का संरक्षण आयोग का प्रमुख दायित्व है। इसके साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की धरातल पर निगरानी भी की जा रही है, जिससे इसका लाभ समुदाय के सदस्यों को मिले। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा सभी स्थानों में प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित करने के साथ ही उनके आवेदनों के निराकरण का कार्य भी कर रही है। उन्होंने मदरसों के अनुदान से संबंधित समस्या के समाधान के लिए पहल करने की बात भी कही।



## समाचार संक्षेप

### भोपाल पटनम क्षेत्र के गांवों में जनसंपर्क कर सीपीआई ने मनाया भूमकाल दिवस

**बीजापुर 7 फरवरी।** आज सीपीआई का दल भोपाल पटनम छेत्र में भूमकाल दिवस अभियान के तहत जनसंपर्क पर थी। वहीं पटनम छेत्र के रामपुरम, तीमेड देपला आदि गांवों में जनसंपर्क किया और 1910 के बस्तर में महान भूमकल और जननायक वीर शहीद गुंडाधूर के महा बलिदान के बारे में लोगों को बताया वहीं आदिवासी ग्रामीणों ने अपने पूर्वज के महा बलिदान और शौर्य के बारे में जानकर खूब गर्व महाशूस किया और मौजूदा वक्त में पूंजीवादी सरकारों और रसूकदारों से जल जंगल जमीन और खतरे में होना बताया। और आगे ग्रामीणों ने सीपीआई नेताओं से चर्चा में बताया की बीजेपी हो या कांग्रेस व्यवस्ता जस का तस है गांवों में कोई काम नही लोग आंध्र तेलंगाना, महाराष्ट्र रोजगार के लिए पलायन को मजबूर हैं।। जनप्रतिनिधि सिर्फ व्यक्तिगत स्वार्थ मात्र बस हैं। जनसरोकार से कोई वास्ता नही। वहीं सीपीआई नेताओं ने पूंजीवादी परस्त सरकारों को उखाड़ फेंकने की आम जनता से अपील की है। इस जनसंपर्क के दौरान, जिला कमेटी के सचिव कमलेश झाड़ी,पी लक्ष्मीनारायण, कोवाराम हेमला, राजू तेलाम, सुद्धु, जेम्स कुडियाम, राकेश गंधरला, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### मनरेगा श्रमिको को सब्जी नर्सरी एवं खेती प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया



**बीजापुर 7 फरवरी।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रवि कुमार साहू के निर्देशानुसार प्रोजेक्ट उन्नति के लिए महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 18-19 में 100 दिन पूर्ण किए श्रमिको प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत कुटरू में जनपद पंचायत भैरमगढ़ के 32 जाबकार्डधारी परिवार के श्रमिकों को आर-सेटी के माध्यम से सब्जी नर्सरी एवं खेती प्रबंधन विषय पर 1 से 10 फरवरी तक आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण हेतु मास्टर ट्रेनर्स कुष कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रशिक्षण में हितग्राहियों को प्रतिदिन हम जो सब्जी खाते हैं वे सब्जियाँ रासायनिक न होकर जैविक हो। जैविक सब्जियां हमारी बाड़ी में उत्पादन कैसे करें की जानकारी दी जा रही है। प्रत्येक पुरूष को प्रतिदिवस 300 ग्राम एवं महिलाओं को 275 ग्राम सब्जियां खाने की आवश्यकता होती है जो जानकारी नहीं होती साथ ही उसकी पुर्ति कैसे करें । गांव के किसान को जैविक खाद, जीवामृत, ब्रह्मास्त्र बनाने की विधि की जानकारी दी जा रही है। सहायक परियोजना अधिकारी श्री नारायण बंजारे ने बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को 100 दिनों के लिए रोजगार उपलब्ध कराना है तथा ग्रामीण परिवारों के लिए आजिविका का सृजन करना है । प्रोजेक्ट उन्नति परियोजना का मुख्य उद्देश्य बढ़ती हुई अर्थ - व्यवस्था में अकुशल श्रमिकों को प्रशिक्षण देकर कौशल उन्नयन करना है ताकि आय का स्थायी साधन प्राप्त हो सकें ।

### सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने माओवादियों के मनसूबों को किया नाकाम

**कांकेर 7 फरवरी।** सीमा सुरक्षा बल छत्तीसगढ़ की गुप्तचर शाखा द्वारा दी गई सटीक सुचना के आधार पर लगभग 1030 बजे, सीओबी आमाबेडा, 135 वी वाहिनी के जवानो ने विशेष ऑपरेशन के द्वारा मूचे खडका वाटर फॉल के 500 मीटर पश्चिम दिशा में माओवादियों द्वारा छिपाकर रखे गये ष्1 देशी पिस्टल, 01 देशी कट्टा और 30 जिंदा राउण्ड बरामद कर माओवादियों द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के मनसूबों को नाकाम कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। माओवादियों की स्मॉल एक्शन टीम द्वारा आम नागरिको को नुकसान पहुचानें के उद्देश्य से इस तरह के छोटे हथियारों का इस्तेमाल किया जाता है। सीमा सुरक्षा बल की गुप्तचर शाखा के सटीक खबर पर बहादुर जवानों ने पेशेवर तरीके से सतर्कतापूर्वक कार्यवाही करते हुए उपरोक्त हथियारों और कारतूसो को बरामद कर माओवादियों के नापाक इरादों को एक बार फिर नाकाम कर दिया । सीमा सुरक्षा बल की इस सफलता पर इन्दराज सिंह, महानिरीक्षक, सीमांत मुख्यालय (विशेष संक्रिया) सीमा सुरक्षा बल, छत्तीसगढ़ ने टीम के सभी कार्मिको को बधाई दिया और कहा कि सीमा सुरक्षा बल अपने तैनाती इलाके मे आम नागरिको की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य मे भी आम नागरिको की सुरक्षा के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं बहादुरीपूर्वक कार्यवाही करते रहेंगे।



# महायज्ञ के पहले गायत्री परिवार ने कलश यात्रा निकाली





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 7 फरवरी।** गायत्री परिवार द्वारा कल संध्या काल में गायत्री शक्तिपीठ बीजापुर से भ्रमण करते हुए 24 कुण्डीय नवचेतना गायत्री महायज्ञ के कार्यक्रम स्थल तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में नगर की सैकड़ों की संख्या में माताओं बहनों ने सम्मिलित होकर अपने सिर पर कलश धारण कर यज्ञीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नगर के हृदय स्थल में विराजित माता गायत्री शक्तिपीठ से निकली इस कलश यात्रा में रवि कुमार साहू जिला पंचायत सीईओ और अशोक कुमार पटेल वन मंडलाधिकारी अपने दंपत्ति सहित सम्मिलित हुए। क्षेत्रीय बाजा शहनाई और प्रज्ञा गीतों व युग संगीत नारों के साथ पीले वस्त्रों में कलश यात्रा के परिजनों की लगभग आधे किलोमीटर लंबी कतार देखने लायक थी। कलश यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था भी दुरुस्त थी जिससे आम जनता को कोई परेशानी न हो। ज्ञात हो कि यह 24 कुण्डीय नव चेतना गायत्री महायज्ञ 5 से 8 फरवरी तक चलेगा जिसका शुभारंभ कलश यात्रा से हुआ। सनातन संस्कृति में ऐसी मान्यता है कि कलश विश्व ब्रह्माण्ड का प्रतीक है जिसमें 33 करोड़ देवी देवता विराजमान होते हैं जिसे सिर पर धारण करना अत्यंत शुभ माना जाता है। गायत्री परिवार का यह महायज्ञ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में केंद्रीय टोली द्वारा गायत्री परिवार बीजापुर के संयोजन में आयोजित किया गया है।

केंद्रीय टोली में चिखलकुटी कोंडागांव दंडकारण्य प्रोजेक्ट के प्रभारी महाप्राण जी, योगेश पटेल टोली नायक, पुन्नुलाल सहायक, हरमोनियम वादक जैसिंग राजपूत, तबलावदक गणपत वैष्णव एवं सारथी शंकर नेताम के नेतृत्व में यह महायज्ञ बीजापुर में संपन्न हो रहा है। इस महायज्ञ में तीन दिवस तक प्रतिदिन 24 कुण्डीय यज्ञ होगी जिसमें पुंशवन, विद्यारंभ, नामकरण, विवाह सहित विभिन्न संस्कार निशुल्क संपन्न होंगे। कार्यक्रम स्थल पर यज्ञशाला परिसर देवात्मा हिमालय, मानसरोवर, महाकाल शिव, सजल श्रद्धा प्रखर प्रज्ञा, भारत माता के विभिन्न आकर्षक प्रदर्शनी बनाई गई है जो सबका दिल जीत रहा है। प्रतिदिन प्रसाद एवं माता भगवती भोजनालय में निशुल्क भोजन की व्यवस्था भी किया गया है। इस कार्यक्रम में बीजापुर सहित दंतेवाडा, सुकमा तथा बस्तर जिले के सैकड़ों परिजन समयदान कर रहे हैं।

## एक नजर



### पूज्य सिंधी पंचायत ने किया कबीर पंथी शोभा यात्रा का स्वागत

**खरसिया,7 फरवरी।** पंथ मुकुंदमणिनाम साहेब स्मृति महोत्सव एवं एकोतरी चौका आरती महायज्ञ, (अंतरराष्ट्रीय कबीरपंथी महासम्मेलन) आयोजन खरसिया की धर्म नगरी में समापन हुआ, जिसमे कबीर पंथी के द्वारा खरसिया में इस महासमेलन के लिए महीनों भर पहले धूमधाम से तैयारी की जा रही थी। साथ ही इस महासम्मेलन में देश विदेश से कबीर पंथ के लोगो ने आकर अपनी भागीदारी दी। इस महासम्मेलन में मुख्य अथिति के रूप मे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी भी शामिल हुए और कबीर पंथ के द्वारा 3 फरवरी को भव्य रूप से शोभा यात्रा निकाली गई थी, जिसमे जगह जगह नगर की विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं ने शोभा यात्रा का स्वागत किया। इसी क्रम में पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष श्रीचंद रावलानी के नेतृत्व में सिंधी समाज द्वारा पुरानी बस्ती चौक में शोभायात्रा का स्वागत किया गया। जिसमे वाटू मेघानी, गणेश फोटवानी, सोनू रावलानी, दिनेश अम्बवानी,आकाश मेघानी, योगेश अम्बवानी, शत्रुघन अम्बवानी, देवानंद धमवानी, मिथलेश नाथानी एवं सिंधु सभा के सभी युवाओ ने मिलकर शोभा यात्रा का स्वागत किया तथा चाय, बिस्कुट का वितरण किया।

### शिक्षा में आगे बढ़ें और नशा से दूर रहें : अग्नि चंद्राकर

**महासमुंद,7 फरवरी।** केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष अग्नि चंद्राकर ग्राम दलदली में आयोजित संत रविदास जयंती समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विशेषकर समाज के युवाओं से शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ने और नशा से दूर रहने का आह्वान किया।



चंद्राकर ने संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत की संत परंपरा में महान संत रविदास जी का प्रमुख स्थान है। संत रविदास और उनके समकालीन संतों ने समाज में व्याप्त अज्ञानता के अंधेरे को दूर करने और लोगों को ज्ञान के प्रकाश में लाने का सतत प्रयास किया। संतों की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं होता। मन चंगा तो कठौती में गंगा, इस बात को संत रविदास ने चरितार्थ कर दिखाया। संत रविदास की वाणी समाज को दिशा दिखाती है। उनके वाणी-वचनों को आत्मसात कर हम अपना जीवन सार्थक कर सकते हैं। श्री चंद्राकर ने कहा कि आज भी समाज में अनेक विषमताएं हैं, जिन्हें शिक्षित और स्वस्थ समाज ही दूर कर सकता है, इसलिए शिक्षा की ओर आगे बढ़ें और नशे से दूर रहें। नशा विनाश का कारण बनता है। उन्होंने कहा कि महान संत रविदास जी की जयंती के अवसर पर उनके सिद्धांतों पर चलने और नशा से दूर रहने की प्रतिज्ञा लें तथा अपना कर्तव्य निभाते हुए देश और समाज की प्रगति में अपना योगदान दें। इस मौके पर निगम अध्यक्ष के प्रतिनिधि नारायण नामदेव, कांग्रेस के युवा नेता दिव्येश चन्द्राकर, समाज प्रमुख रामकृष्ण मिरी, घनाराम मिरी, भारत लाल मिरी, घनश्याम मिरी, बलराम मिरी, मूलचन्द मरौतीय, चैतराम मिरी, विनोद युगर सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन मौजूद थे।

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का पुरस्कार तीन वर्गों में बांटा गया

**महासमुंद।** श्याम विद्या मंदिर/ उमावि में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता (प्रश्नोत्तरी मंच) एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि एसआर बंजारे सेवानिवृत्त पंजीयक जिला सहकारी मर्या. अध्यक्ष, सचिव तारा चंद्राकर, विशेष अतिथि हेमंत चंद्राकर, प्राचार्य एवं शाला परिवार की उपस्थिति में हुआ। प्रतियोगिता को तीन वर्गो में बांटा गया था। प्राथमिक वर्ग (कक्षा 1 से 5), उच्च प्राथमिक वर्ग (कक्षा 6 से 8) एवं हाई/हाय. सेके. (कक्षा 9 से 12) तक प्रतियोगिता के विषय अंतर्गत महासमुंद नगर जिला एवं छग राज्य से संबंधित प्रश्न एवं राष्ट्रीय स्तर पर समसामयिक घटना क्रम पर आधारित प्रश्न तैयार किए गए थे।

# महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समा बांधा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**महासमुंद,7 फरवरी।** तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव में आज दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समा बांधा लोकरंग अर्जुंदा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकरंग अर्जुंदा दुर्ग ने दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरी। उन्होंने गणेश वंदना के साथ अपने लोकरंग कार्यक्रम का आगाज किया। राजगीत पर उनके मंडली की प्रस्तुति देखते बनी लोगों के मुँह से वाह-वाह निकला। लोक कला के साथ -साथ देश भक्ति गीतों से आत्म विभोर कर दिया। कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर, अपर कलेक्टर दुर्गेश कुमार वर्मा, एसडीएम उमेश साहू सहित बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम को देखा।

दोपहर को ज़िला स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। पहले स्थान पर रसनी बालिका मानस मंडली बिरकोनी महासमुंद, दूसरे स्थान पर ज्ञान भक्ति मोगरापाली बागबाहरा और तीसरा स्थान माया के दुलार मानस मंडली भवरपुर बसना ने प्राप्त किया। अपर कलेक्टर दुर्गेश कुमार वर्मा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।इसके बाद स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा शानदार एवं रंगारंग प्रस्तुति दी गयी। सिरपुर महोत्सव के दूसरे दिन शाम से सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हुए जो देर रात्रि तक चले। पहले शाम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोंहदा विकासखंड सरायपाली द्वारा कर्मा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। यह नृत्य छत्तीसगढ़ की लोक-संस्कृति का पर्याय है। छत्तीसगढ़ के आदिवासी, गैर-आदिवासी सभी का यह लोक मांगलिक नृत्य है।

उसके बाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली विकासखंड बसना द्वारा डंडा नृत्य का प्रदर्शन हुआ।मालूम हों कि डंडा नृत्य छत्तीसगढ़ का लोक नृत्य है। इस नृत्य को सैला नृत्य' भी कहा जाता है। यह पुरुषों का सर्वाधिक कलात्मक और समूह वाला नृत्य है। डंडा नृत्य में ताल का विशेष महत्व होता है। डंडों की मार से ताल उत्पन्न होता है। यही कारण है कि इस नृत्य को मैदानी भाग में डंडा नृत्य' और पर्वती भाग में सैला नृत्य' कहा जाता है। सैला' शैल का बदला हुआ रूप है, जिसका अर्थ पर्वतीय प्रदेश' से किया जाता है। कक्षा 6वीं की छात्रा कुमारी आस्था पटनायक ने मोहक एकल ओडिसी नृत्य प्रस्तुत किया जिसे दर्शकों ने सराहा ।

सिरपुर महोत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा विकास पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गयी है। जहाँ विकास की झलक देखने मिल रही है। इसके अलावा अन्य संस्थानों द्वारा भी अपने उत्पादों की बिक्री या प्रदर्शन के लिए स्टॉल लगाये गए है। छत्तीसगढ़ खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने विगत 5 फरवरी को महोत्सव का शुभारंभ किया था। सिरपुर महोत्सव के अंतिम दिन 7 फरवरी को कार्यक्रम दोपहर 3-00 बजे से शुरू होकर रात्रि 10-00 बजे तक चलेंगे। दोप. 03.00 बजे से 03.30 तक बाल कृष्ण राउत नाचा पिरदा विकासखण्ड महासमुन्द द्वारा राउत नाचा, दोपहर 03.30 बजे से 04.00 तक जय गौरी गौरा सुआ दल छपोराडीह सुवा नृत्य, सायं 04.00 बजे से 04.50 तक कौशिल्याबाई निर्मलकर खुर्शीपार सुरता कला मंच, खुर्सीपार देवरी द्वारा भरथरी गीत की प्रस्तुति होगी। सायं 6.30 बजे से 06..40 तक पूरना राउत द्वारा ओडिसी नृत्य एकल नृत्य तथा सायं 6.40 बजे से रात्रि बजे 10.00 तक ईशिता विश्वकर्मा एवं टीम मुंबई द्वारा बॉलीवुड कलाकार की प्रस्तुति होगी।

# ममता चंद्राकर के चिन्हारी कार्यक्रम में दर्शक जमकर झूमे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,7 फरवरी।** राजिम माघी पुन्नी मेला के दूसरे दिन मुख्यमंच पर पद्मश्री ममता चंद्राकर के चिन्हारी कार्यक्रम में दर्शक जमकर झूमे। छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीतों में खूब तालियां बटोरी। दूसरे दिन मुख्यमंच पर कार्यक्रम की शुरूआत लोकमाया के संरक्षक महेश वर्मा व सहयोगी कलाकारों की प्रस्तुति रही। मंच पर अपने नृत्य और गीत का ऐसा छाप छोड़ा कि देखने वाले दर्शक देखते ही रह गए। उन्होंने एक से एक नए गीत की प्रस्तुति मंच पर दी, उनके कई गीतों में छत्तीसगढ़ी संस्कृति झलक रही थी। लोकमाया परिवार के कलाकारों द्वारा सबसे बेहतरीन प्रस्तुति बस्तरिहा नाच मोर ताल मा...... धूम मचा दिया। इस गीत को सुनकर दर्षक भी खूब तालिया बजाई इसके बाद कर्मा नृत्य, विवाह गीत, जैसे अनेक गीत की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। मंच पर कार्यक्रम की अगली कड़ी में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध चिन्हारी के पद्मश्री ममता चन्द्राकर का प्रस्तुति ही। अपने पुराने स्टाइल में विवाह के गीत ऐ मोर दाई सीता ला बिहावे राजा राम... की प्रस्तुति दी। अपने आवाज के जादू से दर्शको को अंत तक बांधे रखा। चिन्हारी परिवार के द्वारा तोर सुरता मा संगी गीत सुन दर्शक भी गुनगुनाने लगे। मुख्यमंच मंच पर ममता रूपी बादल छाया हुआ था जिसमें एक से बढ़कर एक गीतों की बौछारे के साथ लुप्त हो रही नाचा देवार गीत, मड़ई संस्कृति आदि को मंच के माध्यम से लोगो तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। उसके बाद उनका सबसे प्रसिध्द गीत तोर मन कैसे लागे राजा की प्रस्तुति ने तो दर्शको में एक नई ऊर्जा भर दी। प्रेम चन्द्राकर द्वारा निर्मित फिल्म के गीत को छत्तीसगढ़ी स्वर कोकिला ममता चन्द्राकर के द्वारा तोर मया के मारे.... जिंदगी के नई ए ठिकाना.... जैसे एक से बढ़कर एक छत्तीसगढ़ गीतों... ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इसी के साथ सुआ गीत, गौरी गौरा नृत्य की प्रस्तुति दी गई जिसे देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए।

### पत्रकारों को सरकारी भोजनालय में भोजन देने से किया मना

**राजिम, 7 फरवरी।** राजिम यूं तो राजिम मांघी पुन्नी मेला में जगह जगह सामाजिक बंधु भोजनालय खोलकर भूखे को भोजन, प्यासे को पानी पिलाते हुए पुण्य कमा रहे हैं लेकिन जिला प्रशासन के सरकारी भोजनालय में भोजन करने के लिए जाने पर साफ मना कर दे रहे हैं यहां तक की सरकारी कर्मचारी अधिकारी के अलावा पत्रकारों को भी बिना भोजन किए वापस लौटना पड़ रहा है। इस संबंध में भोजनालय संचालक का कहना है कि आप कलेक्टर के पास शिकायत कर लो, क्योंकि उनका ही आदेश है जो ड्यूटी में रहेंगे उन्हीं को भोजन मिलेगा। जानना जरूरी है कि प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत कर्मचारी अधिकारियों के अलावा पत्रकार तथा लोक कलाकारों के लिए प्रत्येक वर्ष भोजन की व्यवस्था की जाती है यहीं पर जाकर दिन भर घूम घूम कर ड्यूटी देने वाले पत्रकार समाचार निकालते हैं। वैसे भी इनके श्रम को नकारा नहीं जा सकता। सोमवार को रात्रि नगर के कुछ पत्रकार ग्राउंड जीरो पर न्यूज़ कवरेज करने के बाद जैसे ही भोजन करने के लिए भोजनालय पहुंचे उन्हें रोक दिया गया और कहा गया कि आप को भोजन नहीं मिलेगा। वहां मौजूद अधिकारियों को बिना भोजन करें वापस जाना पड़ा। इससे भोजनालय व्यवस्था पर रोष देखी जा रही है।

### 10 व 11 फरवरी को बावनकेरा में उर्स पाक का आयोजन

**महासमुंद,7 फरवरी।** प्रतिवर्षानुसार बावनकेरा स्थित हजरत मौलाना सैय्यद जाकीर शाह कादरी रहम तुल्लाह अलैह का उर्स पाक 10 एवं 11 फरवरी को होगा। हिन्दु मुस्लिम एकता का प्रतीक बावनकेरा का मजजार शरीफ वर्षों से आस्था का केन्द्र रहा है। यही वजह है कि प्रदेश सहित देश के कोने-कोने से लोगों का सैलाब उर्स के समय उमड़ पड़ता है। उर्स के पहले दिन 10 फरवरी को जुमा बादनमाज मगरीब आम लंगर व बाद नमाज इशा ओलमाए के राम की तकरीर होगी। दूसरे दिन अर्थात मुख्य समारोह में 11 फरवरी को बाद नमाज जोहर संदल व चादर शरीफ व परचम कुशाई होगा। इस मौके पर तराना मटका पार्टी (दुर्ग) अपना कलाम पेश करेंगे व बाद अशर चादर पोशी की जाएगी।

बाद नमाज मगरीब नियाज व आम लंगर बाद ईशा बच्चों का नातिया प्रोग्राम संपन्न होगा। इसी बीच अतिथियों का उदेबधन व स्वागतसंप्मान होगा।रत्रि 10 बजे से देश के मशहूर कव्वाल रईस अनिस साबरी दिल्ही का कव्वाली प्रारंभ होगा, जो सुबह तक चलेगा।

# पुलिस ने आनलाइन सट्टा चलाने वाले 9 लोगों को किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई,7 फरवरी।** दुर्ग पुलिस ने महादेव बुक के 9 गुर्गो को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। ये सभी लोग उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में लायन बुक-15 नाम से 5 पैनल संचालित कर रहे थे। पुलिस की छापामारी से पहले ही इनका मास्टर माइंड सोनू फरार हो गया है दुर्ग एसपी डॉ.अभिषेक पल्लव ने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली थी कि भिलाई के 9-10 लड़के उत्तर प्रदेश के नोएडा और दिल्ली में ऑनलाइन सट्टा चला रहे हैं। उन्होंने तुरंत एण्टी क्राईम एंड सायबर यूनिट व थाने की टीम को ग्रेटर नोएडा के लिए रवाना किया। वहां जाने पर पता चला कि एक फ्लैट में दुर्ग-भिलाई के कुछ लड़के रह रहे हैं। उनके द्वारा कुछ संदिग्ध गतिविधि को अंजाम दिया जा रहा है। पुलिस की टीम ने एलेस्टोनिया अपार्टमेन्ट, ग्रेटर नोएडा की 9वी मंजिल में दबिश दी। वहां 9 लड़के ऑन-लाईन सट्टा लॉयन-15 का संचालत करते हुए पकड़े गए। पूछताछ में पता चला कि इनके द्वारा 05 पैनल चलाए जा रहे हैं। पुलिस ने तुरंत सभी को गिरफ्तार किया। इन लोगों के पास से अलग-अलग बैंकों के बैंक खाते, 3 लैपटॉप, 15 नग मोबाईल और बहीखाता जब्त किया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पांच अलग-अलग राज्यों में चला रहा सट्टाग्रेटर नोयडा में पैनल का संचालक वैशाली नगर निवासी सोनू नाम का युवक चला रहा था। उसी ने इन 9 आरोपियों को नोएडा नौकरी के लिए भेजा था। सोनू के साथ वैशाली नगर निवासी अंकित कनौजिया भी इसमें बड़े रूप से सक्रिय था। अंकित नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कर्नाटक से इंजीनियरिंग कर रहा है। इसके साथ-साथ वो महादेव में पैनल चलाने का भी काम करता था सोनी के घर नोटिस चस्पा करेगी पुलिसदुर्ग एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव ने बताया कि ग्रेटर नोएडा सहित 5-6 अन्य राज्यों में सोनू काफी लंबे समय से ऑनलाइन सट्टा का पैनल चला रहा था। अंकित ने उसका घर देखा है। वैशाली नगर में उसकी गिफ्ट शॉप है। पुलिस उसके यहां जाएगी। उसके घर वालों को नोटिस देगी। यदि इसके बाद सोनू ने सरेंडर नहीं किया तो उसके नाम पर कुर्की वारंट जारी किया जाएगा।इन पैनल का किया जा रहा था संचालन-गिरफ्तार किए गए आरोपियों के द्वारा लॉयन-15 के 5 पैनल चलाए जा रहे थे। इसमें लॉयन-एक्स, 99एक्स, लेजर-247, बेटभाई-9 और स्काई एक्स के नाम शामिल हैं ये आरोपी किए गए गिरफ्तारलोकेश कलवानी पिता सुरेश कुमार (32 वर्ष) निवासी सुंदर बाजार भाटापाराअभिषेक सिंह पिता अखिलेश्वर सिंह (37 वर्ष) निवासी शांति नगर सड़क 5बी भिलाईविशाल कुशवाहा पिता रमापति कुशवाहा (24 वर्ष) निवासी गणेश नगर, एसीसी जामुल, भिलाई अंकुश वर्मा पिता दिलीप वर्मा (25 वर्ष) निवासी संग्राम चौक, कैम्प-1, छावनी भिलाईआकाश साहू पिता यशवंत साहू (24 वर्ष) निवासी हार्डवेयर लाइन, सुपेलाअंकित कनौजिया पिता प्रकाश कनौजिया (24 वर्ष) निवासी शॉप नंबर 8, वैशाली नगर भिलाईवैभव सिंह पिता वैदेही शरण ठाकुर (24 वर्ष) निवासी टिकरापारा बिलासपुरशुभम राव पिता ए जगन्नाथ राव (19 वर्ष) निवासी एचएससीएल कालोनी सेक्टर 6 भिलाईडी आशीष पिता डी पुट्टू राव (20 वर्ष) निवासी जोन-1, सड़क 15, खुर्सीपार, भिलाईउक्त कार्यवाही में क्राईम एण्ड सायबर यूनिट प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई एस.एन. सिंह सउनि शमित मिश्रा, आरक्षक प्रदीप सिंह ठाकुर, जगजीत सिंह, तिलेष्वर राठौर, विक्रान्त कुमार, धीरेन्द्र यादव, खुर्रम बक्ष, फारूक खान, चित्रसेन एवं थाना दुर्ग से उप निरीक्षक भुवनेश्वर यादव की सराहनीय भूमिका रही

# बिहान सम्मेलन में पहुंचे स्कूली शिक्षा मंत्री प्रेम साय

### ■ राजिम पुन्नी मेला की भव्यता की प्रशंसा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 7 फरवरी।** स्कूली शिक्षा मंत्री प्रेमसाय टेकाम मुख्य अतिथि के रूप में तथा अध्यक्षता नगरी विधायिका डाक्टर लक्ष्मी धुव्र पहुंचे राजिम पुन्नी मेला के बिहान सम्मेलन में शामिल हुए। 6 करोड 90 लाख के 228 कार्यो का भूमिपूजन और 2 करोड़ 39 लाख के 51 कार्यो का लोकर्पण किया।शासकीय स्टालों का किया निरीक्षण।बिहान महिला समूहों द्वारा बनाये गए विभिन्न उत्पादों का आवलोकन कर किया प्रसँशा।

मंत्री श्री प्रेमसाय सिंह टेकाम ने अपने उद्बोधन ने कहा कि मुख्यमंत्री चाहते है कि महिला दीदी उन्नती के पथ पर अग्रसर हो।गोठानों और रीपा के माध्यम से आजीविका संवारने के कार्य कर रहे हैं। यह प्रदेश धान का कटोरा है। किसान की आर्थिक विकास के लिए कर्ज माफी और समर्थन मूल्य में धान की रिकार्ड खरीदी की। सबका धान खरीदी किये हैं। यह अपने आप मे अद्भुत है। धान खरीदी में हम देश मे दूसरा स्थान मिला है। वन अधिकार पत्र के माध्यम से भी सशक्तिकरण करने का कार्य किये हैं। लघु वनोपज में कुल देश का 74 प्रतिशत लघुवनोपज हमारा राज्य कर रहे हैं। मिलेट्स की खरीदी कर रहे हैं। हमारी सरकार पहली बार कोदो कुटकी की खरीद रहे हैं।बच्चों के लिए अंग्रेजी स्कूल खोलने का कार्य किये हैं । इस अवसर पर नगरी विधायक का डॉक्टर लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि आज भूपेश बघेल की सरकार छत्तीसगढ़ के उन्नति और विकास के लिए सतत प्रयास कर रही है और आज पूरा छत्तीसगढ़ एकजुट नजर आ रहा है और यह राजिम मेले की भव्यता भी उन्हीं की देन है इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्मृति ठाकुर ने कहा कि गरियाबंद जिला के लिए सौभाग्य की बात है कि राजिम मेला के अवसर पर इतनी भव्यता के साथ हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री महत्वता दे रहे है स्वयं उद्घाटन में पहुंचे थे और यह गरियाबंद जिले के लिए गर्व की बात है।जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर,जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू, कलेक्टर प्रभात मलिक, जिला पंचायत सीईओ रीता यादव एवं अन्य मौजूद

## समाचार संक्षेप

### चार गांवों के ग्रामीणों ने रिपुबल के प्रयासों पर विश्वास जताया



**सुकमा,7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 165 बटालियन केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल की 03 कम्पनी के जगरगुन्डा जिला देतवाड़ा में तैनाती के बाद दुसरी बार दिनांक 01/02/2023 को सिविक एक्शन प्रोगाम का आयोजन किया गया। यह देखकर काफी प्रसन्नता हुई कि शुरूआती झिझक के बाद काफी संख्या में ग्रामीणों-बच्चों एवम युवाओं ने अपने सरपंच के साथ इस प्रोग्राम में भाग लिया और मदद के लिये 165 बटालियन केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल की उन तक पहुँचने के हमारे प्रयासों में अपना अपेक्षित विश्वास प्रदर्शित किया। इस दौरान 165 वी वाहिनी द्वारा खेलकुद के सामग्री का वितरण किया गया। उक्त प्रोग्राम के दौरान एक बच्चों को क्रेन्द में रखकर चिकित्सा शिविर का भी आयोजिन किया गया तथा जीवन रक्षक दवा विशेष रूप से मलेरिया रोधी दवाएं वितरित की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों के बीच ड्राई राशन भी वितरित किया गया और सभी बच्चों को चॉकलेट एवम बिस्कुट भी दिये गये। इस आयोजन के दौरान 165 बटालियन के श्री धर्मेन्द्र कुमार झा ( कमान्डेंट) संजय ठाकुर (सहा0कमां0) , श्री सावंत योगेष शिवजी (सहा0कमां0) श्री मारूति वी नायक (सहा0कमां0), एवम श्री प्रभात कुमार (चिकित्सा अधिकारी) उपस्थित रहे।इस शुभ अवसर पर, कमान्डेंट महोदय ने युवाओ को आगे आकर अपनी उर्जा से समाज एवम देश को नई दिशा दिखाने के लिये एवम विध्वंशकारी असमाजिक तत्वों पर नकेल कसने का भी आहवान किया। उन्होने कहा कि ये समाज के बच्चे हमारे देश का भविश्य हैं, यदि आज इन्हे समूचित शिक्षा और खेलकुद का अवसर दिया जाता है और उपयुक्त माहौल उपलब्ध करवाया जाता है, तो निश्चित रूप से ये सभी बच्चे ,आने वाले समय में देश के लिये प्रशिक्षित मानव संसाधन बनकर देश के विकास में अपना महती योगदान देंगें। बदलते समय के साथ ये बच्चे अपने जीवन शैली में आवश्यक बदलाव करें, तभी बदलती आधूनिक दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सकेगें। उन्होने उपस्थित छात्र/छात्राओं को पूर्ण इच्छा शक्ति के साथ अपने सार्थक उद्देश्य को पाने का प्रयास करने का अनुरोध किया तथा उनके प्रयासों मे उन्हें 165 बटालियन के तरफ से हर संभव सहयोग एवम उनके सुरक्षा के लिये हमसाये के तरह खड़े रहने का भरोसा दिलाया।

### पेंशन प्रशिक्षण सह पेंशन शिविर का आयोजन



**सुकमा,7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के अन्तर्गत लंबित पेंशन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण करने विशेष पेंशन शिविर एवं पेंशन प्रकरणों के निपटारे में विलम्ब के कारणों तथा उनका निराकरण पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। भारती कोर्राम कश्यप, उपसंचालक कोष, लेखा और पेंशन संभागीय कार्यालय जगदलपुर और जिला कोषालय अधिकारी प्रवीण भगत द्वारा पेंशन प्रकरणों के निराकरण के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी की गई। 7 पेंशन प्रकरणों का त्वरित निराकरण-प्रशिक्षण में पेंशन प्रकरणों के निपटारे में विलम्ब के कारणों तथा उनके निराकरण कैसे किया जाना चाहिए, के बारे में बताया गया। पेंशन प्रकरण तैयार करते समय भरे जाने वाले पेंशन के विभिन्न फार्म की विस्तार से आनकारी दी गई। प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारी और पेंशन शाखा प्रभारी लिपिक उपस्थित रहे। वहीं जिला कोषालय में आयोजित पेंशन शिविर में 7 पेंशन प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया गया।

### जिले को टीबी मुक्त करने आम नागरिक भी निभा रहे अपनी भूमिका

**सुकमा,7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में टीबी के संक्रमण को खत्म करने के लिए टीबी मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। जिला अस्पताल सुकमा में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत आज छिंदगढ़ के आम नागरिक संजय चांडक द्वारा निक्षय मित्र के रूप में अपना पंजीयन कराया गया। उन्होंने जिले के 11 टीबी मरीजों को 2 माह का पोषण आहार प्रदान कर जिले को टीबी मुक्त करने में अपनी महती भूमिका निभाया। साथ ही निक्षय मित्र संजय चांडक द्वारा पीड़ितों को 6 माह का इलाज पूरा होने तक पोषण सहायता दी जाएगी। जिला अस्पताल में कार्यपालन अभियंता अनिल राठौर द्वारा 5 और जिला क्रीड़ा अधिकारी विरुपाक्ष पौराणिक द्वारा 2 मरीजों को 2 माह का पोषण आहार प्रदान कर जिले को टीबी मुक्त करने में अपना योगदान दिया। साथ ही निक्षय मित्रों द्वारा पीड़ितों को 6 माह का इलाज पूरा होने तक पोषण सहायता दी जाएगी। साथ ही सुकमा जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को पोषण आहार में सहायता करने की अपील की गई है। इस दौरान जिला क्षय अधिकारी डॉ महादेव बारसे, जिला कार्यक्रम समन्वयक मुकेश रॉय, जिला टीबी/एचआईव्ही समन्वयक जयनारायण सिंह, जिला पीपीएम समन्वयक नवीन पाठक उपस्थित थे।



### देवी माता की डोली परघानी में शामिल हुए भाजपा पदाधिकारी



**सुकमा,7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री सुकमा के माटी पुत्र श्री किरण देव जी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री धनीराम बारसे जी, पूर्व जिला अध्यक्ष रामारामिन मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री मनोज देव जी, प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य श्री हूँगाराम मरकाम जी, जिला महामंत्री श्री विश्वराज सिंह चौहान जी, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती भुवनेशरी यादव जी, जिला कार्यालय प्रभारी श्री ऋषभ गुप्ता जी, जिला मीडिया प्रभारी श्री रमेश यादव जी, सुकमा मंडल अध्यक्ष श्री डमरू राम नाग जी, छिंदगढ़ मंडल अध्यक्ष श्री अमर पोयाम जी, अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री आयता राम मंडावी जी, नगरी निकाय प्रकोष्ठ जिला संजोजक श्री दीपक नेताम जी, भाजपा पदाधिकारी श्री सोभन गन्दामी जी, श्री मनीष सिंह जी, श्री सत्यनारायण मेनन जी श्री नरेश साहू जी, श्री राजू बारसे जी, तेंदूपत्ता अध्यक्ष श्री दुल्ला जी, मुरतोंडा सरपंच श्री मुक्का नाग जी, गोंगल सरपंच श्री आयता बुंगरी जी सहित सामिल हुए ।

### नई व पुरानी पेंशन योजना का लेने देना होगा विकल्प

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 01.11.2004 से 31.03.2022 में मध्य नियुक्त शासकीय सेवकों के लिए पुरानी पेंशन योजना का लेने अथवा एनपीएस में यथावत् बने रहने के विकल्प का प्रावधान किया गया है। जिला कोषालय अधिकारी डीपी वर्मा ने बताया कि उक्त प्रावधान के क्रियान्वयन के लिए शासकीय सेवकों द्वारा इस निर्देश के जारी होने के दिनांक से 24 फरवरी 2023 के भीतर निर्धारित प्रपत्र में विकल्प एवं सहमति पत्र प्राप्त कर प्रविष्टि शासकीय सेवक की सेवा पुस्तिका में की जाकर मूल सेवा पुस्तिका में चस्पा कर एक-एक सत्यापित प्रति कर्मचारी के व्यक्तिगत नस्ती एवं कार्यालय प्रमुख के अभिरक्षा में संधारित करने और कार्मिक संपदा पोर्टल में आहरण एवं संवितरण अधिकारी के लॉगिन में अपलोड किया जाना है।

एक नजर

## गौरी भृगु बनी महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष



**भाटापारा, 7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्य सभा सांसद फूलों देवी नेताम ने पुनः दूसरी बार गौरी भृगु को बलौदा बाजार भाटापारा की जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। दूसरी बार अध्यक्ष बनाये जाने पर गौरी भृगु ने उनका आभार व्यक्त किया है वहीं महिला कांग्रेस संगठन मे भी हर्ष का माहौल है।

## शिवमहापुराण कथा में शामिल हुए निगम मंडल सदस्य अग्रवाल



**भाटापारा, 7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण सेम्हराडीह, खोलवा (भाटापारा) एवं तरेंगा में चल रहे श्री महामाया शिव महापुराण में मुख्य अतिथि सतीश अग्रवाल, सदस्य (निगम मंडल छत्तीसगढ़ शासन ), ने पूजा अर्चना प्रार्थना कर क्षेत्रवासियों के लिए सुख शांति एवं मंगल कामना भगवान भोलेनाथ प्रार्थना कर आशीर्वाद लिया, इस कार्यक्रम में, भुवन सिंघ ठाकुर, अशोक दारा साहु, मोहन वर्मा, केदार मिश्रा, कन्हैया वर्मा, सेम्हराडीह, सुशील वर्मा, जेठू वर्मा, हरी सेन, सन्तु दस मानिकपुरी, दीपक निषाद( मन्द्र सरपंच) चमरू निषाद, मोतीलाल विश्वकर्मा, प्रेम वर्मा, गोवेर्धन वर्मा, भागवानी वर्मा, तिहारू वर्मा, दुकल्हा यादव, रामगोपाल वर्मा, योगेश वर्मा, नागेन्द्र रजक, बोधि राम पटेल, मुंशी वर्मा, कॉंटी बाई वर्मा ( सरपंच ) बिसौनी बाई वर्मा, लेख ध्रुव (उपसरपंच ), खेलावन लहरी, नीलकंठ वर्मा, रामकुमार ध्रुव, खोलवा मे, हेमिन ध्रुव, सुखीराम ध्रुव, हेमलाल साहू, नंदू साहू, मनोज अग्रवाल, प्रताप साहू, रायबहादुर ध्रुव, तरेगा में केतुमान साहू, आयोजन संरक्षक, एवं हरिहर शिक्षा समिति वह राजीव युवा मितान क्लब तरेंगा, एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### निधन

## प्रेम खिचरिया

**तिल्दा नेवरा, 7 फरवरी।** श्याम नगर में निवास कर रहे प्रेम खिचरिया प्रधान अध्यापक उम्र 60 वर्ष का रायपुर अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया है उनका अंतिम संस्कार गांव छतोद में किया गया। श्री खिचरोया के दो पुत्र एक पुत्री है अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है निधन पर सामाजिक राजनीतिक शिक्षा विभाग सहित अनेक लोगो ने दुख व्यक्त कर स्रदांजली अर्पित की है बीजेपी ने भी दुख व्यक्त किया है पूर्व एल्डरमेन प्रदेश कार्य समिति सदस्या पिछड़ा वर्ग भाजपा नंदनी खिचरिया के पति थे।



### स्वच्छ भारत मिशन के प्रति जागरूक नहीं हैं कुम्हड़ईखुर्द के सरपंच और सचिव

# दो साल बीतने के बाद भी शौचालय अधूरे






■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**देवभोग, 7 फरवरी।** .स्वच्छता की दिशा में शासन की महत्वपूर्ण योजना स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगाने में कुम्हड़ई खुर्द पंचायत के सरपंच सचिव कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है। वहीं स्वच्छता के प्रति सरपंच, सचिव और जनपद पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों का रवेय्या भी इतना सुस्त है कि आज दो साल बीत गए लेकिन स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वीकृत हुआ साढ़े तीन लाख का शौचालय अभी भी अधूरा पड़ा हुआ है। सरपंच, सचिव और स्वच्छ भारत मिशन का काम देखने वाले जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़ा होने लगा है कि शासन की स्वच्छता अभियान को पलीता लगाने वाले सरपंच सचिव पर जिम्मेदारों ने अब तक कार्रवाई क्यों नहीं किया। ग्रामीणों का कहना है कि छह महीने पहले शौचालय में तीन तरफ दीवार खड़ा कर दिया गया। बकायदा स्लेब भी डाला गया इतना ही नहीं बाहर दो दरवाज़े भी लगा दिए गए। लेकिन अंदर में सिर्फएक टंकी खोदकर काम को अधूरा छोड़ दिया गया। वहीं ग्रामीण भी सरपंच और सचिव की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करने लगे है।

**जारी राशि के अनुपात में मौके पर नहीं दिख रहा काम:** यहां बताना लाजमी होगा कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वीकृत शौचालय के लिए कुम्हड़ई खुर्द पंचायत को अब तक दो लाख दस हजार रूपये जारी हो चुका है। जबकि जारी किये गए राशि के अनुपात में अब तक काम नहीं हुआ है। पंचायत को अब सिर्फ चौदहवें वित्त से 90 हजार की राशि मिलनी है। जबकि शौचालय में अभी टाइल्स, सीट, रंग रोगन, पाइप लाइन काम के साथ टंकी लगाया जाना बाकी है। ऐसे में राशि जारी करने वालों पर भी सवाल खड़ा होना शुरू हो गया है कि बिना काम देखे कैसे राशि जारी किया जा रहा है।

मामले में स्वच्छता अभियान के ब्लॉक समन्वयक उत्तर यादव का कहना है कि कुम्हड़ई खुर्द के सरपंच सचिव को जिला पंचायत से भी नोटिस मिल चुका है, वहीं ब्लॉक से भी नोटिस जारी किया जा चुका है, इसके बाद भी वे काम करने में रूचि नहीं ले रहे है। उत्तर ने कहा कि सरपंच और सचिव काम के प्रति गंभीर नहीं है। उन्होंने इसकी जानकारी नवनियुक्त सीईओ को देने की बात कही है। सचिव अनंतराम बिसी ने कहा कि शौचालय के लिए टाइल्स और पानी टंकी ला चुके है। जल्द ही टाइल्स और पानी टंकी लगाकर शौचालय को पूरा कर दिया जायेगा।

# बेटे ने बाप के साथ मिलकर की मां की निर्मम हत्या

## पुराने विवाद को लेकर हुआ था झगड़ा, दोनों आरोपी भेजे गए जेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कसडोल, 7 फरवरी।** बलौदाबाजार जिला कसडोल नगर पंचायत में आज दिनांक 6 फरवरी 2023 को ग्राम नया गोरधा कस्तूरबा हॉस्टल के सामने मारपीट होने की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंचकर मारपीट की गई महिला को देखने एवं डॉक्टर से चेक करवाने पर महिला की मृत्यु होना पाए जाने पर प्रार्थीया कुमारी रिया कहरा पिता परसराम कहरा उम्र 21 साल साकिन नया गोरधा थाना कसडोल के रिपोर्ट पर देहाती मर्ग इंटीमेशन 0/ 2023 धारा 174 जाफौ एवं देहाती नालसी 0 / 2023 धारा 302 / 201 / 34 भारतीय दंड संहिता दर्ज कर घटना स्थल का निरीक्षण मुआयना बारीकी से करते हुए महिला पंचान के साथ पंचों की उपस्थिति में पंचनामा कार्यवाही करके घटनास्थल से भौतिक साक्ष्य संकलित करके जांच विवेचना कार्यवाही में साक्ष्य जप्त किया गया और आरोपी ( 01 ) योगेश कहरा पिता परसराम उम्र 24 वर्ष साकिन बिलाईगढ़ टिकरीपारा वार्ड क्रमांक 3 थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ ( 02 ) परसराम कहरा पिता सोनसाय कहरा उम्र 45 वर्ष साकिन टिकरीपारा वार्ड क्रमांक 03 बिलाईगढ़, थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ ( छत्तीसगढ़) के द्वारा एक राय होकर पुरानी घरेलू विवाद की बातों को लेकर एवं अपनी बात नहीं मानने की बात को लेकर अलग-अलग रहते थे जो आज मार कर शील पत्थर, शील लोढ़ा से योगेश कहरा के द्वारा सिर में चोट पहुंचा कर हत्या करने से हिरासत में लेकर मृतिका गुरुवारी बाई पत्नी परसराम कहरा उम्र 45 वर्ष साकिन कसडोल नया गोरधा कस्तूरबा हॉस्टल के सामने थाना कसडोल जिला बलौदाबाजार का पंचनामा पश्चात पीएम हेतु सीएचसी कसडोल रवाना करके दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर, गिरफ्तारी की सूचना उनके परिजन को देकर, दोनों आरोपी को ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

घटना की विवेचना, आरोपी को पकड़ने व अन्य कार्यवाही में निरीक्षक केसी दास थाना प्रभारी कसडोल एवं सहायक उपनिरीक्षक गोकुल पटेल एवं प्रधान आरक्षक 26 गिरीश टंडन, आरक्षक 307 देवचरण चेलक, आरक्षक 786 चमन मिथिलेश, आरक्षक 440 अनुराग कोसरिया, आरक्षक 662 सुजीत तंबोली, आरक्षण 383 सत्येंद्र कश्यप का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### कलेक्टर ने की राजस्व विभाग की कामकाज की समीक्षा

# समय सीमा के भीतर काम न करने पर जताई नाराजगी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 7 फरवरी।** कलेक्टर रजत बंसल ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के लिए आज राजस्व विभाग की कामकाज समीक्षा की है। उन्होनें बैठक में पूरे राजस्व अमला के कामकाज पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिले के सभी राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार, तहसीलदार, एसडीएम एवं शाखा प्रभारी डिप्टी तथा संयुक्त कलेक्टरों को एक साथ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। साथ ही दो राजस्व निरीक्षक टुण्डरा में पदस्थ इस्लाम खान एवं कसडोल में पदस्थ तोषराम पटेल की एक वेतन वृध्दि असंचयी प्रभाव से रोकने के आदेश दिए है। साथ ही सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को पटवारीयों के खिलाफ मिल रही शिकायतों पर 10 दिनों के भीतर कार्रवाई कर कामकाज में सुधार लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। उन्होंने दो टूक कहा की राजस्व का मामला आम आदमी से सीधा जुड़ा हुआ होता है। इन प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार का विलंब नही होना चाहिए। सभी प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के भीतर ही होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने नामांतरण, अविवादित बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, भू-अर्जन, भू-भाटक, सीमांकन जैसे प्रकरणों का विस्तृत समीक्षा किए। उन्होंने कहा की सभी रिकार्ड को अनिवार्य रूप से दुरस्त एवं सभी प्रकरणों को शत प्रतिशत ई कोर्ट में दर्ज करने के निर्देश दिए है। जनचैपाल में सीमाकंन एवं ऋष्ण पुस्तिका हेतु अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त हुए है। इसके लिए सभी तहसीलदारों को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व निरीक्षक का नियमित रूप से ड्यूटी लगाकर सीमांकन का कार्य समय सीमा के भीतर करे। साथ ही सप्ताह में एक दिन पटवारियों का नियमित बैठक कर कार्य की समीक्षा करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही सभी कार्यालयों में कामकाज सुबह 10.30 बजे ही शुरू एवं कार्यालय एवं परिसर का नियमित रूप से साफ सफाई करनें के निर्देश दिए है।

### विकासखंड कसडोल के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला आमाखोहा का मामला

# स्कूल भवन नहीं होने से शिक्षक और बच्चे हो रहे परेशान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कसडोल, 7 फरवरी।** बलौदा बाजार जिला कसडोल विकासखंड के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला आमाखोहा का भवन नहीं होने के कारण शिक्षकों सहित समस्त छात्र- छात्राओं को परेशानियों का सामनाओ करना पड़ रहा है! पूर्व माध्यमिक शाला का भवन नहीं होने के कारण यहां के छात्र -छात्राओं को प्राथमिक शाला भवन में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ती है। इसके चलते उन्हें पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला के बच्चों के साथ सामंजस्य बनाकर चलना पड़ रहा है।

**न खेलने के लिए मैदान है और न ही वाहन पार्किंग की जगह:** जिस भवन में कक्षा लग रही है वहां न तो बच्चों के खेलने के लिए मैदान है और ना ही वाहन पार्किंग का कोई स्थान। मिडिल स्कूल के भवन हेतु विकास खंड शिक्षा अधिकारी कसडोल एवं जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार को कई बार नये भवन निर्माण हेतु निवेदन किया/आवेदन दिया जा चुका है किंतु अब तक नये भवन बनाने की स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है।

**प्रशासन ने भवन को घोषित कर दिया है जर्जर :** ज्ञात हो कि विकासखंड कसडोल के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला आमाखोहा में स्कूल भवन नहीं है। मिडिल स्कूल के इस भवन को विगत 3 वर्षों से प्रशासन द्वारा जर्जर घोषित किया जा चुका है जिसके चलते स्कूल भवन में पढ़ाई का कार्य नहीं किया जाता है। विगत 3 वर्षों से पूर्व माध्यमिक शाला की कक्षाएं, प्राथमिक शाला भवन में संचालित हो रही है। भवन नहीं होने की इस मजबूरी को शिक्षकों ने समझौता कर दो पाली में स्कूल संचालित कर रहे हैं। सुबह 7:00 बजे से 11:00 बजे तक प्राथमिक शाला के बच्चों की क्लास लगती है उसके बाद 11:30 से पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों की क्लास लगती है। स्कूल के प्रधान पाठक ने बतलाया कि पूर्व माध्यमिक शाला में छात्र-छात्राओं की दर्ज संख्या 126 है जहां शिक्षकों की संख्या 6 है लेकिन पूर्व माध्यमिक शाला भवन जर्जर हो जाने के कारण से हमें मजबूरी में प्राथमिक शाला के भवन में शिक्षण कार्य संचालित करना पड़ रहा है । इसके चलते प्राथमिक शाला के छोटे-छोटे बच्चों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं छोटे से कमरे में 126 छात्र- छात्राओं को बैठने में भी दिक्क्त होती है क्योंकि कमरे छोटे हैं।

समाचार संक्षेप

## मोर का शिकार करने वाले सुखसिंग को वन विभाग की टीम ने पकड़ा



**बलौदाबाजार, 7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वन्यप्राणी के शिकार कर अवैध परिवहन करने वालों पर वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विगत दिनों राष्ट्रीय पक्षी मोर सहित अन्य पक्षियों के शिकारी सुखसिंग को विभाग के कर्मचारियों द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब है कि विगत दिनो गुरूवार 2 फरवरी को दोपहर को वन अमले को गश्ती के दौरान उपवनमंडल कसडोल अंतर्गत सोनाखान परिक्षेत्र के हटौद परिसर कक्ष क्रमांक 173 में वन्य प्राणी 1 नग मयुर, 2 नग कबूतर एवं 17 नग जंगली मुर्गी (कुल 20 नग) मृत अवस्था में गमछा में रखा हुआ मिला। वन अमला ने कुल 20 नग वन्यप्राणी मृत अवस्था में जप्ती होने की जानकारी विभाग के उच्चधिकारियों को दी। उक्त घटना की जानकारी मिलते ही पशु चिकित्सक मौके पर पहुंचे एवं मृत वन्यप्राणियों के पोस्टमार्टम पश्चात् दाह संस्कार कराया गया। उक्त घटना को अंजाम देने वाले व्यक्ति की लगातार पतासाजी की जा रही थी, जिसके तहत् आज ग्राम बहेराभाठा में जाकर ग्रामीणों से पूछताछ के दौरान सुखसिंग वल्द बनऊ राम ग्राम बहेराभाठा के द्वारा पक्षियों को धान के दाने में जहर देकर वन्यप्राणियों को मारने का जुर्म स्वीकार किया गया। अभियुक्त सुखसिंग वल्द बनऊ राम ग्राम बहेराभाठा के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के सुसंगत धाराओं के तहत् विधिवत न्यायालयीन कार्रवाई की जा रही।

## पी. सुरेश राव खेलो इंडिया जूडो स्पर्धा में छग के मैनेजर



**भाटापारा, 7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 5वी खेलो इंडिया कैडेट जुडो प्रतियोगिता भोपाल मध्यप्रदेश में 7 से 10 फरवरी को आयोजित है। इस प्रतियोगिता में बलौदा बाजार जिला जुडो संघ व छतीसगढ प्रदेश जुडो संघ से मैनेजर के रुप में पी सुरेश राव को खेलो इंडिया कैडेट जुडो प्रतियोगिता में शामिल हुए। इस अवसर में बधाई देते हुए मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स एकेडमी के संरक्षक शिवरातन शर्मा, बलौदा बाजार जिला जुडो संघ के संरक्षक अश्वनी शर्मा, छतीसगढ़ प्रदेश जुडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी, छत्तीसगढ़ प्रदेश जुडो संघ के सचिव संभू राम सोनी, छत्तीसगढ़ प्रदेश जुडो संघ के कोच पी किशोर, विजय नाग, किरन शर्मा, सेख शरीफ़ श्वेता नाग, बलौदा बाजार हापकिडो संघ के संरक्षक कैलाश बलानी, बलौदा बाजार हापकिडो के अध्यक्ष रंजीत दावानी, आर के फुटान, परमानन्द सचदेव, मुरली धर, बलौद बाज़ार बॉक्सिंग संघ के संरक्षक राकेश इदवानी, बलौदा बाजार बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष डॉ. विकास अड्डील, तरेंग जुडो क्लब के अध्यक्ष सतीश सोनी, जिला बास्केटबाल संघ के अध्यक्ष राजकुमार मल, मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स एकेडमी के संयोजक सतीष तलरेजा, मनीष मिश्रा, मनोज गुप्ता, जिला जूडो संघ के उपाध्यक्ष पितांबर साहू, जिला जूडो संघ के सचिव पी किरण, जिला जूडो संघ के सहसचिव अभय केसरवानी, जिला हैंडबॉल के सचिव आई श्रीधर राव, भारती जुडो संघ के ब्लैक बेल्ट राहुल शर्मा, यशवंत ध्रुव नेहा वर्मा, नेहा साहू व सीनियर खिलाड़ी युवराज साहू, कुमेश साहू ने बधाई दी।

## अडानी मामले में कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

**डोंगरगढ़, 7 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश काग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर व ग्रामीण द्वारा भारतीय स्टेट बैंक के शाखा के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने अडानी समूह द्वारा एसबीआई और एलआईसी में किए गए निवेशकों से उत्पन्न संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा की मोदी सरकार की नीतियों से पूरा देश खासकर मध्यम वर्ग विशेष रूप से चिंतित है। केंद्र की भाजपा सरकार चंद पूंजीपतियों को लाभ दिलाने का कार्य कर रही है। कांग्रेस पार्टी ने धरना प्रदर्शन के माध्यम से हिडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट की जांच सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश या संयुक्त संसदीय समिति जेपीसी से कराए जाने और साथ ही संसद में चर्चा करा कर एसबीआई और एलआईसी के निवेशकों के हितों को सुनिश्चित किए जाने की मांग किया। इस दौरान विधायक अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण अध्यक्ष भुनेश्वर बघेल अंत्यावसाई सहकारी वित्त विकास निगम अध्यक्ष धनेश पाटिला पीसीसी महामंत्री डॉ थानेश्वर पाटिला ब्लॉक अध्यक्ष द्वय संजीव गोमास्ता व सुरेश सिन्हा नपाध्यक्ष सुदेश मेश्राम संध्या देशपांडे नलिनी मेश्राम संजय श्रीवास्तव अनिल मेश्राम रिम्मी भाटिया हरीश भंडारी चुमन साहू जितेंद्र भाटिया किरण मेश्राम लता साहू सोहेल खान एडविन हैदर शिशुपाल भारती पार्षद दिपाली भंडारी राहुल यादव व बलदेव यादव फिरंगी पटेल दुलीचंद बडोले संजय फुले नरेश करसे रजत देशपांडे रुपेश वर्मा पुनेश साहू कमलनारायण जांगड़े नमेश्वर सोने सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।


**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव**

रा.प्र.क्र. 202302092300018
ब/121 वर्ष 2022-23

**//ईश्तहार//**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा का प्रसाद आ. स्व. रामदयाल जाति कंवर निवासी ग्राम कुसमी तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने पिता स्व. रामदयाल का मृत्यु दिनांक 30.12.2005 को ग्राम कुसमी में हुआ है। जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में मृत्यु दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने पिता स्व0 रामदयाल का मृत्यु दिनांक 30.12.2005 को दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईशतहार प्रकाशन दिनांक 20/02/2023 के पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, डोंगरगढ़

**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202301160100010
अ-20( 3 ) 2022-22

**//ईश्तहार//**

आम जनता को इस ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदक अध्यक्ष संकटमोचन हनुमान मंदिर दंतेवाड़ा द्वारा नगरीय क्षेत्र दंतेवाड़ा पहन 03 रानिमं व तहसील दंतेवाड़ा स्थित शासकीय नजूल भूमि खसरा नंबर 266/1 रकबा 0.7180 हे. में से रकबा 440 वर्गमीटर को आबंटित किये जाने संबंधी प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति के स्पष्ट कारणों को उल्लेख करते हुये स्वयं या अपने मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 27.02.2023 तक कार्यालयीन समय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

नियत तिथि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति/अभ्यावेदन इस न्यायालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 06.02.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल अधिकारी, दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, पश्चिम बस्तर संभाग, बीजापुर (छ.ग.)**

Phone No. 07853-220390, Fax-07853-22012 E-Mail:-eepwdbijapur129@gmail.com

**-: शुद्धि पत्र ::-**

इस कार्यालय के निविदा क्रमांक 08/व.ले.लि./दिनांक 25.01.2023 को जारी निविदा क्रमांक 01 से 07 में दिये गये निविदाओं में (जी.नं.98007/4) निम्नानुसार आंशिक संशोधन किया जाता है।

| क्र. | निविदा प्राप्ति की तिथि | वर्तमान में निविदा प्राप्ति की संशोधन तिथि | निविदा खोलने की तिथि | वर्तमान में निविदा खोलने की संशोधन तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 12.02.2023 | 13.02.2023 | 13.02.2023 | 14.02.2023 |

नोटः- अन्य जानकारी यथावत रहेगी।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. पश्चिम बस्तर संभाग
बीजापुर

जी-98241/4

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, दन्तेवाड़ा**

(फोन/फैक्स नं.-07856-252362, ई-मेल-eedan-phe-cg@nic.in)

**(जल जीवन मिशन)**

**ऑनलाईन निविदा निरस्तीकरण सूचना**

जी क्रमांक-97696

इस कार्यालय द्वारा नीचे दर्शित कॉलम अनुसार निम्नलिखित ऑनलाईन निविदा में कोई भी निविदाकार भाग नहीं लेने के कारण निरस्त किया जाता है। विवरण निम्नानसुर है।

| स. क्र. | निविदा सिस्टम क्रमांक |
|---|---|
| 1 | System no- 120554, 120555, 120556, 120558, 120614, 120621 120624, 120627, 120631, 120634, 120639, 120641, 120669, 120673, 120684, 120712, 120722, 120732, 120738, 120941 |

उक्त निविदा की शेष नियम व शर्तें यथावत रहेगी।

जी क्रमांक-97696

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
दंतेवाड़ा

जी-98265/6

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय परियोजना खण्ड, जगदलपुर**

नि.आ.क्र./28/व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.या.परि/2023 जगदलपुर, दिनांक 01/02/2023

**-::मैनुअल पद्धति निविदा सूचना::-**

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से धुरली समूह जल प्रदाय योजना रखरखाव के तहत वर्टिकल-टरबाइन मोटर (Induction motor) क्षमता- 60HP/45KW, 1470 RPM, 01 नग प्रदाय हेतु मुहरबंद निविदाएं प्रपत्र **'सी'** में निर्माता/डीलर्स से कार्यपालन अभियंता लो.स्वा.यां. परियोजना खण्ड जगदलपुर में दिनांक 16.02.2023 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की अनुमानित लागत क्रमशः रू. 7.80 लाख है, एवं धरोहर राशि रू. 5820.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य 750.00 है। निविदा आवेदन की अंतिम तिथि 13.02.2023 है।

**नोटः-** उपरोक्त निविदा कार्यों की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में दिनांक 13.02.2023 तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय परियोजना
खण्ड जगदलपुर (छ.ग.)

जी-98250/3

## एक नजर

### युवक से मोबाइल की लूट

**रायपुर, 7 फरवरी।** भारत माता स्कूल चर्च के पास अज्ञात आरोपी ने युवक के हाथ से मोबाइल लूटकर भाग निकला। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार टाटीबंध बस्ती निवासी प्रार्थी सत्यजीत झा 24 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह पैदल अपने घर जा रहा था तभी अज्ञात आरोपी ने प्रार्थी को धक्का देकर उसके हाथ में रखे मोबाइल फोन को लूटकर भाग निकला। लूटे गए मोबाइल की कीमत करीब 4 हजार रुपए के आसपास बताई जा रहही है। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 392 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### आपसी रंजिश के चलते युवक को पीटा

**रायपुर, 7 फरवरी।** बीएसयूपी कालोनी कचना में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार बीएसयूपी कालोनी कचना निवासी प्रार्थी बबलू जाल 26 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी बबलू जाल ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पुराने विवाद पर महिला से मारपीट

**रायपुर, 7 फरवरी ।** संतोषी नगर खमतराई में पूर्व विवाद को लेकर युवक ने महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार संतोषी नगर खमतराई निवासी प्रार्थिया फुलेश्वरी निषाद 27 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी अरविंद पाल ने पूर्व विवाद को लेकर प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**रायपुर, 7 फरवरी।** पुराना डीडीनगर थाना के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक दुर्गा प्रसाद बघेले 63 वर्ष डीडीनगर का रहने वाला था। बताया जाता है कि कल सुबह वह टहलने को निकला था, तभी अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दुर्गा प्रसाद को टक्कर मार दिया। जिससे दुर्गा प्रसाद की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### चार जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर, 7 फरवरी ।** सरस्वती नगर पुलिस ने महंत तालाब के पास जुआ खेलते चार युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 750 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि महंत तालाब के पास कोटा में कुछ लोग जुआ खेल रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी खेमा सोना 37 वर्ष सहित अन्य 3 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 750 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### दो पहिया वाहन में तीन सवारियों के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

**रायपुर, 7 फरवरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार सोमवार की रात आजाद चौक थाना क्षेत्र में नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चौक मयंक गुर्जर के नेतृत्व में थाना प्रभारियों सहित पुलिस बल द्वारा दो पहिया वाहन में तीन सवारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना आजाद चौक में 10, थाना सरस्वती नगर में 10, थाना कबीर नगर में 05 इस प्रकार कुल 25 व्यक्तियों पर मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही करते हुए कुल 7500 रुपये जुर्माना किया गया।

### नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस में फिर पत्थरबाजी, हिरासत में तीन संदेही

**रायपुर, 7 फरवरी।** वंदे भारत एक्सप्रेस में लगातार पत्थरबाजी की घटना से आरपीएफकी चिंता बढ़ गई है. नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस पर फिर पत्थरबाजी हुई है. पत्थर मारकर एक कोच का शीशा तोड़ दिया गया है. इस घटना के बाद आनन-फानन में रेलवे सुरक्षा बल ने घटना स्थल पहुंचकर जांच की. तीन संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घटना रविवार शाम 7:17 बजे की है. ट्रेन नागपुर से छूटकर बिलासपुर पहुंच रही थी. दाधापारा और गोखरा नाला के मध्य सी-9 कोच के सीट नंबर 20 के शीशे पर किसी शरारती तत्व ने ट्रेन पर पत्थरबाजी कर दी. इससे यात्री घबरा गए. पत्थरबाजी से शीशा टूट गया. इस पर ट्रेन को रोका गया. तैनात सुरक्षा बल के जवानों ने उतरकर देखा पर अंधेरे की वजह से कुछ भी नजर नहीं आया।

# एआईसीसी सदस्यों की सूची शीघ्र होगी जारी

## छत्तीसगढ़ से 23 सदस्य जाएंगे राष्ट्रीय कार्यसमिति में

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 7 फरवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा शीघ्र ही अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के लिए सदस्यों की सूची जारी कर दी जाएगी। विधायक व मंत्री के अलावा कई प्रभावशाली कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में लिया जाएगा।

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सभी संभावित सदस्यों की सूची तैयार कर ली गई है। ये सदस्य राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य के रूप में काम करेंगे। इन्हें अध्यक्ष पद के निर्वाचन हेतु मतदान करने का अधिकार होगा। इसके अलावा वे राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों एवं अधिवेशनों में भाग ले सकेंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की बैठकों में वे अपना महत्वपूर्ण सुझाव देंगे। बताया जाता है कि इस सूची में जातिगत समीकरण का ध्यान रखा गया है। भौगोलिक दृष्टिकोण से भी इसमें सभी लोगों को प्रतिनिधित्व दिया जा रहा है। यह सूची राष्ट्रीय अधिवेशन के पहले तैयार कर ली जाएगी।

### अधिवेशन को लेकर बैठकों का दौर

कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर बैठकों का दौर जारी है। राष्ट्रीय पदाधिकारी पवन बंसल एवं वेणुगोपाल के दौरे के पश्चात कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारियां जोरों पर चल रही है। कार्यालय मंत्री के अनुसार वर्तमान में सभी व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग कमेटी बना दी गई है। इस कमेटी में अलग-अलग पदाधिकारी रखे गए हैं जो कि अपना-अपना काम देखेंगे।

धरना...




रायपुर। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच के बैनर तले आज महिला कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर धरना दिया।

### आरक्षण को लेकर कानूनी जंग शुरू

**रायपुर, 7 फरवरी (मुख्य नगर संवाददाता)।** आरक्षण को लेकर कानूनी जंग जारी है। राजभवन के अनुसार राजभवन द्वारा हाईकोर्ट को उचित जवाब दे दिया गया है। राजभवन से मिली जानकारी के अनुसार राज्यपाल के विधिक सलाहकार ने हाईकोर्ट द्वारा आरक्षण को लेकर दी गई नोटिस का अध्ययन किया। इसके पश्चात इसका जवाब दे दिया गया है। ज्ञात रहे छत्तीसगढ़ में आरक्षण विधेयक विधानसभा द्वारा पारित कर दिया गया है। इसे राजभवन भेज दिया गया है। राज्यपाल के द्वारा हस्ताक्षर नहीं किए जाने तथा अन्य जानकारियां मंगाने के कारण इस समय मुख्यमंत्री राज्यपाल पर हमला कर रहे हैं जिसका जवाब राज्यपाल द्वारा भी दिया गया है। संवैधानिक जानकारों के अनुसार इस आरक्षण विधेयक को राज्यपाल चाहे तो राष्ट्रपति के पास भेज सकतीं हैं लेकिन अभी फिलहाल कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। वर्तमान आरक्षण विधेयक में समाज के विभिन्न लोगों को उचित अनुपात में आरक्षण नहीं मिला है इसलिए उनमें नाराजगी है। इस समय हाईकोर्ट में सरकार द्वारा अपना पक्ष रखा गया है।

# भारतीय वन सेवा के अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ के नरवा विकास कार्य को जाना

- भारतीय वन सेवा के अधिकारियों ने पम्पार नाला की संरचनाओं और वनोपज प्रसंस्करण की प्रक्रिया देखी

**रायपुर, 7 फरवरी ।** इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी देहरादून में मिड एण्ड कैरियर ट्रेनिंग ले रहे भारतीय वन सेवा के अधिकारी छत्तीसगढ़ पहुंचे और यहां नरवा विकास सहित वनोपज से महिला समूहों के जीवन में आ रहे बदलाव को जाना। प्रशिक्षण में भाग ले रहे 30-35 अधिकारियों ने नरवा के पाठशाला के तहत धमतरी वनमण्डल के दक्षिण सिंगपुर परिक्षेत्र में कैम्पा योजना के अंतर्गत पम्पार नाला में किए गए नरवा विकास कार्य को देखा। योजना के तहत ढाई किलोमीटर में पम्पार नाला में नरवा उपचार का काम किया गया है। इसके लिए 16 विभिन्न संरचनाओं का निर्माण कराया गया है। अधिकारियों ने दुगली परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुगली में स्वसहायता समूहों द्वारा लघु वनोपज से निर्मित विभिन्न उत्पादों के निर्माण एवं विक्रय की प्रक्रिया भी जानी। भ्रमण में मुख्य रूप से श्री व्ही. श्रीनिवास राव मुख्य कार्यपालन अधिकारी (कैम्पा), श्री अमित कुमार सहायक प्राध्यापक इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी देहरादून, श्री मयंक पाण्डेय (भा.व.से.) वनमण्डलाधिकारी धमतरी, श्री एस. एस. नाविक उप वनमण्डलाधिकारी बिरगुड़ी एवं अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मिशन-2023 के लिए भाजपा के विभिन्न मोर्चों की बैठक

- मतदान केंद्रों के अनुसार लिया गया फीडबैक

मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 7 फरवरी।** मिशन 2023 के लिए भाजपा ने अब अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। आज विभिन्न मोर्चों का एक कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में किया गया जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने शिरकत की।

भाजपा कार्यालय मंत्री के अनुसार आज राजय के अनुसूचित जाति, जनजाति तथा युवा मोर्चा, महिला मोर्चा के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में हुई। बैठक में आगामी चुनाव के लिए तैयारियों सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा हुई है। भाजपा के शीर्ष नेता अजय जामवाल, पवन साय एवं प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव बैठक में शामिल हुए।

भाजपा सूत्रों के अनुसार आगामी चुनाव को देखते हुए पार्टी द्वारा आंतरिक सर्वे शुरू करा दिया गया है। जिसके अनुसार अब संगठन से प्रत्येक विधानसभा के अनुसार भाजपा के योग्य प्रत्याशियों का नाम मंगाया है। विधानसभा अनुसार जातिगत गणना के आधार पर मतदाताओं की संख्या भी मंगाई गई है। वर्तमान में सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में यह काम अंतिम चरण में चल रहा है। भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा भी बस्तर प्रवास पर आने वाले हैं।

### आईबी के दौरे से अधिकारियों में हड़कंप

भारत के केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण एजेंसी आईबी द्वारा भी इस समय राजनीतिक सर्वे शुरू हो गया है। यह एजेंसी केंद्र सरकार को सीधे अपनी रिपोर्ट देती है। पिछले दिनों ईडी के छापे के पश्चात यहां पर अधिकारियों में भारी भय व्याप्त है। पिछले दिनों आईबी की टीम जब महासमुंद जिले के सरायपाली-बसना पहुंची तो यहां पर कलेक्टर और एसपी सहित अन्य अधिकारियों में हड़कंप मच गया। आईबी अधिकारियों ने कहा कि यह उनका सामान्य दौर है। इसके पश्चात अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

# चंगोराभाटा में 27 वां नि:शुल्क योगाभ्यास केन्द्र शुरू

**रायपुर, 7 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा नियमित योगाभ्यास कार्यक्रम के अंतर्गत राजधानी रायपुर के चंगोराभाटा में 27वां नि:शुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र शुरू किया है। इसका शुभारंभ छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने किया। प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 7.30 बजे तक नगर निगम के वार्ड क्रमांक 67 भक्त माता कर्मा वार्ड के पी. एस. सिटी गार्डन,चंगोराभाटा में योग प्रशिक्षक राजेन्द्र वर्मा के मार्गदर्शन में नियमित योग कक्षा का संचालन किया जाएगा। शुभारंभ अवसर पर श्रीमती प्रियंका बिसेन द्वारा जल नेती क्रिया का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रुप में वार्ड पार्षद उत्तम साहू, योग आयोग के सचिव श्री एम एल पाण्डेय सहित गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहे।



# मस्कुलर डिस्ट्राफी नामक लाईलाज बीमारी से ग्रसित बच्चे, अभिभावक ने कलेक्टर जनदर्शन के माध्यम से मुख्यमंत्री से की फरियाद

**रायपुर 7 फरवरी।** मस्कुलर डिस्ट्राफी पीड़ित परिवार छत्तीसगढ़ के बैनर तले आज दिनांक 06 फरवरी को कलेक्टर जनदर्शन के माध्यम से प्रदेश के मुखिया आदरणीय भूपेश बघेल जी मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन से इस मस्कुलर डिस्ट्राफी नामक लाईलाज बिमारी के लाईज के लिए गुहार लगाई गई। विदित हो कि आज 06 फरवरी को भारत के बिहार, उ. प्र., उड़ीसा, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात सहित 10 राज्यों में एक साथ मस्कुलर डिस्ट्राफी से पीड़ित बच्चों ने परिवार सहित शांति पूर्वक धरना प्रदर्शन एवं मार्च किया गया जिसका असर छत्तीसगढ़ में भी देखने को मिला।



प्रायः यह बिमारी ज्यादातर लड़को में पाया जाता है जो उम्र के 5वें -6वें वर्षो में दिखाई देने लगता हैं इस बिमारी में शरीर के सारे मसल्स धीरे धीरे कमजोर होकर काम करना बंद कर देता है, 9वें साल तक पहुंचते पहुंचते बच्चा व्हीलचेयर पर आ जाता है। अधिकतम 15-16 साल में ही बच्चे की मौत हो जाती हैं। इस बिमारी का ईलाज विदेशों में उपलब्ध होने की जानकारी मिलती है लेकिन अत्यधिक कीमतें होने के कारण सामान्य व्यक्ति के पहुंच से बाहर है। इस विषय में 06 जनवरी छेरछेरा त्यौहार के अवसर पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री टी एस सिंहदेव जी से भी मुलाकात किया गया था। कलेक्टर जनदर्शन में इस बिमारी के लिए एक जागरुकता अभियान चलाने का एवं पीड़ित बच्चों को आर्थिक सहायता तथा दवाई उपलब्धता सुनिश्चित होने तक रिहबिलीशन प्रोग्राम शुरु कराने का निवेदन भी किया गया ताकि आगे कोई परिवार इस बिमारी से अपना समय और धन व्यर्थ न करें, जल्द ही प्रदेश के मुख्यमंत्री से भी मुलाकात कर इस संबंध में अपनी बात रखने की तैयारी किया जा रहा है।

# रमन सिंह किस हैसियत से राजभवन की तरफ से बयान दे रहे: कांग्रेस

**रायपुर, 7 फरवरी।** बिलासपुर उच्च न्यायालय द्वारा आरक्षण मसले पर राज्यपाल को भेजे गए नोटिस के मामले में रमन सिंह द्वारा यह बयान दिया जाना कि ''नोटिस का जवाब दे दिया जायेगा'' बेहद ही आपत्तिजनक बयान है। रमन सिंह बताएं कि वह किस हैसियत से उच्च न्यायालय द्वारा राज्यपाल को भेजे गए नोटिस के संबंध में टिप्पणी कर रहे हैं? उच्च न्यायालय ने नोटिस राजभवन को भेजा है जवाब राजभवन की तरफ से आना चाहिए, भाजपा नेता क्यों और कैसे जवाब दे रहे यह इस बात का प्रमाण है कि आरक्षण मामले में राजभवन, भाजपा के सुर एक है। अदालत का फैसला आये बिना रमन सिंह का यह कहा जाना कि जब 58 प्रतिशत आरक्षण अदालत में नहीं टिका तो 76 प्रतिशत कैसे टिकेगा यह रमन सिंह की दुर्भावना को प्रदर्शित करता है। रमन सिंह नहीं चाहते कि 76 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक कानून बने इसीलिये वे इस पर बिना किसी आधार के टिप्पणी करके भ्रम का वातावरण बनाने में लगे है।



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के निजी राजनैतिक स्वार्थ के कारण आरक्षण संशोधन विधेयक राजभवन में रुका हुआ है। उसके बाद भारतीय जनता पार्टी आरक्षण को लेकर धरना दे रही है तो यह भारतीय जनता पार्टी की बेशर्मी है। भाजपा में जरा भी नैतिकता बची है तो राजभवन से आरक्षण विधेयक पर तत्काल हस्ताक्षर करने का आग्रह करे। सरकार ने विधानसभा से सर्वसम्मति से विधेयक पारित करवा कर सर्व समाज के हित में राजभवन भेजा है। इसको राजभवन में क्यों रोका गया है? ढाई महीने से अधिक हो गये है विधेयक को इसमे छत्तीसगढ़ के हर समाज का अहित हो रहा है।प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि भाजपा आरक्षण विधेयक पर अपना मत स्पष्ट करें वह आरक्षण संशोधन विधेयक के किस पहलू से असहमत और क्यों राजभवन में आरक्षण संशोधन विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं होने दे रही है? भाजपा को आदिवासी समाज को दिये गये 32 प्रतिशत आरक्षण पर आपत्ति है अथवा वह अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये किये गये 27 प्रतिशत आरक्षण से असहमत है? भाजपा को इस बात का विरोध है कि नये आरक्षण विधेयक में अनुसूचित जाति के लिये किये गये 13 प्रतिशत आरक्षण के लिये विरोध कर रही है? या गरीब सवर्णो के 4 प्रतिशत आरक्षण के विरोध में भाजपा है। भाजपा की नीयत आरक्षण पर शुरु से संदिग्ध है।

# छत्तीसगढ़ के छतरी वाले गुरुजी का नई दिल्ली में सम्मान

- सिक्किम के राज्यपाल ने शिक्षक रूद्रप्रताप सिंह राणा को लाइव्स रियल हीरोज ऑफ इंडिया अवार्ड से नवाजा

**रायपुर, 7 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले की शासकीय प्राथमिक शाला सकड़ा के सहायक शिक्षक रूद्रप्रताप सिंह राणा को शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट प्रदर्शन के लिए 4 फरवरी को नई दिल्ली में 'आस एक प्रयास' ट्रस्ट द्वारा लाइव्स रियल हीरोज ऑफइंडिया अवार्ड 2023 से नवाजा गया। सिक्किम के राज्यपाल गंगा प्रसाद और आचार्य प्रद्युम्न (योग गुरु बाबा रामदेव के गुरु) ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। इस संस्था द्वारा हर वर्ष देशभर से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मानवता एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित एवं विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया जाता है। नीली छतरी वाले गुरुजी के नाम से विख्यात रूद्रप्रताप सिंह राणा ने कोरोना काल में बच्चों को सुरक्षित रखते हुए पढ़ाई से जोड़े रखा। उनकी कहानी सभी को प्रेरणा देती है कि जीवन को कैसे महान बनाया जा सकता है। कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण के दौरान बच्चों को सुरक्षित रखते हुए सीखने-सिखाने की प्रक्रिया से जोड़े रखने का विचार ही काफी है। तब उन्होंने सोचा कि बच्चे स्कूल नहीं जा सकते तो क्यों न स्कूल को ही बच्चों तक ले जाया जा सके।

तब उन्होंने अपनी मोटर साइकिल पर घंटी, ग्रीन बोर्ड, छोटा सा पुस्तकालय और नीली छतरी सजाकर गांव के एक मोहल्ले में बच्चों को बिना एक दूसरे से संपर्क बनाए पढ़ाना शुरू किया। तब से इनका नाम नीली छतरी वाले गुरुजी भी पड़ा। कोरोना काल में बच्चों को सीखने-सिखाने की प्रक्रिया से जोड़े रखने की यह सुरक्षित तरीका प्रधानमंत्री को भी भाया। उन्होंने मन की बात कार्यक्रम में इसका जिक्र भी किया। शिक्षक राणा ने अपने मित्रों के साथ मिलकर पहुंच विहीन और नेटवर्क रहित क्षेत्रों के लिए सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ में मोहल्ला क्लास का कॉन्सेप्ट दिया, जो आगे चलकर देशभर काफी चर्चित और लोकप्रिय हुए। उन्होंने सुदूर वनांचल ग्राम सकड़ा के प्राथमिक शाला का शासन एवं समाज के सहयोग से कायाकल्प कर उसे एक आदर्श स्कूल के रूप से स्थापित किया। शिक्षक राणा अनुभव आधारित शिक्षण पर जोर देते हैं और सीखने की प्रक्रिया को रोचक बनाने का प्रयास करते हैं, उनके विद्यालय पर कई डॉक्यूमेंट्री भी बनी है। जिसका प्रदर्शन एससीईआरटी और एनसीईआरटी में भी किया गया है। विगत वर्षो में इनके विद्यालय के कई बच्चों का चयन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में हुआ है।

### सरेआम शराब पीते 15 गिरफ्तार

**रायपुर, 7 फरवरी।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाते हुए सरेआम शराब पीते 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने शराब दुकान के पास भाठागांव में शराब पीते आरोपी प्रसांत भट्ट 26 वर्ष व अभय चंद्राकर 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गंज पुलिस ने प्रवीण कुमार 30 वर्ष व कृष्णा जाल 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं डीडीनगर पुलिस ने आरोपी जितेन्द्र कुमार बरेठ 35 वर्ष, शिवम गिरी गोश्वामी 27 वर्ष, तोरण देवांगन 26 वर्ष व दुर्गेश कुमार साहू 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मौदहापारा पुलिस ने आरोपी नरेंद्र साहू 30 वर्ष व विधानसभा पुलिस ने आरोपी लीलाधर पाण्डे 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23